13 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 173

कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने थामा झामुमो का दामन



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### मशहूर कथक नृत्यांगना कुमुदनी लखिया का निधन

अहमदाबाद। कथक नृत्यांगना और कदंब नृत्य केंद्र की संस्थापक कुमुदिनी लाखिया का शनिवार को अहमदाबाद में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना अपनी बेटी और प्रख्यात नृत्यांगना मैत्रेयी हट्टंगड़ी के साथ रह रही थीं। लखिया को कथक के प्रति आजीवन समर्पण के सम्मान में इसी साल गणतंत्र दिवस पर पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## नेशनल हेराल्ड केस में इडी का बड़ा एक्शन

# 661 करोड़ की कुर्क संपत्तियों पर कब्जे के लिए नोटिस जारी

- एजेंसी ने तीन स्थान दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में नोटिस चिपकाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शनिवार को 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों पर कब्जे को लेकर नोटिस जारी किया है। जिसे उसने कांग्रेस नियंत्रित 'एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड' (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था। यह मामला नेशनल हेराल्ड केस के नाम से मशहूर है, जिसमें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आरोपी बनाया गया है।

जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने शुक्रवार को तीन स्थानों पर नोटिस चिपकाये हैं। ये हैं दिल्ली में आइटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ रोड स्थित एजेएल बिल्डिंग।



### 2023 में कुर्क की गयी थी संपत्ति

नोटिस में दिल्ली और लखनऊ परिसर खाली करने की मांग की गयी है। मुंबई की इमारत के लिए कंपनी के पास इडी को किराया हस्तांतरित करने का विकल्प है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 8 और नियम 5(1) के तहत की गयी है, जिसमें इडी द्वारा कुर्क की गयी और न्यायाधिकरण (पीएमएलए) द्वारा पुष्टि की गयी संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया है। इन अचल संपत्तियों को इडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था।

**एजेएल और यंग इंडियन के खिलाफ मामला:** इडी का मनी लांड्रिंग का मामला एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट (एजेएल) और उसकी होल्डिंग कंपनी यंग इंडियन के खिलाफ है। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन एजेएल करती है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। बताते चलें कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के बहुसंख्यक शेयरधारक हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। इडी ने आरोप लगाया है कि यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपये के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपये के फर्जी अग्रिम किराये और 29 करोड़ रुपये के फर्जी विज्ञापनों के रूप में अपराध की आगे की आय अर्जित करने के लिए किया गया। यह मामला मूल रूप से भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर किया गया था, जिसमें सोनिया और राहुल गांधी दोनों पर 'आपराधिक गबन' का आरोप लगाया गया था। यह मामला तब दर्ज किया गया, जब यंग इंडियन ने 2010 में एजेएल की 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की सभी संपत्तियां खरीद लीं।

# हेमंत ने झामुमो महाधिवेशन की तैयारी का लिया जायजा

## झारखंड, बिहार, बंगाल, असम और ओड़िशा से 3000 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे

- रांची में 14 और 15 अप्रैल को हो रहा पार्टी का 13वां महाधिवेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के 13वें महाधिवेशन का आयोजन राजधानी के खेलगांव में किया जायेगा। मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन खुद तैयारी की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को आयोजन की तैयारी को देखने के लिए खेलगांव पहुंचे। उन्होंने आयोजन स्थल का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**दूसरे राज्यों से भी आयेंगे प्रतिनिधिः** प्राप्त जानकारी के अनुसार 14-15 अप्रैल को होनेवाले दो दिवसीय महाधिवेशन में झारखंड सहित बिहार, बंगाल, असम और ओड़िशा से 3000 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इन राज्यों में झामुमो के संगठनकर्ता महाधिवेशन का हिस्सा बनेंगे। पार्टी महाधिवेशन की तैयारी में जुटी है। पंचायत से जिला स्तर तक कमेटियों का गठन हो रहा है। चार से छह जिलों को छोड़ कर पार्टी ने अन्य जिलों में संगठन की नयी संरचना खड़ी की है। अधिवेशन में राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किये जायेंगे।



### पुलिस-प्रशासन भी तैयारी में जुटा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को खेलगांव में तैयारी का जायजा लेने पहुंचे। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी समेत रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री समेत अन्य आलाधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों के खाने-पीने ठहरने समेत अन्य बातों की जानकारी ली। उन्होंने टाना भगत स्टेडियम में कार्यक्रम की व्यवस्था को देखा। हेमंत ने अधिवेशन में हिस्सा लेने आनेवाले प्रतिनिधियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# वक्फ कानून का विरोध मुर्शिदाबाद में तीन की हत्या

- भीड़ ने पिता-पुत्र को पीट-पीट कर मारा
- अब तक 118 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गयी। हिंसक भीड़ ने पीट-पीट कर पिता-पुत्र की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास और चंदन दास के रूप में हुई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल है। हिंसा जिले के समसेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई। इसके अलावा बीते दिन की हिंसा में घायल एक व्यक्ति की शनिवार को अस्पताल में मौत हो गयी। मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक कुल तीन लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। गोली पुलिस की ओर से नहीं चली है, बीएसएफ की ओर से हो सकती है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जायेगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़कायें। बताते चलें कि मुर्शिदाबाद समेत चार जिलों में 11 अप्रैल को भी हिंसा हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी थी और पुलिस पर पथराव किया था। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में पुलिस पर क्रूड बम भी फेंके गये थे। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।



### मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बल तैनात किये जायें: हाइकोर्ट

कोलकाता (आजाद सिपाही)। कलकत्ता हाइकोर्ट की स्पेशल बेंच ने मुर्शिदाबाद के अशांत क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की थी। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की विशेष पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई की। केंद्रीय बलों को राज्यों के साथ समन्वय में काम करना चाहिए। कलकत्ता हाइकोर्ट की एक स्पेशल बेंच ने शनिवार को स्पष्ट किया कि यदि ऐसे आरोप सामने आते हैं तो अदालत क्या कार्रवाई करेगी? अदालत ने यह भी कहा कि स्थिति को समझने के बाद अन्य जिलों में भी सुरक्षा बल भेजे जा सकते हैं। जस्टिस सेन ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाये रखना राज्य की जिम्मेदारी है। लोगों की सुरक्षा की जानी चाहिए। अब स्थिति क्या है? अदालत ने रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि क्या केंद्रीय बलों से मदद लेने में कोई समस्या है। हालांकि राज्य का दावा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। अभी केंद्रीय बलों की कोई आवश्यकता नहीं है।

# तहव्वुर 26/11 के मास्टरमाइंड साजिद के संपर्क में था

- पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव
- एनआइए की पूछताछ में 'दुबई मैन' का नाम लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने शनिवार को दूसरे दिन भी पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक राणा ने पूछताछ में बताया कि वह ग्लोबल टेररिस्ट साजिद मीर से लगातार संपर्क में था, जो 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके अलावा पूछताछ में राणा ने 'दुबई मैन' का नाम लिया है, जिसे हमले की पूरी योजना की जानकारी थी। एजेंसी को शक है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान और दुबई के बीच नेटवर्क संभालता था और हमलों की फाइनेंसिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट में अहम भूमिका निभा रहा था। ये भी पता चला है कि राणा का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी अइएआइ से भी करीबी संपर्क था और उसे पाकिस्तानी सेना की वर्दी से खास लगाव था। इससे पहले एनआइए ने पूछताछ के पहले दिन (शुक्रवार को) तीन घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह कोऑपरेट नहीं कर रहा है। एजेंसी की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटायी जा सके। बताते चलें कि 64 साल के राणा को 10 अप्रैल को विशेष विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआइए की हिरासत में भेजा है। राणा को एनआइए मुख्यालय में हाई-सिक्योरिटी ग्राउंड फ्लोर की सेल में रखा गया है। वह सुसाइड वॉच पर है और उस पर 24 घंटे सुरक्षाकर्मी और सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है।



## चाइबासा में पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़

# आइइडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, एक जख्मी

- घायल जवान को एयरलिफ्ट कर भेजा गया था रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा/रांची।** चाइबासा में यानी शनिवार को जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। यह मुठभेड़ छोटा घाघरा और जराइकेला थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाके के जंगली और पहाड़ी इलाके में हुई। इस एनकाउंटर में दो जवान जख्मी हो गये, जिन्हें एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। जख्मी जवानों में सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान शामिल थे। रांची में इलाज के दरम्यान कांस्टेबल सुनील धान वीरगति को प्राप्त हो गये। वे खूंटी के रहने वाले हैं। वहीं, विष्णु सैनी की हालत स्थिर बतायी गयी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षाबल के जवान जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान जंगल की भीतर से नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों को भी गोलियां दागनी पड़ी। नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट कर दिया, जिसमें दो जवान जख्मी हो गये थे। एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे की हालत स्थिर है।





# राष्ट्रपति को तीन महीने में विधेयकों पर फैसला करना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार टिप्पणी में दी सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार अपनी एक टिप्पणी में सलाह दी है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गये लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिये गये अपने फैसले में यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के पास लंबित 10 विधेयकों को पारित करने का आदेश दिया। ये विधेयक राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने के चलते लंबित किये हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को यह फैसला दिया था और फैसले की कॉपी बीती रात सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई है।



**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी :** अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव देते हुए राष्ट्रपति के पास विधेयकों को लंबित रखने की समय-सीमा भी तय करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 8 अप्रैल को दिये अपने फैसले में कहा कि 'हम गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा को अपनाये जाने को उचित समझते हैं और ये सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है।' पीठ ने कहा कि इस समय-सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाये जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिये गये सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए।

### दूसरे राउंड में विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध

पीठ ने अपने फैसले में राज्यपाल द्वारा विधेयक को दूसरे राउंड में भी राष्ट्रपति के पास विचारार्थ भेजने को अवैध बताया। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को शक्ति देता है कि वे उनके पास मंजूरी के लिए आने वाले विधेयक को लेकर असहमति जता सकते हैं या फिर इसे राष्ट्रपति के विचार करने के लिए भेज सकते हैं। पीठ ने फैसले में कहा कि 'अनुच्छेद 200 में विधेयक को मंजूरी देने की कोई समय-सीमा तय नहीं है, लेकिन इसका मतलब ये भी नहीं है कि राज्यपाल विधेयक को लंबे समय तक रोके रखें और राज्य की कानून बनाने वाली व्यवस्था में अवरोधक बन जायें।'




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस में अकेली पड़ गयी हैं प्रियंका गांधी वाड्रा!

## ■ पार्टी के गुजरात अधिवेशन से रहीं दूर, समर्थकों ने साधी चुप्पी

## ■ वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नहीं थीं मौजूद

कांग्रेस का गुजरात अधिवेशन समाप्त हो गया है। पार्टी ने गुजरात के अलावा बिहार में भी खुद को नये सिरे से खड़ा करने की योजना तैयार की है और राहुल गांधी इसकी कमान संभाल रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, क्योंकि पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी इन दिनों पार्टी गतिविधियों से पूरी तरह अलग हैं। उन्होंने न तो लोकसभा के बजट सत्र के अंतिम चरण में भाग लिया और न ही पार्टी के दूसरे कार्यक्रमों में नजर आयीं। वक्फ संशोधन विधेयक पर लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी अनुपस्थित रहीं और उनकी कमी को पार्टी सांसदों ने शिद्दत से महसूस भी किया। इसके बाद पार्टी के अधिवेशन में भी वह शामिल नहीं हुईं और न ही उनकी तरफ से कोई बयान ही आया। प्रियंका गांधी की इस अनुपस्थिति या यूं कहें निष्क्रियता को लेकर कांग्रेस के भीतर फुसफुसाहट शुरू हो गयी है। आधिकारिक रूप से कहा जा रहा है कि प्रियंका गांधी का कोई रिश्तेदार बीमार है और वह उसकी तीमारदारी में लगी हैं, लेकिन पार्टी के भीतर चर्चा यह है कि पार्टी में राहुल गांधी की अत्यधिक सक्रियता से प्रियंका गांधी नाराज हैं। कांग्रेस के भीतर चर्चा यह भी है कि पार्टी में हाल में हुए संगठनात्मक फेरबदल से पहले प्रियंका गांधी से मशविरा नहीं किया गया और यही उनकी नाराजगी का कारण है। सच्चाई जो भी हो, लेकिन इतना तो साफ है कि प्रियंका गांधी इन दिनों सियासी रूप से पूरी तरह निष्क्रिय हैं। क्या है प्रियंका गांधी की निष्क्रियता के कारण और क्या है कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

पूरे तामझाम और चर्चा के साथ राजनीति के मैदान में उतरीं प्रियंका गांधी वाड्रा इन दिनों सियासी परिदृश्य से गायब हैं। संसद के बजट सत्र के अंतिम चरण में भी वह नहीं दिखीं। पार्टी ह्विप के बावजूद वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान प्रियंका सदन में मौजूद नहीं थीं। वायनाड, जहां से वह सांसद हैं, में हाल में हुए दो कार्यक्रमों में भी वह शामिल नहीं हुईं। पार्टी की दूसरी गतिविधियों में भी प्रियंका इन दिनों शामिल नहीं हो रही हैं। ऐसे में यह चर्चा होने लगी है कि कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में प्रियंका अकेली पड़ गयी हैं।

यह बात सभी को पता है कि कांग्रेस में सोनिया, प्रियंका, राहुल सभी का अपना अपना ग्रुप है। ये बात कांग्रेस के हाल में संपन्न अधिवेशन में खुल कर सामने आ गयी। प्रियंका अधिवेशन से गायब रहीं, जिसकी बड़ी वजह राहुल गांधी को बताया जा रहा है। इस अधिवेशन में पार्टी ने गुजरात और बिहार में खुद को नये सिरे से खड़ा करने का संकल्प तो लिया, लेकिन अधिवेशन के दौरान जो नजर आया, उसे देखकर तो साफ लग रहा है कि बिहार में भी कांग्रेस को कोई खास हाथ नहीं लगने वाला है।

### क्यों गायब रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के अधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस कार्यसमिति यानी सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत 158 सदस्यों ने हिस्सा लिया। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गैरहाजिर रहीं। सीडब्ल्यूसी की बैठक में प्रियंका गांधी की गैरमौजूदगी पर कई सवाल उठे। बाद में इस मुद्दे पर जब पार्टी नेता जयराम रमेश से सवाल पूछा गया तो उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी जरूर, लेकिन कुछ ऐसा जवाब नहीं दिया, जिससे सवालों का जवाब मिल जाये। जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में 35 सदस्य अनुपस्थित थे और किसी एक शख्स को अलग से चिह्नित करके सवाल उठाना ठीक नहीं। इसी सवाल का जवाब देते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि प्रियंका गांधी ने पार्टी से पहले ही अनुरोध किया था कि उन्हें विदेश में पूर्व व्यस्तताओं में शामिल होने के लिए एआइसीसी सत्र और संसद सत्र को छोड़ने की अनुमति दी जाये और पार्टी ने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया।

### प्रियंका को बड़ी जिम्मेदारी कब मिलेगी

लेकिन यह बयान चर्चाओं को कहां रोक सकता था। प्रियंका का अधिवेशन में शामिल न होना कई सवाल खड़े करता है। अधिवेशन से ठीक पहले कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने कहा था कि पार्टी इस वक्त इस बात पर ध्यान दे रही है कि प्रियंका गांधी वाड्रा को कैसे और बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है, खासकर जब कुछ बड़े राज्य में चुनाव होने हैं। पार्टी के कुछ अंदरूनी सूत्रों ने भी ये संकेत दिया कि उन्हें कोई अहम राज्य का प्रभारी या कोई बड़ी चुनावी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। फिलहाल प्रियंका गांधी कांग्रेस की महासचिव हैं, लेकिन उनके पास कोई खास विभाग या जिम्मेदारी नहीं है। इसी वजह से कई राज्यों की इकाइयों और पार्टी के सीनियर नेताओं ने ये सुझाव भी दिया था कि उनके राजनीतिक अनुभव और जनता से जुड़ने की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। लेकिन प्रियंका तो सीडब्ल्यूसी की बैठक में ही नहीं पहुंचीं।



### सियासी समझ और काबिलियत की वजह से किया जा रहा किनारा

कांग्रेस अधिवेशन में प्रियंका की गैरमौजूदगी के बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। प्रियंका गांधी जब वायनाड से जीत कर संसद पहुंची थीं, तब से ही उन्हें बड़ा सीमित रखा गया है। कई बार अंदरखाने से इसकी चर्चा भी हुई कि वह राहुल गांधी की राजनीति के लिए खतरा हो सकती हैं। अक्सर सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा होती रही है कि प्रियंका में राहुल से ज्यादा सियासी समझ और काबिलियत है। शायद यही वजह है कि उन्हें हर बार पीछे धकेल दिया जाता है, जिसका खामियाजा अब तक पार्टी भुगत रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा अब तक चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं रही हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं में उनकी एक खास जगह जरूर है। लोकसभा में प्रियंका का मौजूद होना कांग्रेस के लिए कई मायनों में खास भी रहा। अब तक प्रियंका संगठन को मजबूत करने की कोशिशों में लगी रहीं। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दक्षिण भारत में उन्होंने संगठन के स्तर पर काफी काम भी किया। प्रियंका गांधी के संसद में पहुंचने से उनके व्यक्तिगत, राजनीतिक ब्रांड को थोड़ी मजबूती जरूर मिली है। लेकिन पार्टी में उनके कद को राहुल के मुकाबले हमेशा कमतर आंका गया। इस बात को शायद प्रियंका भी अच्छे से समझती हैं। शायद यही वजह रही हो कि उन्होंने एआइसीसी की बैठक से दूरी बना ली।

### कब बनेगा चुनाव प्रबंधन विभाग

प्रियंका गांधी अभी कार्यसमिति में हैं। खड़गे से उनकी दो बार बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष ने उन्हें कहा कि पार्टी के अंदर चुनाव प्रबंधन विभाग बनने जा रहा है और उसकी जिम्मेदारी वह संभालें। प्रियंका गांधी ने सोचने का समय मांगा और फिर जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया। अगर चुनाव प्रबंधन विभाग प्रियंका गांधी को मिल जाता, तो यह केसी वेणुगोपाल के समानांतर होता और उनकी ताकत कम हो जाती। इस विभाग का काम बूथ कमेटी से लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच संगठन खड़ा करना है। उदयपुर में 2022 में हुए अधिवेशन में कांग्रेस को इसकी कमी महसूस हुई थी। तीन साल बीत गये, लेकिन अभी तक यह बस विचारों में है।

### फेरबदल से भी नाराज हैं प्रियंका

चर्चा है कि कांग्रेस ने हाल में कुछ ऐसे फैसले लिये हैं, जिन पर प्रियंका गांधी से मशविरा नहीं किया गया। खास कर संगठनात्मक बदलाव को लेकर प्रियंका गांधी असहज हैं। उन्होंने बिहार में प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी बदलने के फैसले के प्रति नाराजगी दिखायी है। प्रियंका गांधी की यह नाराजगी कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित होगी, इसमें कोई संदेह नहीं।

---

# पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद अलर्ट मोड पर पाकुड़ पुलिस

## चप्पे-चप्पे पर रखी जा रही है नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पश्चिम बंगाल में लगातार हो रहे विरोध-प्रदर्शन एवं हिंसा को लेकर पाकुड़ जिला प्रशासन हाइअलर्ट पर है। पश्चिम बंगाल से पाकुड़ की सीमा पर न केवल चौकसी बढ़ा दी गयी है बल्कि पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की तैनाती भी की गयी है।

### पाकुड़ की सीमा क्षेत्रों में बढ़ी पुलिस गश्ती

शुक्रवार की देर रात तक डीसी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पश्चिम बंगाल से सटे पाकुड़ के सीमावर्ती इलाकों का भ्रमण किये। पश्चिम बंगाल के बीरभूम और मुर्शिदाबाद से सटे पाकुड़ की सीमा क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बढ़ा दी गयी है। साथ ही आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर भी रखी जा रही है। मुर्शिदाबाद एवं बीरभूम जिला से सटे पाकुड़ का बॉर्डर इलाका चांदपुर, गोपीनाथपुर, गगनपहाड़ी, मनिकापाड़ा के अलावा महेशपुर एवं पाकुड़िया प्रखंड में भी पुलिस प्रशासन एवं सिविल प्रशासन के अधिकारी तैनात हैं। इन इलाकों में गश्ती के साथ लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बंगाल में जोरदार प्रदर्शन

बता दें कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में सड़क जामकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। सड़क जाम हटाने पहुंची पुलिस पर भीड़ में शामिल प्रदर्शनकरियों ने पथराव एवं मारपीट की। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज भी किया। इतना ही नहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुर्शिदाबाद जिला के समशेरगंज थाना क्षेत्र में कई मकानों एवं दुकानों को टारगेट बनाया। आवागमन कर रहे लोगों के साथ मारपीट और आगजनी भी की। बीती देर शाम कुछ प्रदर्शनकारियों की शक्ल में कुछ लोग सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के इलाकों में कुछ दुकानों में भी तोड़फोड़ की। इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पाकुड़ जिले के सीमाई इलाकों में पुलिस अधिकारी व जवानों को तैनात किया गया है।

---

# खूंटी में युवती की गोली मारकर हत्या

## दुष्कर्म की आशंका, शव को जलाने का प्रयास



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा थाना के लोधमा ओपी क्षेत्र के मुरहू रेलवे फाटक के पास पारटांड नामक स्थान पर प्लास्टिक की बनी झोपड़ी में एक अज्ञात युवती की माथे पर गोली मारकर और गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गयी। दिल दहला देने वाली इस घटना के संबंध में स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं कि हत्या के पहले संभवतः दुष्कर्म किया गया होगा और पहचान छिपाने के लिए अपराधियों ने शव को जलाने का प्रयास भी किया। घटना की सूचना मिलने पर शनिवार सुबह कर्रा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। युवती के माथे से गोली आरपार हो गयी है। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों ने शव की स्थिति को देखते हुए यह भी संभावना जतायी है कि युवती के साथ हत्या से पहले दुष्कर्म किया गया होगा। फिलहाल पुलिस ने वैज्ञानिक तरीकों और तकनीकी माध्यम से केस का खुलास करने में जुटी है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सुनसान स्थान पर दिया गया घटना को अंजाम

घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है। यह इलाका काफी सुनसान और जंगल से सटा है, जहां शव मिला है वह निमाय महतो के खलियान पर प्लास्टिक से बनी झोपड़ी है। इस स्थान से आधा किलोमीटर के दायरे में कोई घर नहीं है। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुटी, लेकिन किसी ने भी युवती की पहचान नहीं की। इससे यह अंदेशा भी जताया जा रहा है कि मृतका स्थानीय नहीं, बल्कि बाहर की हो सकती है और हत्यारे इलाके से परिचित रहे हों। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया है और युवती की शिनाख्त की कोशिशें जारी हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा है कि मामला प्रेम-प्रसंग से भी जुड़ा हो सकता है।

---

# एनएचआरसी ने की होली पर हुई हिंसक झड़प की जांच

## दोनों समुदाय के लोगों से की पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** होली के दिन जिले के घोड़थंभा में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़क हुई थी। यहां कई दुकानों को जला दिया गया था। कई वाहनों में आग लगा दी गयी थी। इस घटना को कंट्रोल करने में पुलिस को बहुत ही मशक्कत करनी पड़ी थी। अब इस मामले की जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम कर रही है। आयोग की टीम दो दिनों से गिरिडीह में है। इस दौरान पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जहां जिलाधिकारी और एसपी से घटना की विस्तृत जानकारी ली गयी। वहीं, घटनास्थल पर पहुंच कर सभी पक्ष को सुना गया है।

घोडथंभा पहुंचे आयोग के सहायक रजिस्टार गौतम कुमार और इंस्पेक्टर यति प्रकाश द्वारा पूरे स्थल का दौरा किया। जिनकी दुकानों को फूंका गया था, उनसे भी जानकारी ली गयी। साथ ही साथ जिनके घरों पर पथराव हुआ था, उनसे भी घटना का विस्तृत विवरण लिया। हालांकि पूछताछ के दौरान आयोग की टीम ने मीडिया से बात नहीं की। सिर्फ इतना ही कहा कि वे जांच के लिए आये हैं।



### क्या हुआ था 14 मार्च की शाम

यहां बता दें कि 14 मार्च की शाम को होली का जुलूस निकला था। इस दौरान घोडथंभा के मस्जिद वाले रास्ते से गुजरने से जुलूस को रोका गया तो विवाद शुरू हो गया था। इस बीच जुलूस पर पथराव हो गया। पेट्रोल बम चलाने की बात कही गयी। घटना काफी हिंसक हुई और दुकानों को फूंक दिया गया। कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया था।

### भाजपा ने की थी जांच की मांग

बता दें कि इस घटना के बाद भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास समेत कई नेता यहां पहुंचे थे और सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। दूसरी तरफ झामुमो की तरफ से राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद भी यहां आये थे और मामले की जानकारी ली थी।

इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, खोरीमहुआ के अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन और खोरी महुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। अनुमंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम आयी है। पिछले 14 मार्च को हुए दो पक्ष के बीच झड़प की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.2 °c | 19.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.31 बजे |



# कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने थामा झामुमो का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने शनिवार को झामुमो (जेएमएम) का दामन थाम लिया। हरमू, रांची स्थित झामुमो के कार्यालय में पार्टी महासचिव विनोद पांडेय ने उनका स्वागत करते औपचारिक तौर पर सदस्यता ग्रहण करायी। कहा कि एक मजबूत झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व विधायक दिवंगत कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत का दल में स्वागत है। नीरू शांति भगत ने भी सार्वजनिक जीवन काफी उतार- चढ़ाव देखा है। अब वे झारखंड में सबसे बड़े झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार की सदस्य हैं। हम सभी को साथ मिलकर राज्य को आगे ले जाना है।

नीरू ने पार्टी के टॉप लीडर और सीएम हेमंत सोरेन की सराहना करते कहा कि वे राज्य की बेहतरी के लिए अच्छा प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि नीरू आजसू पार्टी के टिकट पर 2024 में विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। इस चुनाव में उन्हें कांग्रेस के रामेश्वर उरांव ने पराजित कर दिया था। वे पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी हैं। इधर वे लंबे समय से झामुमो के प्रमुख नेताओं के संपर्क में दिख रही थीं। 14 जनवरी 2025 को उन्होंने आजसू पार्टी से इस्तीफा भी दे दिया था। इसके बाद से माना भी जा रहा था कि वे आजसू पार्टी छोड़कर झामुमो में जाने वाली हैं।

# राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार शनिवार को देवघर पहुंचे। इसके पश्चात राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया।

इससे पूर्व तीर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात राज्यपाल द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी।

इसके अलावा पूजा अर्चना के बाद मौके पर उपस्थित देवघर डीसी विशाल सागर ने संतोष गंगवार को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न और बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद प्रदान किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि



कुमार एवं संबंधित अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य भी उपस्थित थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।
- **वृष** — कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।
- **मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।
- **कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।
- **सिंह** — राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।
- **कन्या** — प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।
- **तुला** — सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।
- **धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **मीन** — लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है ।

# एंबुलेंस सेवा ठप, शिक्षा व्यवस्था भाड़े पर : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह चरमरा चुकी है।

मरांडी के अनुसार, बोकारो और गिरिडीह में समय पर वेतन न मिलने के कारण एंबुलेंस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं, जिससे दोनों ज़िलों की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। मरीज निजी एंबुलेंस चालकों को मनमानी फीस देने या निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचने को मजबूर हैं।

विभागीय मंत्री ने पुराने एमओयू को रद्द कर एंबुलेंस संचालन की ज़िम्मेदारी अपने करीबी सम्मान फाउंडेशन को सौंप दी है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मामले का संज्ञान लेकर तत्काल एंबुलेंस कर्मियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित कर लापरवाह एजेंसी पर सख्त कारवाई करें, ताकि मरीजों को असुविधा का सामना न करना पड़े।



### विद्यालयों में किराये के शिक्षक से काम चल रहा

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार ने झारखंड की पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही 'भाड़े' पर लगा दिया है। स्थायी शिक्षकों के हजारों रिक्त पद खत्म कर अब विद्यालयों में किराये के शिक्षक से काम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को गर्त में धकेलने और छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक करने का पाप कर रही है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपियों ने हेमंत सोरेन और झामुमो-कांग्रेस विधायकों के रायपुर दौरे का पूरा प्रबंध किया था।

**छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट को झारखंड में कारोबार का जिम्मा सौंपा :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट को झारखंड में कारोबार का जिम्मा सौंपा, जिसका नतीजा 450 करोड़ रुपये के घोटाले के रूप में सामने आ चुका है। हेमंत ने सत्ता का दुरुपयोग कर अपने भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन अब सीबीआइ जल्द ही झारखंड के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों का चेहरा बेनकाब करेगी।

# जनता का काम नहीं करनेवाले अधिकारियों पर की जायेगी कार्रवाई : शिल्पी नेहा तिर्की


## मंत्री ने अधिकारियों के साथ की मैराथन समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

- झारखंड में पलायन वाले पंचायत और गांव पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का विशेष जोर
- अब प्रखंड मुख्यालय की बजाय पंचायत और गांव में लगेगा कृषि मेला

**रांची।** कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग ने रोजगार के लिए पलायन करने वाले गांव को योजनाओं की सौगात देने की योजना बनायी है। इसके तहत पलायन का दंश झेल रहे पंचायत और गांव में कृषि मेला का आयोजन होगा। अब प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि मेला लगाने से विभाग परहेज करेगा। इतना ही नहीं पशु हेल्थ कैंप का आयोजन भी अब जिला मुख्यालय के बजाय प्रखंड और पंचायत में लगाने की तैयारी है। रांची के हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया है। विभागीय अधिकारियों के साथ चली मैराथन बैठक में वित्तीय वर्ष 2025- 26 का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि नये वित्तीय वर्ष में विभाग की योजनाएं समय सीमा के अंदर धरातल पर आकार लेती हुई नजर आयेंगी। समीक्षा बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने



आम लोगों का काम नहीं करनेवाले अधिकारियों के खिलाफ करवाई होगी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में कुल 83 योजनाओं को लिया है। इसमें राज्य प्रायोजित 58 और केंद्र प्रायोजित 25 योजनाएं शामिल हैं। बीज वितरण से लेकर पशु वितरण सहित दूसरी योजनाओं में अनुसूचित जाति-जनजाति समाज और पलायन करने वाले गांव को प्राथमिकता में रखने का निर्णय लिया गया है। राज्य के हर एक जिले से ऐसे 30 गांव को चिह्नित करने का टास्क दिया गया है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना की सफलता के लिए विभागीय अधिकारियों को कलस्टर बना कर काम करने को कहा गया है।

### जिलों की रिपोर्ट को विभाग ने लिया गंभीरता से

मंत्री ने कहा कि राज्य में बन कर तैयार 20 कोल्ड स्टोरेज का संचालन अगले छह माह में शुरू करने की समय सीमा निर्धारित की गयी है। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि कोल्ड स्टोरेज के संचालन में आ रही तमाम तरह की अड़चनों का समाधान अधिकारी जल्द से जल्द करें। राज्य के कई जिलों में तालाब जीर्णोद्धार में पिछड़ने वाले जिलों की रिपोर्ट को विभाग ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों से इस बाबत जवाब तलब भी किया जायेगा। समीक्षा बैठक के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को लेकर भी विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लिया गया। समीक्षा बैठक में विशेष सचिव गोपालजी तिवारी और सभी निदेशालय के निदेशक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा को सम्मान अभियान चलाने का अधिकार नहीं : राजद

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश राजद ने कहा है कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के अंबेडकर सम्मान अभियान चलाने की बात महज ढकोसलाबाजी है। राजद के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा ने कभी दलित समाज का सम्मान नहीं किया, क्योंकि गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया था। यादव ने कहा कि भाजपा अपना जनाधार तेजी से खो रही है। बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा और वक्फ बोर्ड में संशोधन कर कानून बनाने के खिलाफ लोगों ने विरोध किया था। उल्लेखनीय है कि इस टिपणी के बाद विपक्षी दल और सामाजिक संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर देश में विरोध-प्रदर्शन किया था और भारत बंद बुलाया था।

# आजसू पार्टी सभी जिलों में मनायेगी अंबेडकर जयंती

## बाबा साहब के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन करेगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने शनिवार को बताया कि डॉ अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के पक्षधर थे। उनका जीवन हम सभी के लिए अब भी प्रेरणा देता है कि समाज में हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले और कोई भी भेदभाव किसी से न हो।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी की ओर से सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों पर विचार विमर्श किया जायेगा और आधुनिक भारत में बाबा साहब के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी होगी। इसमें जिले के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी, पंचायत के पदाधिकारी और ग्राम प्रभारी शामिल होंगे। वहीं पार्टी की ओर से आजसू के सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में भागीदार बनने को कहा गया है।

# कांग्रेस के कनेक्ट सेंटर के प्रदेश प्रभारी बने सुनीत शर्मा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सुनीत शर्मा को राज्य स्तरीय कनेक्ट सेंटर (साथी केंद्र) का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को बताया कि राज्य के कार्यकतोओं से सीधा संवाद स्थापित करने और राष्ट्रीय नेतृत्व तक संगठन की जानकारी को पहुंचाने के लिए कनेक्ट केंद्र की स्थापना झारखंड में केंद्रीय नेतृत्व ने की है। उन्होंने बताया कि कनेक्ट सेंटर के सफल संचालन के लिए राज्य के प्रभारी की ओर से सेंटर का संचालन करने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी को सहयोग




किया जायेगा। कनेक्ट सेंटर से जहां एक ओर कार्यकर्ता सीधा केंद्रीय नेतृत्व से जुड़ेंगे, वहीं केंद्रीय नेतृत्व भी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से जरूरी सूचनाओं और जानकारी प्राप्त कर उसी अनुसार कार्यक्रम तय कर कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेगा। उन्होंने कहा कि कनेक्ट सेंटर के जरिए कार्यकर्ता सीधे संगठन को लेकर अपनी बातों को रख सकेंगे और अपनी भावनाओं से नेतृत्व को अवगत करा सकेंगे।

# चंदनक्यारी में पकड़ा गया संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक, अमर बाउरी ने पोस्ट कर दी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा झारखंड में कथित बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर काफी मुखर रही है। इसी बीच अमर बाउरी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है और बताया है कि चंदनक्यारी में ग्रामीणों ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है और उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। उस शख्स ने डॉक्टर से इलाज के दौरान खुद को ढाका बांग्लादेश का निवासी बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया है कि यह वही भयावह स्थिति है, जिसका अंदेशा था–अब वह हकीकत बन रही है।



खतरा लगातार बढ़ रहा है। सतर्क रहना अब जरूरी है। चंदनक्यारी में ग्रामीणों ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। बताया जा रहा है कि रात में कई लोग संदिग्ध हालात में घूमते देखे गये, लेकिन सिर्फ.एक को पकड़ा जा सका–बाकी सभी फरार हो गये। आगे उन्होंने लिखा कि चिकित्सा जांच के दौरान उसने खुद को ढाका (बांग्लादेश) का निवासी बताया। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि हमारी माटी-बेटी-रोटी के अस्तित्व पर सीधा हमला है। चंदनक्यारी ही नहीं, पूरा झारखंड आज खतरे की जद में है। अब चुप रहने का समय नहीं है–यह झारखंड की अस्मिता की लड़ाई है। हम अपनों के सम्मान से समझौता नहीं करेंगे। भारतीय जनता पार्टी इस चुनौती के खिलाफ हर मोर्चे पर डटी रहेगी।

# राज्य में सरकार बनाने के लिए गांव की ओर जायें भाजपा कार्यकर्ता : रघुवर दास

**खिजरी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व सीएम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम और ओड़िशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास शनिवार को खिजरी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। मौके पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा की पार्टी है न कि परिवार की। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा कोई पारिवारिक पार्टी नहीं है। यह एक विचारधारा की



पार्टी है। हमारा सिद्धांत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय है। भाजपा को पार्टी का कार्यकर्ता ही मजबूती प्रदान करता है। रघुवर ने कहा कि बिना हार और जीत की चिंता किये जनता को जोड़ने का काम कार्यकर्ता करता है। आज हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हम राज्य सरकार की कमियों को जनता तक ले जायें। उन्हें समझाएं और बतायें कि किस तरह से राज्य सरकार हमारे अधिकारों का हनन कर रही है। राज्य में भाजपा की सरकार बनानी है तो कार्यकर्ताओं को गांवों तक जाना होगा। आज राज्य की जनता के बीच कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को लेकर त्राहिमाम है। राज्य के हर ब्लॉक के सीओ से लेकर सीएमओ तक सभी अधिकारी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। ब्लॉक और थाना के अधिकारी सीना ठोक कर कहते हैं कि देकर आये हैं तो लेंगे ही। मतलब राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग बन गया है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण आज सनातन धर्म को मानने वाली जनता अपना पर्व त्योहार भी खुल कर नहीं मना सकती है। चाहे रामनवमी हो, सरहुल हो या कोई और पर्व हो, उसमें एक विशेष समुदाय के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जाता है। रघुवर ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते कहा कि वे भाजपा गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता अभियान चलायें। लोगों को सरकार की कमियों के बारे में बतायें। अगली सरकार भाजपा की बनाने को कार्यकर्ताओं को गांव की ओर जाना ही होगा। मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पाहन सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस की मानव श्रृंखला की तैयारियां जोरों पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को रांची के डोरंडा स्थित अंबेडकर चौक से राजेंद्र चौक तक मानव श्रृंखला और आमसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ विधायक भूषण बाड़ा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दुबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, अजयनाथ शाहदेव, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा,



रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने समीक्षा की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन संविधान की मूल भावना को बचाने और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर हमारे संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। ऐसे समय में हर कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह संविधान की रक्षा में पूरी ताकत से खड़ा हो।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
04

## हजारीबाग जिला में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग विधानसभा की कार्यशाला सांसद सेवा कार्यालय में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और वरिष्ठ नेता आदरणीय सुरेश साव ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने इसकी अध्यक्षता की और मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश साव ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 11 वर्षों के कार्यकाल में केवल देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अपनी क्षमता का डंका बजा रहे हैं। हजारीबाग के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक पार्टी स्थापना दिवस मना रही है, इसमें आज सक्रिय कार्यकर्ताओं सम्मेलन हो रहा है, इसके तहत आज हजारीबाग विधानसभा में बूथ नंबर 450 ग्राम हुपाद में बूथ कमेटी का सत्यापन की जांच की गयी इसके बाद सांसद कार्यालय में सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन किया गया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा को उनके आवास में जाकर सम्मानित किया गया और मोदी जी के स्वच्छता अभियान के तहत बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, केपी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, कयूम अहमद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मनोज गिरी, अजीत चंद्रवंशी, शेफाली गुप्ता, सुमन कुमार पप्पू, इंद्र नारायण कुशवाहा, मनमीत अकेला, मनोज गिरी, रेणुका साहू, साक्षी राणा, राजकरण पांडे, तनवीर अहमद, विवेक बरियार, अशोक कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, अरुण राणा, रणधीर पांडेय, कृष्णा मेहता, सुमन सिन्हा, ऋषि शर्मा, कुलदीप कृष्णा, राजेश चंद्रवंशी, अविनाश कुमार, अमोल कुमार, तरुण कसेरा, पूनम कसेरा, संगीता अग्रवाल, राकेश रॉय समेत सातो मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

## अडानी कंपनी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना का 2 वर्ष पूरे, मनाया धिक्कार दिवस

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा गांव में अडानी कोल परियोजना, सहित अन्य कोल कंपनियों के खिलाफ पिछले 2 वर्षों से लगातार अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आज 2 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में धिक्कार दिवस के रूप में मनाने के लिए कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष विकास कुमार और संचालन विक्रम कुमार द्वारा किया गया। धिक्कार दिवस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, जमशेदपुर, गया, आदि कई बड़े शहरों से आंदोलनकारी किसान नेता शामिल हुए थे। कार्यक्रम को उपस्थित आंदोलनकारी के द्वारा संबोधित किया गया कहां गया कि किसी भी हालत में किसी भी कोल कंपनी को स्थापित होने नहीं दिया जायेगा। इसके लिए हमें अपनी जान की कुर्बानी ही क्यों न देने पड़े। हम लोगों को मधुमाछी बनकर हसुआ टांगी गड़ासा के साथ आगे आकर अडानी कंपनी को भगाना होगा। जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि मैं अपने आस-पड़ोस गांव वालों से कहना चाहती हूं कि आप अभी अगर नहीं सचेत हुए तो आपका भी घर जलेगा इसलिए एक जुट होकर आंदोलन को मजबूती से बना कर रहे तभी आपका घर बचेगा। अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि हम लोग अंतिम क्षण तक लड़ाई जारी रखेंगे। किसी हालत में अपनी कीमती जमीन को नहीं छोड़ेंगे। हमें इस जमीन से तीन फसल पैदा होते हैं जिससे पूरा परिवार का भरण पोषण होता है। कंपनी के द्वारा हम लोगों पर 26 केस किया गया है जिसमें 369 लोगों को पर केस किया गया है। जिसमें मैं जेल भी गया हूं। गांव के लोग एकजुट हैं हमेशा धरना प्रदर्शन में 1500 परिवार अर्थात 7500 लोग कंपनी के खिलाफ 2 वर्षों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन पहले से मजबूत हुआ है। हम सबों का एक ही संकल्प है अदानी कंपनी को गोंदलपुरा से वापस भेजना। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से संयुक्त किसान मोर्चा राष्ट्रीय सचिव राजकुमार भारत, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर मिथिलेश कुमार, श्रीकांत निराला अनिरुद्ध कुमार, पैरू प्रताप राम, खेमलाल महतो, गोड्डा के आंदोलनकारी चिंतामणि, ओम प्रकाश, रामकुमार भार्गव, आचार्य नवीन, शिवकुमार सिंह, ज्योति जलधर, लखींद्र ठाकुर, संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला अध्यक्ष चिलम झा भारती, देवनाथ महतो, जीप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया कविता देवी, दर्शन गंझू, राजेश कुमार, सफदर इमाम, राकेश मेहता, रामबरित्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार, दीपक दास, किशोर राणा, जगदीश महतो, इंद्रदेव राम, कृष्णनाथ, आकाश जगदेव गंझू, विनोद कुमार, सबुर महतो, विकास कुमार, फागन गोप, आशीष चक्रवर्ती, आरती देवी, विमला देवी, संजू देवी, यशोदा देवी, गीत देवी, रेशमा देवी, बसंती देवी के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पोषण पखवाड़ा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत एक विशेष प्रचार वाहन को बाल विकास परियोजना सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार वाहन का उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार, एनीमिया, किशोर स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी देना है। मौके पर बाल विकास परियोजना कार्यालय और प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## अवैध मवेशी लदा टेंपो को ग्रामीणों ने पकड़ा, एक हिरासत में

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह में ग्रामीणों के द्वारा मवेशी लदा एक टेंपो व चालक को पकड़ा है। ग्रामीणों ने गुरुवार की रात मवेशी लदा टेंपो नंबर जेएच 10 सीबी 1312 को पकड़ा। जिसमें तीन मवेशियों को क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाया जा रहा था। मौके पर टेंपो चालक ग्राम और बगोदर निवासी सेराजुद्दीन अंसारी पिता मोईन अंसारी को पकड़ा। जबकि टेंपो पर सवार दूसरे व्यक्ति ग्राम शिलाडीह निवासी इमामन अंसारी रात्रि का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची गोरहर थाना पुलिस को पकड़े गए सेराजुद्दीन अंसारी और मवेशी लदा टेंपो को सौंप दिया गया। ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह गोरहर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि कांड संख्या 14/25 तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया।

### एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर बैठक

# समस्याओं के समाधान के लिए समिति गठन का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/ बड़कागांव।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के विस्थापितों की समस्या के समाधान को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा जिन लोगों की जमीन पर खनन परियोजना का कार्य हो रहा है, उन्हें अपनी आजीविका, भूमि, और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह जरूरी है कि विकास के सभी पहलुओं में उनके हितों का भी ध्यान रखा जाये। साथ ही, उन्हें उचित मुआवजा, रोजगार के अवसर और संभावित भूमि पुनर्वास जैसे विकल्प प्रदान किये जायें।

**समस्याओं के निराकरण के लिए तीन से चार समितियां गठित करने का निर्णय:** बैठक में आयुक्त के समक्ष विस्थापितों या जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न समस्याओं जैसे 2.2 बाईपास रोड का निर्माण न हो पाना, उचित मुआवजे की राशि न मिल पाना, स्थानीय विस्थापित लोगों को रोजगार न मिलना, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, धार्मिक स्थल आदि का पुर्नस्थापन, हेवी मशीनरी के उपयोग या ब्लास्टिंग के इस्तेमाल से स्थानीय लोगों को होने वाली समस्या, रोड एक्सीडेंट होने पर आश्रितों को उचित मुआवजा मिलने में होनी वाली समस्या या उचित मुआवजा निर्धारित न होना, खनन से होने वाले प्रदूषण, पानी की समस्या संग अन्य से अवगत कराया गया। विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने उपायुक्त हजारीबाग और उपस्थित जन प्रतिनिधि से विचारोंप्रांत 3 से 4 समितियों के गठित करने पर बल दिया। निर्धारित कमेटी हरेक माह में संबंधित समस्याओं का सर्वे करके उचित समाधान प्रस्तुत करेंगी। जिसके उपरांत इन समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।





### स्थानीय प्रशासन और एनटीपीसी के बीच हो बेहतर समन्वय

पवन कुमार ने कहा कि समस्याओं के बेहतर समाधान के लिए आपसी विवाद को दूर किया जाना महत्वपूर्ण है। स्थानीय प्रशासन, जन प्रतिनिधि और एनटीपीसी परियोजना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाये ताकि विस्थापितों और एनटीपीसी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और तालमेल से समस्याओं का उचित समाधान निकाला जा सके। बैठक के अंत में हजारीबाग उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, और अन्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमने सारी समस्याओं को सुना है और इसके निराकरण के लिए आयुक्त के निर्देशानुसार जल्द समिति गठित की जायेगी। बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, अपर समाहर्ता हजारीबाग, कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक एनटीपीसी पकरी बड़वाडीह, चट्टी बरियातू, करनदारी (केरेडारी), बादाम संग अन्य उपस्थित रहे।

## सूर्य मंदिर में यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** यमुनिया नदी पर नवनिर्मित सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं के द्वारा नगर भ्रमण के पश्चात पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रस्तावित महायज्ञ स्थल उत्तरवाहिनी यमुनिया नदी से किया गया। इस ध्वजारोहण यात्रा के दौरान विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख रास्ते से करोंज मोड, हॉस्पिटल चौक, सात मील मोड, रमुवां दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, बाजार टांड, अंबेडकर चौक, कसेरा मोहल्ला, बौलियागंज होते हुए पुनः महायज्ञ स्थल पर पहुंचकर ध्वजारोहण का कार्यक्रम पूरे विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। बताते चलें कि आज चैत्र पूर्णिमा और हनुमान जयंती होने के कारण श्रद्धालुओं में अति उत्साहित नजर आ रहे थे। श्रद्धालु अपने-अपने हाथों में महावीरी पताका लेकर जयकारा लगा रहे थे। ढोल और नगाड़े की आवाज से पूरा शहर गूंजायमान हो रहा था। श्रद्धालुओं के गगनभेदी नारों से विष्णुगढ़ का माहौल भक्तिमय हो गया। महायज्ञ की सफलता का आगाज में आम जनमानस की पूर्ण भागीदारी और सहयोग दिख रहा था। सूर्य मंदिर यज्ञ समिति के सचिव नवलकिशोर वर्मा ने कहा कि यज्ञ का आरंभ 3 मई से 9 मई 2025 तक आयोजित है। सात दिवसीय महायज्ञ में इसकी दिव्यता और भव्यता देखते बनेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से रामेश्वर सिंह, आनंद राम, नवलकिशोर वर्मा, रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई), विनोद सिंह, अजय कुमार, अजय साव, शंकर गोस्वामी, प्रयाग सोनी, बबलू सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सुरेश भगत, मोहनलाल बर्णवाल, गुरु प्रसाद साव, अनुज सोनी, अशोक कुमार गुप्ता, जुगल स्वर्णकार शेखर सुमन, चमारी नायक, अनुज चंद्रवंशी, अजय बरनवाल, बच्चन राम मेहता समेत सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे।

## भाकपा-माले का छठा प्रखंड सम्मेलन संपन्न

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में भाकपा-माले का छठा प्रखंड सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में पर्यवेक्षक जिला कमेटी सदस्य घनश्याम पाठक की देखरेख में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता राज्य कमेटी सदस्य सह जिप सदस्य सविता सिंह और संचालन जिला कमेटी सदस्य अशोक चौधरी ने किया। पर्यवेक्षक ने कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र की मोदी सरकार बड़े-बड़े धन्ना सेठों के हित में काम कर रही है. महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही गैर जरूरी मुद्दों को उठा रही है। सर्व सम्मति से 17 सदस्ये कमिटी बनाई गई और अशोक चौधरी को प्रखंड सचिव चुना गया। जीप सदस्य ने नई कमेटी को बधाई देते हुए जनमुद्दों के सवाल पर आंदोलन तेज करने को और 17 ,18 अप्रैल को जिला सम्मेलन और 22 ,23,24, अप्रैल 2025 को राज सम्मेलन पर भी चर्चा की । नवगठित कमेटी में सविता सिंह, नईम अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, हिदायत अंसारी, मुस्लिम अंसारी, कन्हैया सिंह, बाबूजन अंसारी, संतोष सिंह, इंद्रदेव सिंह, रामप्रसाद राम, मुन्ना राणा, लक्ष्मण दास, महेश पासवान, सावित्री देवी, शरीफ मियां, लक्ष्मी पांडेय चुने गये।

### दारू थाना क्षेत्र में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

# भारी मात्रा में शराब और स्प्रिट जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू/हजारीबाग।** दारू थाना क्षेत्र के कंजिया और इरगा कॉलोनी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब और स्प्रिट का बड़ा जखीरा बरामद किया है। थाना प्रभारी शफीक खान के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एक मुर्गी फार्म से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक रूम से 200 लीटर अवैध विदेशी शराब, 80 लीटर स्प्रिट, 20 खाली जार और लगभग 2000 खाली बोतलें और दर्जनों ब्लू रंग की खाली जार बरामद की गयी। वहीं दूसरी छापेमारी इरगा कॉलोनी में प्रभु राम पिता स्व. गेंदो राम के घर में की गयी, जहां से 300 लीटर स्प्रिट जब्त की गयी। इस मामले में प्रभु राम पिता स्वर्गीय गेंदो राम इरगा, चंद्रिका प्रसाद पिता हीरा महतो रामदेव खारिका, राहुल गुप्ता पिता सामंतो साव झुमरा, श्रीकांत वर्मा पिता सचित सिन्हा नयाटाड़ डुमरी,



जिला गिरिडीह निवासी के खिलाफ दारु थाना कांड संख्या 42/25 में मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में थाना प्रभारी ने बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह गुप्त सूचना के आधार पर की गयी और इस भंडाफोड़ में नया टांड निवासी श्रीकांत वर्मा की प्रमुख भूमिका रही है पिछले कई वर्षो से शराब के अवैध धंधे से वह जुड़ा रहा है और उसके तार झारखंड बिहार के कई राज्यों से जुड़े हुए है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। दारु थाना क्षेत्र में धीरे-धीरे अवैध व नकली शराब का धंधा एक उद्योग का रूप ले चुका है और इस मामले को अगर ढंग से जांच की गयी तो कई अन्य सफेदपोश चेहरा बेनकाब हो सकते है। दारु थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत दिगवार का कंजिया अवैध शराब का गढ़ बनता जा रहा है। इस मामले मे थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि दिगवार के एक जनप्रतिनिधि का नाम इस मामले मे सामने आ रहा है जल्द ही इस मामले की जांच कर संलिप्त व्यक्ति के नाम का खुलासा किया जायेगा। उत्पाद विभाग के द्वारा तीन महीने के अंदर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है जिसमें लगभग एक करोड़ की अवैध शराब बरामद कि गयी थी जिसके बाद दारु थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा लगाया जा रहा था जिसके बाद यह कार्रवाई कि गयी है।

इस मामले में आरोपी झुमरा निवासी राहुल गुप्ता ने बताया कि उत्पाद विभाग और दारु थाना पुलिस उसे इर मामले में झूठी कहानी गढ़कर आरोपी बना दे रही है जबकि वह पुरी तरह से निर्दोष है। अवैध शराब के धंधे मे उसकी कोई संलिप्तता नहीं है और इन मामलों में उसे और उसके परिवार को बली का बकरा बनाते हुए बेवजह बदनाम किया जा रहा है। वह उत्पाद विभाग और दारु थाना पुलिस से आग्रह करते है कि उन्हे झूठे मुकदमे में फसाना बंद कर दे। वह प्रशासन से आग्रह करते है कि इस मामले की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे और को बक्श दिया जायें।

# जून में होनी थी शादी, युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भाई ने चाचा-चाची पर लगाया हत्या का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरवा गांव में बीती रात एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि उसके भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान 18 वर्षीय मासूम प्रवीण के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम मासूम अपने घर में अकेले थी। उसकी मां छोटे भाई के साथ किसी काम से बाहर गयी हुई थी। वह जब वापस लौटीं तो देखा कि मासूम एक कमरे में फंदे पर झूल रही थी। जिसके बाद उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। इधर मामले को लेकर मृतका के भाई ने बताया कि जिस प्रकार से उनकी बहन फंदे से झूल रही थी, वहां तक तक वो पहुंच ही नहीं सकती। उन्होंने अपने चाचा, चाची व चचेरे भाई पर अपनी बहन के हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उसके चाचा, चाची व चचेरे भाई काफी समय से जमीन विवाद को लेकर हमारे परिवार के साथ मारपीट करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब मेरी मां व छोटा भाई शुक्रवार को बाजार गये हुए थे, इसी बीच उनके चाचा, चाची व चचेरे भाइयों ने मेरी बेटी को मारकर फंदे पर लटका दिया होगा। उन्होंने कहा कि थाने में आवेदन देने की बात कही।

**जून में होने वाली थी शादी**

मृतका की मां ने बताया कि मुस्कान की शादी बरही में तय हुई थी। उसकी शादी इसी वर्ष जून माह में होने वाली थी। शादी की सभी तैयारियां हो चुकी थीं। ऐसे में यह घटना काफी पीड़ादायक है। वहीं मृतका के पड़ोसियों ने बताया कि मृतका के पिता काफी समय पहले ही दूसरी शादी कर के अलग घर बसा लिया है। मृतका फिलहाल अपने तीन भाइयों व मां के साथ यहां रहती थी।

## कथा वाचक प्रतियोगिता का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक अकादमी में कथा वाचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग लिए। यह प्रतियोगिता दो पाली में किया गया। जो प्रथम पाली में कक्षा प्रथम से पंचम के विद्यार्थी और द्वितीय पाली में कक्षा षष्ठ से दशम के विद्यार्थी है। विद्यालय के प्रबंधक गणेश शंकर विद्यार्थी ने भी बच्चों के कहानी से बहुत ही प्रभावित हुए। प्रशंसा करते और उन्हें सराहनीय देते हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कथा वाचक प्रतियोगिता का संचालन कर रहे सूर्यांक और उनके साथ कई शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। सुजीत शर्मा, आरिफ हुसैन, गौरव कुमार, राजा आलम, गौतम कुमार, विक्रम कुमार, उपासना कुमारी, मधु कुमारी, सोनी कुमारी, अनीता कुमारी का सहयोग रहा।

## झुमरीतिलैया में विधायक ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के झुमरीतिलैया में विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। शनिवार को आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से कार्य पर नजर रखने के साथ ही संवेदक से गुणवत्ता का खयाल रखने को कहा। उन्होंने वार्ड 01, 08 और 20 में पीसीसी रोड, वार्ड 18 और वार्ड 25 में आरसीसी नाला, वार्ड 25, वार्ड 27 और वार्ड 14 में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन का शिलान्यास किया। वहीं झुमरीतिलैया वार्ड 07 में गोवर्धन पार्क के निर्माण का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही वार्ड 14 में आरसीसी नाली का उद्घाटन भी किया। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने लोगों से विकास कार्य में सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि शहर साफ सुथरा और स्वच्छ दिखे इसके लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है। शहर आपका है, इसकी देखभाल भी आपको ही करनी है। कहीं कोई कठिनाई हो तो मुझे जरूर बतायें, मैं समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास करूंगी। वहीं योजनाओं के शिलान्यास उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया और उन्हें नवनिर्मित गृह की चाबी सौंप गयी। विधायक ने लाभुकों को आवास निर्माण पूरा होने और गृह प्रवेश की बधाई दी। इस दौरान झुमरीतिलैया नगर परिषद के प्रशासक के अलावा कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## तीन लड़कियों को दिया गया लहंगा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर में हजारीबाग लोक सभा सांसद मनीष जायसवाल ने तीन गरीब लड़कियों को लहंगा दिया लहंगा पाकर लड़कियों के चेहरे में खुशी का ठिकाना नहीं था। बता दे कि सांसद द्वारा तीन गरीब लड़कियों के लिए धर्मपुर में लहंगा देने के लिए भाजपा मंडल द्वारा चयन किया गया। जिसमें आरती कुमारी पिता स्व सिकंदर राम, शेखा कुमारी पिता बंधु प्रजापति और प्रियंका कुमारी पिता इंद्रदेव राम को दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश पति सिंह और प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल ने बताया कि सांसद महोदय द्वारा आगे भी गरीब लड़कियों को चयन कर लहंगा देने की तैयारी है इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश पति सिंह कृष्ण साव, छोटी साव, प्रकाश साव, नंदलाल यादव, जीतन यादव, सुरेश प्रजापति, सिकंदर प्रजापति, अजय प्रजापति, संतोष कुमार और गणेश प्रजापति उपस्थित थे।

## डीएफओ के आदेश पर जांच करने बरियौन पहुंची वन विभाग की टीम

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरियौन में वन भूमि के खाता 41 प्लॉट संख्या 300 और 685 पर हुए अतिक्रमण को लेकर आये दिन आवेदन और अखबारों के माध्यम से मामले उजागर होता आ रहा था। जिसपर डीएफओ ने संज्ञान लेते हुए जांच करने का आदेश दिया। वहीं आदेश पर वन विभाग की टीम जांच करने बरियौन पहुंची। वहीं लोगों ने बताया कि जांच रिपोर्ट विभाग के जिलाधिकारियों को भेज दी जायेगी। जिसके बाद टीम गठित कर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## मेगालिथ स्थल अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र बनेगा, शीघ्र होगा जमीन का अधिग्रहण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह गांव स्थित मेगालिथ स्थल का ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सुंदरीकरण कार्य कराने को लेकर हजारीबाग डीडीओ पंकज तिवारी ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मेगालिथ स्थल का अवलोकन करते हुए जल्द से जल्द भूमि अधिग्रहण करने को लेकर ग्रामीणों के साथ चर्चा किया। इस दौरान अंचल कार्यालय से आए राजस्व उप निरीक्षक मनीष पाठक, अमीन नरेंद्र प्रसाद महतो के द्वारा मेगालिथ क्षेत्र की सुंदरीकरण करने को लेकर अधिग्रहण क्षेत्र में आने वाले जमीन की मैप दिखलाया गया। इस दौरान जिला से आए पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की गयी है। लोगों को आश्वासन दिया गया है कि मेगालिथ स्थल का सुंदरीकरण के पश्चात जो भी टेंडर होगा वह स्थानीय ग्रामीणों को दिया जायेगा ताकि यहां के स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त हो सके और फायदा मिल सके। सुंदरीकरण के लिए तकरीबन 10 से 15 एकड़ जमीन अधिग्रहण करना है। यह मेगालिथ स्थल अंतरराष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। संवेदक एस के बी आर ए के द्वारा निर्माण कार्य कराया जायेगा। 82 लाख रुपया लागत राशि से सुंदरीकरण कार्य किया जायेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से सहायक अभियंता लव कुमार, कनिय अभियंता राकेश कुमार, संवेदक एस के बीआरए के संजय सिंह, सफीउल्लाह अंसारी, राकेश मिश्रा, दीपू साहू, रामचंद्र साहू, कोमल साहू, प्रभु राम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त पहुंचे मां छिन्नमस्तिका मंदिर, हवन और पूजन में हुए शामिल



## ज्ञानेश कुमार ने झारखंड समेत रामगढ़ के डीसी और उनकी टीम के बेहतर कार्यों की प्रशंसा की

**भारत में ईवीएम मशीन से होने वाला चुनाव पूरी तरीके से सुरक्षित है: ज्ञानेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/रजरप्पा।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रामगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे मंदिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह यात्रा धार्मिक और व्यक्तिगत थी। लेकिन उनकी उपस्थिति को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सभी ने विधिवत पूजा-पाठ कर मां छिन्नमस्तिका से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने की कामना की।

**झारखंड का लोकतंत्र है बेहद मजबूत, सुरक्षित तरीके से हो रहा इवीएम से चुनाव : ज्ञानेश:** पूजा-अर्चना के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त रजरप्पा स्थित गेस्ट हाऊस में पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने झारखंड के लोकतंत्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकतंत्र बेहद मजबूत है। यहां सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल है और वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में ईवीएम मशीन से होने वाला चुनाव भी पूरी तरीके से सुरक्षित है। ना तो कोई इसे हैक कर सकता है और ना ही कोई सवाल खड़ा कर सकता है। झारखंड के मतदाताओं को जोहार शब्द से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां कि डेमोक्रेसी काफी अच्छी है। बेहतर मतदाताओं से मिलने का सौभाग्य मुझे मिला है। उनके साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि, सहायक निर्वाचन आयुक्त डॉ नेहा, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।

**रामगढ़ डीसी के बेहतर कार्यों से विस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ा : ज्ञानेश कुमार**

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने डीसी चंदन कुमार के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ के वर्तमान जिला कलेक्टर कार्यों को बेहतर ढंग से निपटाते है। जिसके कारण रामगढ़ में बेहतर वोट प्रतिशत और चुनाव शांतिपूर्ण रहा संपन्न हुआ। साथ ही कहा कि कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी लोगों के नाम को सूची में जोड़ने के लिए जिले के अधिकारी, बूथ लेवल ऑफिसर और राज्य के निर्वाचन अधिकारी काफी सजग है। यही वजह है कि कोई भी अपील ना तो जिले में और ना ही राज्य में लंबित है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुनाव के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहते हैं। उसी तरीके से हर राजनीतिक दल को भी यह अधिकार है कि वह अपना पोलिंग एजेंट बूथ पर रखें। किसी का भी नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने और हटाने के लिए उन लोगों की सहमति रहती है। किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए भी सभी से सहमति ली जाती है। आज वह जानकर खुशी है कि पूरे झारखंड में कहीं भी किसी को वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।






### वॉलिंटियर्स और बीएलओ के साथ की वार्ता

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने रजरप्पा सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव के दौरान काम करने वाले वॉलिंटियर्स और बूथ लेवल ऑफिसर के साथ वार्ता की। उन्होंने कहा कि सभी के सुझाव और कार्यों में कोई कमी नहीं रही है। यही वजह है कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव बेहद सफल रहे हैं। यहां मतदान का प्रतिशत भी काफी अच्छा रहा है।**

### मुख्य चुनाव आयुक्त सहित कई अधिकारियों ने नौका विहार का आनंद उठाया

**पतरातू (आजाद सिपाही)। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड डॉक्टर नेहा अरोड़ा, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार के साथ कई अधिकारियों की टीम रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित लेक रिसॉर्ट के पर्यटन विहार पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद पतरातू डैम के सुंदर वादियों का नजारा लिया। और मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ कई अधिकारियों ने नोका विहार का आनंद भी उठाया। चुनाव आयुक्त ने यहां के मनोरम दृश्य और पहाड़ियां से घिरी वादियों की प्रशंसा भी की। इस मौके पर एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, एसडीओ रामगढ़ अनुराग तिवारी, एसडीओ रांची उत्कर्ष कुमार गुप्ता, एसएन डीसी रविंद्र कुमार, बीडीओ मनोज गुप्ता,**



इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मुरपा ने शनिवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.राजेंद्र कुमार, डॉ.संजय श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट सुनील कुमार ने दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। साथ ही, उचित परामर्श देते हुए नि:शुल्क दवा का वितरण किया। शिविर में पहुंचे लोगों ने फैक्ट्री प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगे भी ऐसे नेक कार्यों को करने की अपील की। मौके पर प्रबंधन ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों को कभी किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए फैक्ट्री प्रबंधन हमेशा उनकी सेवा में तत्पर है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, प्रबंधन की ओर से संजय सिन्हा, रंजीत झा, एसी.चतुर्वेदी, भानु प्रताप, निखिल मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## बीडीओ के पिताजी का निधन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप के पिता 62 वर्षीय राजदीप कमान कच्छप की शनिवार को रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक के कारण बताया गया। घटना के समय बीडीओ हंटरगंज में अपनी ड्यूटी में थे। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों में शोक की लहर है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले वे हंटरगंज आये थे। और वह बिल्कुल स्वस्थ थे। इस घटना से प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, उप-प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को दुख की घड़ी में धर्य रखने तथा सहनशक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में अखंड रामायण पाठ की हुई पूर्णाहुति



**गोला (आजाद सिपाही)।** चितरंजन सेवा सदन गोला परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ की शनिवार को पूर्णाहुति हुई। पूर्णाहुति के पूजा-अर्चना में बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी उनकी मां कलावती देवी, धर्मपत्नी रेखा चौधरी, सेवा सदन के प्रबंधक वंदना अम्बष्ट शामिल हुए। अखंड पाठ में वंदना अम्बष्ट, पुजारी उपेंद्र इंद्र गुरु, कुंवर कुमार बक्सी, मनोज मिश्र, कृष्ण वल्लभ पाठक, आलोक मिश्र, रेखा सिन्हा, रेनू देवी, विद्या देवी, शशि अग्रवाल, किरण बंका, गायत्री देवी, मधु बक्सी, संतोष अग्रवाल सहित कई शामिल थे। पूर्णाहुति के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से सीता बक्सी, संजय बक्सी, सुजाता बक्सी, अमरेंद्र गुरु, राजनाथ महतो, बजरंग रवानी, कुंदन सिन्हा, हर्षित कुमार, सुरेश महतो, अजय कुमार, टोपन महतो, संतोष महतो सहित दर्जनों मौजूद थे।

## श्री श्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। श्री हनुमान जी महाराज के दरबार के साथ श्री गणेश जी महाराज औऱ खाटू नरेश बाबा श्याम के दरबार को भी बहुत ही सुंदर और आकर्षक फूलों से सजाया गया था। सुंदरकांड पाठ के यजमान संजय चौधरी सपत्नीक संगीता चौधरी के हाथों पुजारी पंकज पांडे ने गणेश पूजन कराया। सुंदरकांड का पाठ करने के लिए कोलकाता के प्रसिद्ध पाठ वाचक पंकज जोशी को उनकी पूरी टीम के साथ आमंत्रित किया गया था उन्होंने बड़े भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ को पढ़कर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। 300 हनुमान भक्तों ने एक स्वर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ पढ़कर हनुमान जी का गुणगान किया। संध्या में महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव से ग्रहण किया।

## युवक का शव कुआं से बरामद

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के बुटकुईयां गांव से शनिवार को एक कुएं से युवक का शव बरामद किया। शव की पहचान उमेश गंझू उम्र 20 वर्ष पिता ननकेश गंझू, ग्राम - बुटकुईया के रूप में किया गया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया की युवक का हाथ रस्सी से बंधा हुआ था। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस घटना में संलिप्त दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## श्री रानी सती मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री रानी सती महिला मंगल समिति के तत्वाधान में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित दादी मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान जी महाराज के दरबार एवं सारे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे खुशबूदार फूलों से सजाया गया था। महिला मंगल समिति की सदस्यों द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव से हनुमान जी महाराज का सुंदरकांड पाठ में शामिल होने वाली महिलाओं में सुधा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, प्रमिला अग्रवाल, सीमा मोदी, नीलम अग्रवाल, अनीता शर्मा, तरुना अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, शशि जैन, नीतू अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, पुष्पा गोयल आदि महिलाएं शामिल हुई। वहीं, दोपहर में महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ सुंदरकांड पाठ का समापन किया गया।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**भदानीनगर(आजाद सिपाही)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मतकमा चौक के समीप शनिवार को दो बाइकों की सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही भदानीनगर ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार सालगो गांव निवासी आयुष महतो पिता संदीप महतो पैशन प्रो बाइक नंबर जेएच02एके 2503 से फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी के रास्ते भुरकुंडा की ओर आ रहा था। वहीं अरमादाग गांव निवासी रंजीत बेदिया पिता मनजीत बेदिया स्प्लेंडर बाइक से भुरकुंडा बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में मतकमा चौक के पास दोनों बाइकों की तेज रफ्तार में आमने-सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## अभाविप ने किया हनुमान चालीसा का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चतरा इकाई द्वारा शांति निकेतन मद एंड मिशन स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के पूर्व संयोजक प्रदीप रावत, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष देवनंदन सोनी और महासचिव शशिकांत सहाय, स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह कार्यसमिति सदस्य शुभम कुमार, नगर मंत्री विशाल प्रजापति और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्य वक्ता प्रदीप रावत ने भगवान हनुमान की कृपा और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि भगवान हनुमान की शक्ति और वीरता का संदेश हमें साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष देवनंदन सोनी ने कहा कि भगवान हनुमान जी मां भगवती के सच्चे सेवक थे। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने हनुमान जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर शुभम कुमार, विशाल प्रजापति, उज्वल साहू, सन्नी कुमार, अनुराग आर्य, आशीष कुमार, रौनक सिंह, आलोक सिंह, अभिषेक राणा, साहिल सांधा, संदीप कुमार, बलभद्र, सक्षम यादव, मनीष, अर्णव श्रीवास्तव, सुमित्रा पांडेय, खुशी साहू, निशा कुमारी, निशु कुमारी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वर्ण पदक विजेता अमोल को डीसी ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** लक्ष्य निर्धारित हो, तो उम्र मायने नहीं रखता इसका जीता जागता उदाहरण है, सीसीएल पिपरवार के ऑफिस सुप्रिंटेंडेंट अमोल कांत मिश्रा। सीसीएल पिपरवार में ऑफिस सुप्रिटेंडेंट के पद पर कार्यरत अमोल कांत मिश्रा जिन्होंने 50 वर्ष के उम्र ग्रुप में 45 वां आल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए बेंगलुरु में आयोजित 1500 मीटर की दौड़ में 5 मिनट चार सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। अमोल कांत मिश्रा अब एशियन मास्टर एथेलेटिक्स के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडोनेशिया/ चेन्नई में आयोजित होने वाली एशियन खेल में शामिल होंगे। आज समाहरणालय स्थित उपायुक्त रमेश घोलप ने अपने कार्यालय कक्ष में अमोल कांत मिश्रा को शील्ड देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। पहले वे गोवा, मुंबई और रांची में आयोजित फूल मैराथन गेम 42 किलोमीटर में मेडल जीत चुके हैं। उक्त जानकारी अमोल मिश्रा ने दी। इस मौके पर सीसीएल पिपरवार के ऑफिस सुप्रिंटेंडेंट अभय कुमार सिंह, पिपरवार के रमेश कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ ने व्हील चेयर का किया वितरण




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा एक 10 वर्षीय दिव्यांग बच्चे को व्हीलचेयर दिया गया। जिससे वह आसानी से चल-फिर सके और अपने दैनिक कार्यों को कर सके। व्हील चेयर पाकर दिव्यांग बच्चा काफी खुश नजर आया। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच को धन्यवाद भी दिया। वहीं दिव्यांग बच्चा दैनिक दिनचर्या में आने वाली कठिनाइयों को साझा करते हुए भावुक हो गया था। वही व्हीलचेयर पाकर बच्चे का चेहरा खिल उठा। उन्होंने बताया कि व्हीलचेयर ना होने के कारण उन्हें कहीं आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परंतु अब यकीनन उनकी दिक्कतें कम होंगी। मंच के अध्यक्ष धीरज बंसल, सचिव श्रीजय मेवाड़ एवं मीडिया प्रवक्ता राहुल अग्रवाल ने कहा कि जनसेवा के तहत मंच के द्वारा व्हील चेयर का वितरण किया गया है। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आशुतोष बरेलिया, आशीष जैन, निखिल अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, संतोष गोकुलका, रितिक परसरामपुरिया, प्रिंस अग्रवाल और शशी इलेक्ट्रिकल्स के संचालक वसंत जैन और संचालिका शशी जैन मौजूद थे।

## अटूट भंडारे के साथ श्रीश्री मारुति नंदन मंदिर बाजार समिति का 23वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**बाजार समिति व्यापार मंडल लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ हिस्सा लेती है: ममता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री श्री मारुति नंदन मंदिर बाजार समिति का 23वां वार्षिकोत्सव अटूट भंडारे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक ममता देवी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने श्रीश्री मारुति नंदन मंदिर में पूजा अर्चना कर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही प्रसाद ग्रहण कर-के श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण की। विधायक ममता देवी ने कहा कि बाजार समिति व्यापार मंडल लगातार सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रूप में आगे रहता है। इस पुण्य कार्य के लिए मैं बाजार समिति व्यापार मंडल के सभी सदस्यों का साधुवाद करती हूं।



**लोगों को उत्साह आयोजन करने के लिए प्रेरित करता है: अमित साहू :** बाजार समिति व्यापार मंडल के अध्यक्ष और श्रीश्री मारुति नंदन मंदिर के सचिव अमित साहू ने कहा कि जिस प्रकार से लोगों का उत्साह देखा हूं जिससे आगे भी इस तरह का आयोजन करने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद सिंह, पंकज प्रसाद तिवारी, समाजसेवी रणधीर गुप्ता,सुधीर मंगलेश, हनुमान प्रसाद गोयल, मनोज बंसल, सतीश चौधरी, प्रदीप कुमार बरेलिया, मुकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, अमर गुप्ता, आलोक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, गोलू बंसल, जानकी महतो, राहुल अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, काजल सेन, अमित बौंदया, अमित जैन, राजा अग्रवाल, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**ई-निविदा सं.:** C-711-TKS-2-GCT-25

**क्र. सं.: 1, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** टोकीसूद-2-(TKS) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, **क्र. सं: 2, टोकीसूद स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रू० 44,41,56,224/-, **क्र. सं.: 3, ब्याने की राशि:** रू० 4,44,15,700/-, **क्र. सं.: 4, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 02.05.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 02.05.2025 को 15.30 बजे से, **क्र. सं.: 5, वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/0085/डीएवएन/सीओएमएल/टी/25-26/40

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं.12368 दिनांक 26.03.2025 मैं प्रमुदास खलखो पिता - बन्धन खलखो, उम्र करीब - 42 वर्ष जाति - उराँव, धर्म- ईसाई, पेशा - कृषी, ग्राम - बरवा, पो. बैरिया, थाना - रमकंडा,जिला - गढ़वा, राज्य - झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न बयान करता हूं :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पता का स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मेरी पुत्री इन्द्रमणि खलखो (Indramani Khalko) St. Xavier's Academy, Netarhat, Latehar (Jharkhand). मैं वर्ग 3 में वार्षिक परिक्षा पास कर चुकी हूं।
3. यह कि उक्त विद्यालय के नामांकन पंजी में उक्त पुत्री का नाम " नैनम खलखो" अंकित है जिसे सुधार कराना है। 4. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम इन्द्रमणि खलखो है
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं उक्त विद्यालय के नामांकन रजिस्टर में नाम इन्द्रमणि खलखो अंकित कराने हेतु कर करा हूं।
मैं प्रमुदास खलखो हलफन एकरार करता हूं कि मजमून शपथ पत्र मे दिए गये सारी बातें मेरे जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य व दुरुस्त है।

# श्रद्धा के दो फूल

इससे पहले कि हम मनोज कुमार के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें, सिने प्रेमियों को मनोज के पहले के चार दौरों को देख लेना चाहिए। पहला दौर मेरे बचपन में फिल्म देखने का था जब सोहराब मोदी, पृथ्वी राज कपूर, दादा मुनि अशोक कुमार, प्रेम अदीब और खूंखार आंखों वाले चंद्र मोहन का। इस दौर में ऐतिहासिक फिल्मों का चलन था परन्तु दादा मुनि अशोक कुमार ने तब सिनेमा को पारसी अभिनय शैली से बाहर निकालने का अभिनय दुनिया के सामने रखा। सुना है कि केएल सहगल शराब के नशे में चूर होकर गाया और अभिनय किया करते थे? सुना तो यह भी है कि केएल सहगल और इस समय की गायिका एक्ट्रेस नूरजहां और सुरेंद्र जोशी की बड़ी चर्चाएं रही हैं। दूसरे फिल्मी दौर में दिलीप कुमार, राजकपूर और देवानंद की त्रिमूर्ति ने सिनेमा को यथार्थ के सुनहरे दौर में ला दिया। सिने दर्शकों को इस अभिनय की त्रिमूर्ति ने रुलाया भी, हंसाया भी। अपने अभिनय की परिपक्वता से सामाजिक समस्याओं का हल भी जनता के सामने रखा। गजब का दौर था, जिसमें संगीत और अभिनय से सिने प्रेमी गदगद् हो उठे। इस अभिनय की त्रिमूर्ति के समानांतर कुछ और प्रकार की शैली लेकर भारत भूषण, प्रेम नाथ, महिपाल, साहू मोदक और रंजन जैसे एक्टर्ज चलते रहे। अभिनय के तीसरे दौर में एक नयी पीढ़ी शम्मी कपूर, धर्मेंद्र, जीतेंद्र, संजीव कुमार और मनोज कुमार जैसे कलाकारों ने खूब नाम कमाया। इसी दौर में दो अभिनेता राजेंद्र कुमार जिन्हें जुबली स्टार कहा जाता था, पर्दे पर शोहरत हासिल कर गये। 1969 से 1975 तक राजेश खन्ना ने अभिनय की नयी शैली को लेकर मुंबई सिने उद्योग को अचंभित कर दिया। चौथे दौर में सलमान खान, आमिर खान और शाहरुख खान ने मुम्बई सिने उद्योग को अपने नाम कर लिया। हैरानी है कि एक्टर अक्षय कुमार कैसे खड़े रहे। चारों दौरों में मनोज कुमार उर्फ भारत कुमार उर्फ हरि कृष्ण गोस्वामी एक विलक्षण प्रतिभा के धनी साबित हुए। इस पटकथा लेखक, निर्देशक, निर्माता ने सिने प्रेमियों को मोहित किया। अभिनय से देशभक्ति का जज्बा जन-जन में भर दिया। अभिनय की एक नयी और अद्भुत शैली के जन्मदाता स्वयं मनोज कुमार दिलीप कुमार जैसे ट्रैजेडी किंग से प्रभावित थे। उन्होंने हरि कृष्ण गोस्वामी से अपना फिल्मी नाम भी दिलीप कुमार की फिल्म शबनम से मनोज कुमार रख लिया। उनकी प्रारंभिक फिल्में शादी, फैशन, हनीमून, चांद, सहारा, पिया मिलन की रात, सुहाग सिंदूर, रेशमी रूमाल फ्लॉप के बाद फ्लॉप होती चली गयीं। परंतु 1962 में विजय भट्ट की फिल्म हरियाली और रास्ता को देखने के बाद लगा कि इस खूबसूरत युवा कलाकार में अभिनय की प्रतिभा है। 1962 में ही मनोज कुमार की फिल्म आयी डाक्टर विद्या जिसमें उनके ऑपोजिट थीं प्रख्यात अभिनेत्री वैजयंती माला। फिल्म चल निकली और मनोज कुमार भी धीरे-धीरे अभिनय क्षेत्र में पैर जमाते गये। राज खोसला के साथ मनोज ने मेरा साया और अनीता जैसी फिल्में बनायीं।

**चारों दौरों में मनोज कुमार उर्फ भारत कुमार उर्फ हरि कृष्ण गोस्वामी एक विलक्षण प्रतिभा के धनी साबित हुए। इस पटकथा लेखक, निर्देशक, निर्माता ने सिने प्रेमियों को मोहित किया। अभिनय से देशभक्ति का जज्बा जन-जन में भर दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय परंपरा में विचार के पूर्व शास्त्रार्थ की परंपरा थी। हरेक व्यक्ति को यह अधिकार था कि वह स्थापित विचार और सोच पर सवाल करे। वैदिक काल का जन्मजात अंधा ऋषि दीर्घतमा यह कह सकता है- एक सत्य विप्राः बहुधा वदंति। सत्य एक है लेकिन उसको जानने का मार्ग अलग-अलग है। इसी कारण भारतीय संस्कृति में कई मार्ग, कई पंथ, कई विचार और कई मत समय-समय पर उत्पन्न हुए। आज पुनः विचार पर सवाल करने की कला सीखना होगा।**

# समाज में बौद्धिक स्वंतत्रता का संकट



**डॉ मयंक मुरारी**



आजकल के जीवन को समझने के लिए हमें अपने आसपास की दुनिया तो देखनी ही होती है। वह सब कुछ देखना होता है, जिसके सहारे जीवन की धुरी को चलाया जाता है। जीवन को चलाने के लिए जितना संसाधनों की जरूरत पड़ती है, उससे कहीं ज्यादा विचारों की भी पड़ती है। हम किसके साथ हैं, कहां बैठते हैं, किससे बात करते हैं, यह तय करता है कि एक व्यक्ति के नाते हमारा क्या रास्ता होगा। रॉबर्ट ग्रीन ने अपनी किताब मास्टरी में लिखा है कि हमारे पास एक आंतरिक शक्ति होती है, जो जीवन में हमारा मार्गदर्शन करती है। बचपन में यह शक्ति स्पष्ट होती है जो हमारी जिज्ञासा एवं बौद्धिक व्यक्तित्व बनाने में सहयोग करता है। यह शक्ति न केवल गहरी और मौलिक होती है, बल्कि यह स्वाभाविक होती है। जीवन में जब हम बढ़ते जाते हैं, तो इस शक्ति को भूलते जाते हैं, जिससे जुड़ना जरूरी है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने मूल की ओर लौटें। उस विशेष क्षेत्र की पहचान करें, जिसमें हमारी गहरी रूचि है। हमको जानना होगा कि हमारा किसमें हित है। केवल पैसा, पद, प्रतिष्ठा और पहचान के आधार पर जीवन का आंकलन से हमारा रास्त गलत हो सकता है।

**जीवन में हमको यह नहीं सिखाया जाता है कि कैसे सोचना है या निर्णय लेना है। हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम इसपर खुद पहल करे।**

जीवन में हमको यह नहीं सिखाया जाता है कि कैसे सोचना है या निर्णय लेना है। हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम इसपर खुद पहल करे। लेकिन जिसे हम सोचना कहते है, वह तर्करहित प्रतिक्रिया है जो जैविक प्रवृत्ति से प्रेरित है। जब हम बिना तर्क के प्रतिक्रिया करते है, तो हमारी स्थिति कमजोर होती है। भारतीय परंपरा में विचार के पूर्व शास्त्रार्थ की परंपरा थी। हरेक व्यक्ति को यह अधिकार था कि वह स्थापित विचार और सोच पर सवाल करे। वैदिक काल का जन्मजात अंधा ऋषि दीर्घतमा यह कह सकता है- एक सत्य विप्राः बहुधा वदंति। सत्य एक है लेकिन उसको जानने का मार्ग अलग-अलग है। इसी कारण भारतीय संस्कृति में कई मार्ग, कई पंथ, कई विचार और कई मत समय-समय पर उत्पन्न हुए। आज पुनः विचार पर सवाल करने की कला सीखना होगा।

आदमी के आगे बढ़ने के रास्ते में बने उसके कदमों के निशान में उसके भावी जीवन के चिह्न भी होते हैं। इसलिए यह निर्धारित करते हुए उसके हर कदम को गौर से देखा जाना चाहिए। जो समाज अपने लोगों के पगचिह्न को ठीक से देखता-परखता है और उस हिसाब से अपनी राह और मंजिल चुनता है, उस पर आगे बढ़ता है, वह कम गलतियां करता है, क्योंकि वह पूर्वजों की हर गलती से सीखते हुए अपने कदम आगे बढ़ाता है। इस तरह से वह जीवन को जीने लायक सुविधाजनक बनाता है। यह सब कुछ शुरूआती दिनों में ही दिख जाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे लोगों को अपने दायरे और परिचय में लाया जाए, जिनके लिए जीवन का हर क्षण एक चुनौती हो, एक मंजिल हो। सब बातों को उसकी तह में जाकर वह जानना चाहता हो। वह हमेशा आगे-आगे ही चलता है। कोई साथ चले तो ठीक, न चले तो भी ठीक। वह अपना काम समय से और सही ढंग से ही करेगा।

ऐसे लोग हमेशा अपने जीवन-व्यवहार से लोगों का ध्यान खींचते हैं और कार्य-संस्कृति का माहौल बनाते हैं। ऐसे लोग एक तरह से खुद पर शासन करते हैं। हालांकि वह कुछ भी विशेष नहीं करके, बस अपना काम कर रहा होता है। इसमें बस इतनी-सी बात है कि हर कार्य समय से और अपने हिसाब से हो तो किसी को किसी भी स्तर पर दिक्कत नहीं आएगी। हम जिस संसार में रह रहे हैं, वह कितना हमारा अपना है और कितना वह अन्य के द्वारा बनाया जा रहा है। जो कुछ हो रहा है, उसमें हमारे होने का क्या अर्थ है! कुछ है भी या यों ही हम अपने अस्तित्व को लेकर बैठे हैं। यह इतना भर ही है या कुछ और है, इस बिंदु पर सोचने की जरूरत है। दुनिया को जानने का सबसे बेहतर स्त्रोत है कि हम अपने समय में मौजूद मीडिया और संसार को देखें-सुनें और पढ़ें।

एक संसार मीडिया बना रहा होता है और एक दूसरा संसार सोशल मीडिया और तकनीक रच रही होती है। इन सबके बीच हमें बहुत सजग होकर अपनी दुनिया रचनी होती है, जिसमें हम अपने हिसाब से रह सकें, कुछ विचार दे सकें और कुछ विचार के साथ जी सकें। यह सब बहुत ही सावधानीपूर्वक करने की जरूरत है। अपना संसार बनाना है तो वह कैसा हो, कितनी असहमति के प्रति आदर हो, उसमें कितना लोकतंत्र हो! उसमें हम कैसे रहें, जिसमें सब चीजें सहज तरीके से सामने आएं। यह आसान नहीं है। लेकिन चलना इसी संसार में है। हमारे किसी कृत्य से किसी को दुख न हो, पर यह केवल हमारे ऊपर निर्भर नहीं करता।

संसार में अन्य की गति महत्त्वपूर्ण होती है। इस गति पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। यहां केवल अपनी गलती मायने नहीं रखती है। अपनी गति के साथ संसार की सहभागिता और गति ही हमें सही ढंग से मंजिल पर ले जाती है। हर मंजिल पर हम अकेले नहीं होते। हमारे साथ अन्य का संसार होता है और इस संसार में हमारी गति और मंजिल होती है। यहां पूरे वजूद के साथ सब होते हैं। कोई भी गति अकेले की यात्रा नहीं होती। वह जो कुछ है, सबके साथ है। हम अपने रास्ते पर अपनी ही गति में अपने लय में चलें तो बेहतर होगा। जीवन को देखा जाए तो यह एक लय है, जिसमें हम चलते हैं। लय में चलना और अपने क्रिया-व्यापार को लय में पूरा करना ही जगत के लय के साथ चलना होता है। जब इस तरह चलते हैं तो संसार को उसके अर्थों में देख पाते हैं। जीवन में किसी भी विचार पर चलना और धारण करना आसान नहीं है। हम जो कुछ धारण करते हैं, वह हमारे आचरण का हिस्सा होता है, तभी जाकर हम सही मायने में जीवन को जीते हैं।

## कोल्हान की खबरें

# विधायक ने किया ज्ञान केंद्र का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित पश्चिमी हलुदबनी एवं मध्य हलुदबनी ग्राम पंचायतों में ज्ञान केंद्र के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य आथिति जुगशालाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए।मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर ज्ञान केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया।विधायक ने कहा केंद्र में स्थानीय छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सामग्री,मार्गदर्शन एवं डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जायेंगे। श्री कालिंदी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उद्देश्य छात्रों को नयी तकनीकी एवं शैक्षिक संसाधनों से लैस करना। विधायक ने कहा यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। श्री कालिंदी ने कहा यह कदम न केवल क्षेत्रीय शिक्षा को बल मिलेगी बल्कि युवाओ में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक माहौल को भी प्रोत्साहित करेगी। मौके पर राजकुमार सिंह, पंकज सिन्हा, सगेन हांसदा, रैना पूर्ति, मुखिया सालखो सोरेन, ग्राम प्रधान हांसदा आदि उपस्थित रहे।

## आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में फुटबॉल और तीरंदाजी के लिए चयन शिविर 16-17 को

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा संचालित आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, खरसावां एवं आवासीय तीरंदाजी अकादमी, दुगनी में खिलाड़ियों के रिक्त स्थानों को भरने हेतु दो दिवसीय चयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया 16 एवं 17 अप्रैल को प्रात्सुबह 8 बजे से फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के लिए खरसावां के ट्रायल अर्जुना स्टेडियम और तीरंदाजी अकादमी दुगनी के लिए ट्रायल प्रशिक्षण केंद्र में शिविर लगाया जायेगा। प्रतिभागियों की आयु 1 अप्रैल 2025 तक 10 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रतिभागियों को दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, विद्यालय द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों का चयन स्किल टेस्ट एवं बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जायेगा। फुटबॉल केंद्र के लिए बलराम महतो एवं संजय सुंडी और तीरंदाजी केंद्र के लिए बी श्रीनिवास राव से संपर्क कर सकते है। ज्ञात हो की झारखंड सरकार द्वारा संचालित इन आवासीय केंद्रों में खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी प्रदान की जाती है। इन केंद्रों से दीपिका कुमारी, पलटन हांसदा जैसे कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश को मिल चुके हैं। यह चयन शिविर राज्य के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए सुनहरा अवसर है।

### टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड एम्पलाइज यूनियन की आमसभा

# संविधान संशोधन, नाम परिवर्तन और ग्रेड पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड एम्पलाइज यूनियन की आमसभा यूनियन कार्यालय, बिष्टुपुर में अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।शनिवार को आमसभा में यूनियन के नए पंजीकरण (24 मार्च 2025), कंपनी के बदले नाम के अनुसार यूनियन के नाम परिवर्तन और संविधान संशोधन पर विस्तार से चर्चा हुई। दिनेश कुमार के प्रस्ताव




पर सदस्यों ने अध्यक्ष को इन कार्यों हेतु अधिकृत किया। संविधान संशोधन हेतु अमन सिंह, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह, सच्चिदानंद, रमेश चौधरी की उपसमिति बनायी गयी। राकेश्वर पांडेय ने बताया 19 माह से लंबित ग्रेड मामले पर 21 अप्रैल के बाद प्रबंधन से लगातार बैठकें होंगी। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के स्किल टेस्ट और 84 नये स्थायी कर्मचारियों की समस्याओं पर समाधान की दिशा में प्रयास जारी है। बैठक में अमन सिंह, संजीव कुमार सिंह, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह, सच्चिदानंद, एसबी राणा, रमेश चौधरी, अनीश झा, आर रवि, बीडी सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रमोद उपाध्याय, रंजन मिश्रा, राकेश कुमार, हरिशंकर प्रसाद सहित 250 से अधिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिलापट्ट से छेड़छाड़ के विरोध में डीसी कार्यालय के समक्ष कांग्रेस का प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी के नेतृत में शिलापट्ट से छेड़छाड़ के विरोध में डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा नगर विकास,आवास विभाग एवं विधायक निधि मद से स्वीकृत योजनाओं के शिलापट्ट हटाए जाने का आरोप लगाया।



इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आक्रोश प्रकट करते हुए इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच के लिए मांग की। प्रदर्शन उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के नाम मांग पत्र उप-विकास आयुक्त को सौंपा। उप-विकास आयुक्त ने मामले को गंभीरता से सुना और मामले में न्यायोचित कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया।जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा नागरिक सुविधा, सड़क परिवहन, चौड़ीकरण और शुद्धिकरण से संबंधित कई योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया गया था। लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। वर्तमान में कार्यकारी एजेंसियां जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं मानगो नगर निगम योजनाओं को क्रियान्वित तो कर रही हैं,लेकिन शिलापट्ट को हटा देना या नहीं लगाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा यह कृत्य राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। वर्तमान विधायक के प्रभाव में आकर कार्यकारी एजेंसियां पूर्व विधायक के नाम हटाने की साजिश में संलिप्त हैं। इससे न केवल स्थानीय जनता, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी भारी आक्रोश है। जिला कांग्रेस ने चेतावनी दी यदि शीघ्र ही सभी शिलापट्ट को कार्यस्थलों पर पुनः स्थापित नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी व स्थानीय नागरिक सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। मौके पर आनंद बिहारी दुबे के साथ राकेश कुमार तिवारी, केके शुक्ला, खगेनचंद्र महतो, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, रामलाल प्रसाद पासवान, डॉ. परितोष सिंह, मनोज झा, संजय तिवारी, बिजय यादव, कमलेश कुमार पांडेय, अशोक सिंह, ब्रजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, काल्टू चक्रवर्ती, अरुण सिंह, रजनीश सिंह, शफी अहमद खान, ईश्वर सिंह, अजय मिश्र, बबन शुक्ला, जसवंत सिंह जस्सी, धर्मा राव, अतुल गुप्ता, आशीष ठाकुर, अपर्णा गुहा, रीता शर्मा, अख्तर मण्डल अध्यक्ष, जे.पी. साहू, राजा ओझा, गुलाम सरवर, अजय शर्मा, रंजीत झा, अमर कुमार मिश्र, मुन्ना मिश्र, उदय कुमार सिंह, गुड्डी देवी, रंजीत सिंह, राजगिरी यादव, सुशील घोष, धीरज कुमार, त्रिनाथ, इरसाद हैदर, निखिल कुमार, परवीन उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने दो पावर सब स्टेशन को किया समर्पित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की शत प्रतिशत सब्सिडियरी वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल ने शनिवार को टिनप्लेट और साकची में दो नये 33 और 6.6 केवी पावर सबस्टेशन का उद्घाटन किया। इस सुविधा का उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील यूआइएसल के एमडी ऋतुराज सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआइएसएल पावर सर्विसेज डिवीजन के सीनियर जीएम विजय प्रकाश सिंह, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड सर्विसेज श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर के चीफ वरुण बजाज, टीएंडडी लेक्ट्रिकल के हेड हरिंदर वर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे. टिनप्लेट सबस्टेशन जमशेदपुर के पूर्वी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगा, जिसमें एग्रिको, भुइंयाडीह, बारीडीह, सिदगोड़ा, भालूबासा, सीतारामडेरा, गाढ़ाबासा, टुइलाडुंगरी, गोलमुरी, विद्यापतिनगर, विजया गार्डन आदि प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यह क्षेत्र लगभग 2.5 से 3 लाख की आबादी को कवर करता है। साकची सबस्टेशन आसपास के क्षेत्रों जैसे काशीडीह, बाराद्वारी और आमबगान को विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगा, जिससे इन शहरी इलाकों में बिजली की आपूर्ति में मजबूती आयेगी। इन नये सबस्टेशनों के चालू होने से लोड का संतुलन बेहतर होगा।

## उपायुक्त अनन्य मित्तल ने की नशे को रोकने के लिए अहम बैठक, थाना स्तर पर चलेगा अभियान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर डीसी ऑफिस में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, एसडीएम घाटशिला सुनील चंद्र समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नशीली दवाओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गयी। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों, नशीले पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण और तस्करी की रोकथाम पर चर्चा की गयी। इसके अलावा नगर क्षेत्र के युवा आबादी में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने और दवा दुकानों में बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवा देने तथा ड्रग पेडलर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई को विभागों को आपसी समन्वय से कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बगैर चिकित्सक के परामर्श के बिक्री हेतु प्रतिबंधित दवाओं की सूची सभी मेडिकल संचालक दुकानों में डिस्पले करेंगे। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार को समाप्त करने के लिएकार्रवाई के निर्देश दिये।

## चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन आज

कांडी (आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर रविवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पिपरडीह गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक भव्य चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस सांस्कृतिक आयोजन में बिहार और झारखंड के प्रसिद्ध गायकों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक शिव शंकर यादव और महावीर यादव अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांडी प्रखंड प्रमुख नारायण यादव होंगे, जो फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने आम जनता से भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुनाथ साह, सचिव सुखनंदन यादव, कोषाध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव, उप सचिव सतीश कुमार पांडेय, उप कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता व अवधेश रजवार सहित अन्य मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक अधिकार मंच ने वक्फ कानून के विरोध में मार्च निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** केंद्र सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किये गये संशोधन के विरोध में अल्पसंख्यक अधिकार मंच के बैनर तले शनिवार को विरोध रैली निकाली गयी। यह रैली मदरसा से शुरू होकर मेन रोड होते हुए टाउन हॉल पहुंची, जहां एक सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर गढ़वा उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, झामुमो नेता फरीद खान, कालीचरण मेहता, मासूम खान, मेराल प्रमुख दीपमाला समेत अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन को अल्पसंख्यकों के अधिकारों के खिलाफ बताते हुए इसे असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण बताया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि वक्फ संपत्तियों की निगरानी, प्रबंधन और उपयोग पर किए गए नए प्रावधानों से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता और संपत्ति अधिकार प्रभावित होंगे। सभा के दौरान वक्ताओं ने वक्फ अधिनियम को निरस्त करने का नारा दिया और केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस संशोधन अधिनियम 2025 को वापस ले या इसमें आवश्यक सुधार करें। इस विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति थे।

# आरके पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनेगा : रौशन दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मीडिया प्रभारी रौशन धर दुबे ने बताया कि गढ़वा जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा का 31वां वार्षिकोत्सव समारोह आगामी 13 अप्रैल 2025 (रविवार) को बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम आरकेवीएस (बीएड कालेज), रेहला रोड के प्रांगण में शाम 6:00 बजे से 8:30 बजे तक संपन्न होगा। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शेखर जमुआर और विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीएम संजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

रौशन धर दुबे ने बताया कि इस वर्ष का वार्षिकोत्सव समारोह न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि यह बच्चों की प्रतिभा को मंच देने वाला एक सांस्कृतिक महोत्सव भी बनेगा।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत, नाटक, और कई रंगारंग गतिविधियां शामिल रहेंगी, जो विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की जायेंगी। स्कूल परिवार और बच्चों में इसे लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम में गढ़वा जिले के गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण, और शिक्षाजगत से जुड़े लोग भी सम्मिलित होंगे। यह आयोजन निश्चित रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। आप सभी स्नेहीजनों से आग्रह है कि इस उल्लासपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनकर बच्चों का उत्साहवर्धन करें और समारोह को और भी यादगार बनाएं।


## अगलगी की दूसरी घटना में खलिहान के अंदर रखे साठ बोझा गेहूं जलकर खाक



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में अगलगी की दूसरी घटना में खलिहान के अंदर रखे साठ बोझा गेहूं के साथ धान का पुआल जलकर खाक हो गया। उक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सगमा प्रखंड के सारदा गांव निवासी किसान झूलन बैठा के खलिहान में शनिवार को दिन के बारह बजे अचानक आग लग गया खलिहान से धुआं उठता देख आस-पास के लोगों द्वारा आग बुझाने के लिए पंपिग सेट से पानी डालने का प्रयास किया गया। साथ ही आग को फैलने से रोकने के लिए जेसीबी की सहायता से इर्द गिर्द रखे फसल को हटाने का प्रयास किया गया। इस घटना से प्रभावित किसान झूलन बैठा ने बताया कि खेत से काटकर खलिहान में रखे साठ बोझा गेहूं तथा उसके बगल में रखे धान का पुआल पूरी तरह जल गया है।

# पिता की हत्या करने वाले अभियुक्तों को थाने में आवेदन देकर गिरफ्तार करने की मांग

**बाकी के पांच अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर खुलेआम घूम-घूम कर जान से मारने की धमकी देते फिर रहे हैं**



**सगमा (आजा)।** धुरकी थाना क्षेत्र के पूतूर गांव निवासी उमा शंकर बैठा ने धुरकी थाना को आवेदन देकर अपने पिता की हत्या में शामिल बाकी बचे अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग किया है उमाशंकर बैठा द्वारा धुरकी थाने को दिए आवेदन में कहा गया है कि बीते दो मार्च को मेरे पिता राम धनी बैठा की हत्या टांगी से काटकर बेरहमी के साथ किया गया था। इस घटना को अंजाम देने वाले मेरे पड़ोसी राजेश्वर बैठा सहित छह लोग शामिल थे, जिसमें धुरकी पुलिस के द्वारा राजेश्वर बैठा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है बाकी के पांच अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर खुलेआम घूम-घूम कर धमकी देते फिर रहे हैं। कहा जा रहा है कि अपना भला चाहते हो तो केस को उठा लो, वरना पूरे घर में आग लगाकर सभी परिवार को मार डाला जायेगा, कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा। इसे देखते हुए थाना प्रभारी से आग्रह है की बाहर घूम रहे अभियुक्तों बनारसी बैठा, काशी बैठा, डब्लू बैठा, मनीष बैठा, गीता देवी को गिरफ्तार किया जाये।

इस संबंध में पूछने पर धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार का कहना है कि उक्त जघन्य हत्या में शामिल मुख्य अभियुक्त राजेश्वर बैठा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है बाकी बचे लोगों के विषय में अनुसंधान की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बाकी बचे लोगों को भी अविलंब गिरफ्तार किया जायेगा ।

# रामनवमी पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर गढ़वा एसपी और एसडीएम को सम्मानित किया





आजाद सिपाही संवददाता

**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल के पदाधिकारियों ने शनिवार को गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय और एसडीएम संजय कुमार पांडेय को रामनवमी पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, जनरल सेक्रेटरी मनीष कमलापुरी, उपाध्यक्ष कमल किशोर चौबे और कोषाध्यक्ष मोहन चंद मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में इस बार रामनवमी पर्व बड़े ही धूमधाम और शांति के साथ मनाया गया, जो सराहनीय है। समिति ने दोनों अधिकारियों को शॉल व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह प्रशासनिक सहयोग मिलता रहेगा।


## दो बाइक आपस में टकरायी, तीन घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत बैतरी गांव के समीप तीखे मोड़ पर शनिवार के दोपहर दो बाईको के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बैतरी गांव निवासी सोनू चौधरी पिता रामचंद्र चौधरी व अंगद राम, पिता बलवंत राम तथा रमना निवासी नीरज कुमार पिता जगदीश राम का नाम शामिल है। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उक्त तीनों घायलों को सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रह है, कि नीरज कुमार बैतरी से काम कर बाईक से अपने घर रमना वापस जा रहा था, जबकि सोनू और अंगद केतार से वापस बैतरी अपने घर लौट रहे थे, तभी बैतरी गांव के समीप तीखे मोड़ पर दोनों बाईकों के बीच सामने से टक्कर हो गयी।

## रंका में कुपोषण और बीमारी से युवक की मौत

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के ग्राम - रंकाकला निवासी राजू बारी उर्फ गोला के पुत्र विकास कुमार (18 वर्ष लगभग) की मौत गरीबी कुपोषण और न्यूमोनिया बलगम नामक बीमारी के कारण शुक्रवार की रात्रि में हो गयी। ज्ञात हो कि मृतक विकास के पिता राजू रंका बाजार पुल के पास ठेला लगाकर चना बादाम वगैरह बेचकर किसी तरह से अधिक अपने परिवार का भरण-पोषण किया करता है। विदित है कि लड़के की मौत गरीबी कुपोषण और उपरोक्त बीमारी से हुई है। क्योंकि मृतक के पिता गरीबी और तंगहाली के कारण समुचित इलाज कराने में असमर्थ है। लड़का की मौत पर रंका के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है, जिसमें रंकाकला पंचायत के समाजसेवी पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, प्रभारी मुखिया रणजीत सोनी, वार्ड सदस्य उपेंद्र प्रसाद और समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# सरकार गोदामों की स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर है : रामकृष्ण कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता विभाग के उप-सचिव रामकृष्ण कुमार ने शनिवार को भवनाथपुर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण झारखंड सरकार के सचिव द्वारा जारी उस निर्देश के आलोक में किया गया, जिसमें राज्य के सभी गोदामों की स्थिति, साफ-सफाई एवं रख-रखाव की समीक्षा करने को कहा गया था। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में उप-सचिव रामकृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार गोदामों की स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में भवनाथपुर एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में साफ-सफाई से लेकर भंडारण की स्थिति तक की जांच की गयी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां या त्रुटियां पायी गयी हैं, उन्हें एक निर्धारित फॉर्मेट में भरकर विभाग को सौंपा जायेगा, ताकि आवश्यक सुधार की दिशा में कदम उठाया जा सके। निरीक्षण के दौरान एजीएम शिव कुमार यादव एवं गोदाम ऑपरेटर दुर्गेश ठाकुर ने उप-सचिव को गोदाम की मौजूदा स्थिति, स्टॉक की मात्रा और भंडारण प्रक्रिया की जानकारी दी। उप-सचिव ने साफ तौर पर निर्देश दिया कि गोदाम की साफ-सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और अनाज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनता तक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित खाद्यान्न पहुंचे, इसलिए गोदामों की स्थिति में सुधार अति आवश्यक है।

## मेराल सब्जी मार्केट में मोबाइल चोर सक्रिय, दो लोगों का चोरों ने उड़ा लिया मोबाइल



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में यदि आप सब्जी खरीदने जा रहे हैं तो सावधान हो जाएं क्योंकि यहां आपके मोबाइल पर चोरों की नजर है। आए दिन यहां मोबाइल की चोरी हो रही है। कई लोगों ने कहा कि अब मोबाइल लेकर सब्जी मार्केट में जाना छोड़ दिए हैं। शनिवार को सब्जी खरीदने पहुंचे स्थानीय निवासी मोती राम तथा संगवरिया निवासी मटूकी सिंह का मोबाईल सब्जी लेने के दौरान मोबाइल चोरो ने उड़ा लिया। इससे पहले कई लोगों का मोबाइल सब्जी बाजार से चोरी हुई है। बहुत दिनों से थाना पुलिस द्वारा इसपर कोई करवाई नहीं करने से जहां भुक्तभोगी आहत हैं वहीं मोबाइल चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

## मलेरिया संबंधित प्रशिक्षण दिया गया



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के सभागार में शनिवार को मलेरिया इचार्ज विद्यानंद प्रजापति के द्वारा सहिया साथी और सहिया को मलेरिया संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में बताया गया कि अगामी 12 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक मलेरिया मास सर्वे किया जाना है, जिसमें वैसे मरीजों का जांच करना है, जो बुखार से ग्रसित हो जिसको बुखार लगता हो उन्ही का ब्लड जांच किया जायेगा।

## हर्षोल्लास से मनाया गया हुनमान जन्मोत्सव

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार में वीर बजरंग बली, अंजनी के लाल, महाबली हनुमान की जन्म जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारत माता, ॐ, सरस्वती माता एवं वीर बजरंगबली के चित्र पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्या रीता दीदीजी के द्वारा हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। सभी भैया बहनों ने तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से हनुमान चालीसा पाठ को दुहराया। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने रामायण की चौपाई को लयबद्ध गाते हुए सभी भैया बहनों ने भी राम सिया राम सिया राम जय जय राम कहते हुए प्रधानाचार्य का साथ दिया। जिससे विद्यालय परिसर के साथ आस पास का वातावरण भी भक्तिमय हो गया। आचार्य रमेश विश्वकर्मा एवं अनुज कुमार ने हारमोनियम एवं नाल ( ढोलक ) की धुन से सबमें संगीत की लहर दौडा दी। कार्यक्रम में आचार्य अशोक कुमार, अरुण कुमार, अजीत कुमार चौबे, इन्द्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, नीतू गुप्ता, प्रीति शर्मा, शुभद्रा देवी, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, मनीष कुमार पटेल, अमन कुमार, सुगन देवी, बिरेन्द्र बैठा उपस्थित थे।

## सोहवरिया में वीरांगना फूलन देवी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

# टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर : डॉ लालमोहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के सोहवरिया गाँव में वीरांगना फूलन देवी क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा इस प्रकार का खेल का आयोजन करने से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल से खिलाड़ियों को शारीरिक, मानसिक मजबूती के साथ-साथ अनुशासन की सीख मिलती है। मंडल अध्यक्ष रूपू महतो ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने के लिए पंचायत स्तर पर कमल क्लब का गठन कर प्रोत्साहन राशि भेज कर खेल खेलाना शुरू किया था, परंतु वर्तमान सरकार के द्वारा खिलाड़ियों को कोई सुविधा न देकर उनके प्रतिभा को कुंठित करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि टूर्नामेंट में तेनार पंचायत के सभी 13 वार्डो के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला जायेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रभु चौधरी के द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच वार्ड नंबर 6 एवं वार्ड नंबर 10 के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। जिसमें वार्ड नंबर 6 ने मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच श्रवण चौधरी को दिया गया। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, युवा मोर्चा उतरी मंडल अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## युवक ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर कर आत्महत्या की

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल थाना क्षेत्र के ग्राम - सोनदाग निवासी रामलाल सिंह के पुत्र रमेश सिंह उम्र - 35 वर्ष (लगभग) ने शनिवार को संध्या 7.00 बजे के लगभग में अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर कर आत्म हत्या कर ली। आत्म हत्या करने की कारण का पता नहीं चल पाया है। घटना की खबर सुनकर सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी, झामुमो पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गिरू राम मृतक के घर पहुंचे और जायजा लेने में लगे थे। सूचना के आधार पर रंका पुलिस घटनास्थल पर पहुंच अंत्यपरीक्षण हेतु शव गढ़वा भेजने की तैयारी में जूट चुकी थी। परिवार जनों की रो-रो कर बुरा हाल है।

## न्यायाधीश ने बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल का किया उद्घाटन

# शिक्षा बच्चों का अधिकार है : संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार सिंह ने श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत सिरियाटोंगर में बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन फीता काटकर और मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एडीजे प्रथम संजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक अच्छे शिक्षण संस्थान का होना आवश्यक है। यह नया स्कूल शैक्षणिक विकास के क्षेत्र में इस एरिया के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बालकों के लिए अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के विषय में बच्चों एवं अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश भर में आरटीई लागू होने के कारण शिक्षा बच्चों का अधिकार है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर जोर देने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि जेएम सह जज इंचार्ज शैलेंद्र कुमार नापित ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा समय की मांग है। उम्मीद है कि स्कूल इस खरा उतरेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह रास्ता है जो व्यक्ति को मंजिल पर पहुंचाता है। प्राचार्य रवीश प्रजापति ने अभिभावकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को विद्यालय की विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा की विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए इस विद्यालय में सभी सुविधा उपलब्ध है।

# तीन दिवसीय सूर्य सहस्त्रार्चन और राम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन

आजाद सिपाह संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर की चौथी स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय श्री सूर्य सहस्त्रार्चन एवं संगीतमय राम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया। शनिवार को यज्ञाचार्य श्री सौरभ भारद्वाज जी के नेतृत्व में दिव्य जलयात्रा निकाली गयी। इस जल यात्रा में मुकुंदपुर पंडा नदी से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जल उठाकर मंत्रोचार एवं जयकारी के साथ श्री सूर्य नारायण मंदिर नारायण वन में लाकर स्थापित किया। मौके पर मुख्य यजमान दुर्गेश ठाकुर धर्मपत्नी रानी देवी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, मुखिया मूंगा साह, यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मंजेश गुप्ता, अजय सिंह, दिनेश वर्मा, सुनील, मंदिर के पुजारी ओमनारायण पंडित सहित अन्य सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। नारायण वन श्री सूर्य नारायण मंदिर में कार्तिक छठ महापर्व के अवसर झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से लोग अपनी कामनाएं लेकर आते है।

# टीएसपीसी के छह उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस के बड़ी कार्रवाई प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सक्रियता को लातेहार के जंगलों में देखा गया। वही सभी उग्रवादी हथियार से लैश थे। बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार के जंगलों में नक्सलियों को घूमते हुए देखा गया था। वहीं नक्सली अपना पहचान छुपा कर क्षेत्र का रेकी कर रहे थे और बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे हुए थे। इधर लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि प्राप्त सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में ग्राम होंलग/हेसाबार भांग जंगल से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी के पास से चार राइफल एक रिवाल्वर और 1102 चक्र जिंदा कारतूस तथा कई सामान बरामद किया गया। ये सभी टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य हैं एवं लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ठेकेदारों और कारोबारियों को भय दिखाकर लेवी वसूलने के लिए लगातार दबाव बना रहे थे। इसी क्रम में इनके द्वारा हाल ही में चंदवा थाना अंतर्गत डगडगिया पुल सरक रोड एवं लातेहार थाना अंतर्गत रेलवे विकास कार्य का रामकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोड निर्माण कार्य एवं टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कारोबारी से टीएसपीसी संगठन का पर्चा देकर लवी के लिए दबाव बना रहे थे। साथ ही कई जगहों पर लेवी वसूली भी किए हैं। यह सभी नक्सली पूर्व में भी कई थानों से गिरफ्तार होकर जेल भेजे गये हैं। इन सभी का आपराधिक इतिहास रहा है। जिसमें नारायण भोक्ता उर्फ आदित्य जी टीएसपीसी संगठन का सब जोनल कमांडर रहा है और जेल में भी गया था।

**बरामद सामानों की सूची :** 315 का राइफल कल कर रिवाल्वर ऑटोमेटिक एक कल 19 चक्र जिंदा कारतूस एक-47 राइफल का कल 39 चक्र जिंदा कारतूस एक-56 राइफल का कल 405 चक्र जिंदा कारतूस 315 राइफल का कल 333 चक्र जिंदा कारतूस 30-06 का, सील बंद पैकेट जिसमें 400 चक्र जिंदा कारतूस30-06 का, कुल्चा चक्र जिंदा कारतूस 7.65 का सभी को मिलाकर 1102 चक्र जिंदा कारतूस्थ बरामद किया गया साथ में तीन पूछ चितकबरा पजामा दो पल्सर मोटरसाइकिल एक प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी का खाली लेटर पैड एवं लिखा हुआ परचाप ही बरामद किया गया।

**नारायण भोक्ता का आपराधिक इतिहास :** लातेहार थाना कांड संख्या 144 /2013 लातेहार थाना कांड संख्या 76/2025 चंदवा थाना कांड संख्या 192/ 2024 रामकंडा थाना (गढ़वा )कांड संख्या 47/2025 कुडू थाना कांड संख्या है।

**आलोक यादव उर्फ अमरेश यादव का आपराधिक इतिहास :** महुआडार कांड संख्या 12/ 2013 महुआडार कांड संख्या 40 / 2015 महुआडार कांड संख्या 2/2017 महुआडार कांड संख्या 8/2017 लातेहार थाना कांड संख्या 144/ 2013 लातेहार कांड संख्या 155/ 2013 लातेहार थाना कांड संख्या 158 / 2016 लातेहार थाना कांड संख्या 76 / 2025 चंदवा थाना कांड संख्या 192/2024 पांकी थाना कांड संख्या 39 / 2011 रामकंडा थाना कांड संख्या 147 / 2024 है।

## गिरफ्तार उग्रवादी का नाम और पता

नारायण भोक्ता उर्फ आदित्य जी उम्र 46 वर्ष पिता स्वर्गीय पोषण भोक्ता ग्राम हेसाबार थाना बालूमाथ जिला लातेहार सबजोल कमांडर, आलोक यादव उर्फ अमरेश यादव उम्र 38 वर्ष पिता कमलेश्वर प्रसाद ग्राम 12 थाना पांकी जिला पलामू सबजनल कमांडर, अमित दुबे उर्फ छोटे बाबा उम्र 39 वर्ष पिता धीरेंद्र कुमार दुबे ग्राम पथरही थाना लेस्लीगंज एरिया कमांडर, महेंद्र ठाकुर उम्र 35 वर्ष पिता बजरंगी ठाकुर ग्राम बरैनी थाना सदर जिला चतरा, संजय उरांव उर्फ भगत की उम्र 29 वर्ष पिता टीना उरांव ग्राम आलोदिया थाना चंदवा, इमरान अंसारी उम्र 27 वर्ष पिता कुर्बान अंसारी ग्राम बरैनी सदर जिला चतरा शामिल है।

**इमरान अंसारी का आपराधिक इतिहास :** लातेहार थाना कांड संख्या 76/2025 चंदवा थाना कांड संख्या 192/2024 सदर थाना चतरा कांड संख्या 130/ 2020 सदर थाना चतरा कांड संख्या 03/2025 कोतवाली थाना कांड संख्या 51/2021 रामगढ़ थाना कांड संख्या 57/2021 रामकंडा थाना कांड संख्या 47/ 2024 है।

**संजय उरांव उर्फ भगत जी का आपराधिक इतिहास :** बालूमाथ कांड संख्या 155/2014 बालूमाथ कांड संख्या 159/ 2014 चंदवा थाना कांड संख्या 32/2017 चंदवा थाना कांड संख्या 141/2018 चंदवा थाना कांड संख्या 192/2024 लातेहार थाना कांड संख्या 76/ 2025 रामकंडा थाना कांड संख्या 47 /2024 है।

**अमित दुबे उर्फ छोटे बाबा का आपराधिक इतिहास :** लातेहार थाना कांड संख्या 153/2013 लातेहार थाना कांड संख्या 76/2025 चंदवा थाना कांड संख्या 192/2024 लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 171/2019 रामकंडा थाना कांड संख्या 47/ 2024 है।

**छापेमारी दल में पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों का नाम :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ विनोद रवानी पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ अमरेंद्र कुमार थाना प्रभारी बालूमाथ देवेंद्र कुमार बरियातू थाना प्रभारी शशि कुमार मनिका थाना प्रभारी अनुभव सिन्हा रंजन कुमार पासवान हुसैन डांग गौतम कुमार राजा दिलावर विक्रांत कुमार उपाध्याय सत्येंद्र कुमार मनिका थाना प्रभारी राहुल कुमार दुबे तकनीकी शाखा लातेहार आईटीबीपी के जवान शामिल थे।

## गांधी इंटर कॉलेज में पोषण पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार पोषण पखवाड़ा के तहत गाँधी इंटर कॉलेज, लातेहार में विभाग स्तर से गतिविधियों के कैलेंडर के अनुरूप लाभार्थी पंजीयन कार्यक्रम कराया गया। उपस्थित छात्राओं को जिला के निशांत शर्मा द्वारा सभी किशोरिया व्यक्तिगत जानकारी पोषण ट्रैकर एप्प में कैसे अपलोड करें इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र अमवाटीकर लातेहार में विभाग स्तर से गतिविधियों के कैलेंडर के अनुरूप टीकाकरण एवं टीएचआर वितरण कार्यक्रम कराया गया। उपस्थित गर्भवती, धात्री माता तथा छात्राओं से पोषण से सम्बधित सवाल जवाब भी किए गए। सभी किशोरिया व्यक्तिगत जानकारी पोषण ट्रैकर एप्प में कैसे अपलोड करें इसकी विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि लाभार्थी पंजीयन का कार्य सभी किशोरी अपने अपने मोबाइल से कर सकती है। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका, संबंधित आदि उपस्थित थे।

## ध्यानाकर्षण रैली सह ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

मनिका (आजाद सिपाही)। झारखंड ऑफिस्सर्स टीचर्स एंड एंप्लाईज फेडरेशन (झारोटेफ) प्रखंड इकाई मनिका के द्वारा कर्मचारियों के 3 प्राथमिक एवं 8 विशिष्ट माँगों के लिए राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कराने हेतु संघ अपने दूसरे चरण के आंदोलन में दिन शनिवार को ध्यानाकर्षण रैली सह ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां कार्यक्रम के तहत अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष निरज कुमार ने बताया कि अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने इत्यादि न्यायोचित मांगो के संबंध में यह आंदोलन पूरे राज्य भर में चलाया जा रहा है। इस आंदोलन में संघ के जिला इकाई से हीरा यादव, जिला मिडिया प्रभारी संदीप पासवान, कामेश्वर राम, मंगरु यादव, उदय महतो, अखिलेश पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नीलेश पांडेय समेत मनिका प्रखंड के कई कर्मियों ने भाग लिया।

### सांसद सुखदेव भगत ने विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की

# कम राशन मिलने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** कैरो प्रखंड में आज लोहरदगा लोक सभा के सांसद सुखदेव भगत शनिवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर विभागीय पदाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक किया। इस सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और अन्य पदाधिकारियों द्वारा सांसद, उनके निजी सचिव आलोक कुमार साहू, जिला प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु, नेसार अहमद, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, अनवर अंसारी आदि को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर विभागवार समीक्षा करते करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने अबुआ आवास में स्वीकृत अल्पसंख्यक लाभुकों का भुगतान नहीं होने, मनरेगा में कूप निर्माण, बागवानी अंतर्गत सही तरीके से पौधरोपण उसका देखरेख, खेल और विकास योजना के अंतर्गत मैदान और आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डधारियों को वजन में कम राशन मिलने की शिकायत पर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने की बात कही। बैठक के दौरान सांसद ने कहा कि आज पहली बैठक है ईमानदारी पूर्वक काम करने वाले कर्मियों को बधाई, लेकिन जो भी कर्मी काम के प्रति लापरवाह है जिम्मेवारी पूर्वक काम नहीं करते है उनके खिलाफ शिकायत मीलने पर कार्रवाई के लिए अनुसंशा भी की जा सकती है। मौके कल्याण विभाग के द्वारा पर विद्यायल के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया, साथ ही दो दिव्यागों के बीच ट्राईसाइकिल का भी वितरण किया गया और प्रखंड परिसर में पौधरोपण किया गया।

# असामायिक वर्षा का कहर, ईंट भट्ठों में लाखों ईंटें बर्बाद, संचालक हलकान

सत्यकाम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में पिछले तीन दिन से रुक रुक कर हो रही असामयिक वर्षा के दौरान शनिवार अपराह्न को भी गरज के साथ हुई। बारिश के साथ आंधी-तूफान ने ईंट भट्ठा कारोबार को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिले के कुडू, कैरों, सेन्हा, किस्को, भंडरा, पेसरार समेत सदर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में संचालित सैकड़ों ईंट भट्ठों पर इसका व्यापक असर पड़ा है। बारिश इतनी तेज थी कि, भट्ठों में पकने के लिए तैयार लाखों ईंटें गलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गया। ईंटों को बचाने के लिए किये गये तमाम इंतजाम तेज हवाओं और बारिश के सामने बेअसर साबित हुए। ईंट भट्ठा संचालकों के अनुसार, इस बेमौसम बारिश के कारण प्रत्येक भट्ठे को लाखों का नुकसान हुआ है। कई भट्ठों में कच्ची ईंटें जो अभी पूरी तरह सूखी भी नहीं थीं, वे भी मिट्टी में तब्दील हो गयीं। भट्ठा संचालकों का कहना है कि ईंट निर्माण में पहले ही मजदूरी, ईंधन और अन्य खर्चों में काफी राशि खर्च हो चुकी है। अब दोबारा निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने और मजदूरों को भुगतान करने के लिए आर्थिक संसाधन जुटाना बेहद कठिन हो गया है। खासकर छोटे और मध्यम स्तर पर ईंट भट्ठा चलाने वाले संचालकों के सामने भारी संकट खड़ा हो गया है। कई लोगों ने उधारी या कर्ज लेकर यह व्यवसाय शुरू किया था, लेकिन इस प्राकृतिक आपदा ने उनके पूरे निवेश को मिट्टी में मिला दिया है। लोहरदगा जिले में ईंट उद्योग केवल व्यापार नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन भी है। बेमौसम बारिश ने न केवल व्यवसाय को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि मजदूरों, वाहन चालकों और इससे जुड़े सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है।

## बीडीओ ने रोजगार सेवक का किया तबादला

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने रोजगार सेवक के पूर्व के आवंटित पंचायत में प्रशासनिक दृष्टिकोण और कार्यहित में कार्यरत रोजगार सेवक को मनरेगा अधिनियम के तहत आंशिक संशोधन करते संचालित मनरेगा योजनाओं को गति देने हेतु रोजगार सेवक को नये सिरे से पंचायत आवंटित करते हुई। बीडीओ द्वारा शुक्रवार को जारी किये गये आदेश में रोजगार सेवक कमलेश कुमार सिंह को मांगरा एवं केचकी पंचायत, मो औरंगजेब खान को केड पंचायत, मनीष कुमार को चुंगरू, मो अख्तर हुसैन को खुरा, सुशीला तिर्की को छिपादोहर पंचायत, विजय कुमार सिंह को पोखरी कला पंचायत, मो असलम अंसारी को कुचिला, जितेंद्र कुमार रजक को मोरवाई कला पंचायत, सतेंद्र उरांव को ऊकामाड़ पंचायत, कंचन बाला को बरवाडीह पंचायत, मो असगर अंसारी को बेतला पंचायत, परमेश्वर सिंह को लात पंचायत, अरविंद कुमार को छेछा पंचायत, त्रिवेणी राम को हरातू पंचायत आवंटित किया गया है।

## शांति, सौहार्द और आदिवासी रीति रिवाज के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बदला पंचायत ग्राम में शनिवार को शांति व सौहार्द से आदिवासी रीति रिवाज के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। वही सरहुल के अवसर पर गांव का पहान राजू उरांव और पुजार के द्वारा संयुक्त रूप से गांव के सरना स्थल में साल वृक्ष का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। वहीं सरहुल जुलूस बदला, आराहंसा, गोबरसेला, टंगराटोली सहित विभिन्न गांवों में भ्रमण किया। मौके पर सरहुल जुलूस में दिलीप उरांव, छोटू महली, जय टोप्पो, नंदकिशोर उरांव समेत सैकडों आदिवासी महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग व अन्य शामिल थे।

# जनता के पैसे का सही उपयोग जरूरी आरोप नहीं समाधान पर हो ध्यान : संदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के मुखिया संघ द्वारा जिला परिषद सदस्य पर लगाये गये आरोपों को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। जिसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सेन्हा की सदस्य राधा तिर्की, कैरों के सदस्य सुखदेव उरांव सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि संबंधित मामले की जांच पहले से ही जिला परिषद बोर्ड द्वारा गठित एक विशेष समिति द्वारा की जा रही है। इस समिति में संबंधित क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य के अलावा प्रमुख और प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी शामिल किया गया है। ऐसे में जांच प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही मुखिया संघ द्वारा लगाये गये आरोपों को सभी सदस्यों ने अनुचित और असमय बताया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि जब तक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी एक सदस्य पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं होगा। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता ने किस्को बीडीओ से संपर्क कर जांच रिपोर्ट को शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया। संदीप गुप्ता ने आरोपों को निराधार बताते हुए जानकारी दी कि 9 अप्रैल 2025 को किस्को प्रखंड सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी थी, जिसमें प्रमुख, बीडीओ, समन्वयक, कार्यक्रम पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी तथा विभिन्न पंचायतों के सचिव उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से देश की सेवा में अपना योगदान देते : पवन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को लोहरदगा प्रखंड के जोरी पंचायत में भाजपा नेता पवन तिग्गा के नेतृत्व में ग्राम ओयना के हनुमान मंदिर परिसर और बखरी टोली में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला एवं बुजुर्ग उपस्थित हुए। पवन तिग्गा ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा विकास से हम लोग को कोसों दूर रखा गया है। जैसे उप स्वास्थ्य केंद्र यहां है लेकिन मात्र एक नर्स आती है। अपना हाजिर बना के चली जाती है और इस तरह से जीरो से 5 साल के बच्चों को पोषाहार के लिए 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिसके चलते शिशु एवं बच्चियों बच्चों को पोषाहार लेने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बखरी टोली में मिनी आंगनबाड़ी सेंटर संचालित किया जाना चाहिए। पीएम आवास, आबुआ आवास से हम लोगों को वंचित रखा गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि आप लोगों का सूची में नाम है लेकिन नंबर आने में समय लगेगा। सफाई अभियान में अशोक चौहान, सूरज दुबे, राम सुंदर यादव, अनमोल यादव, कार्तिक दास, अमित महली, दिलेश्वर इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंडर 16 टूर्नामेंट में रांची ने रामगढ़ को पांच विकेट से हराया





लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मैच में रांची ने रामगढ़ को पांच विकेट से हराकर झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी में अपनी जीत दर्ज की। वहीं रामगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बनाए, जिसमें देवेश गोयल ने 56 रन और शुभम प्रियदर्शी ने 22 रन का योगदान दिया। जबकि रांची की ओर से वैभव संतोष ने तीन विकेट और हर्ष कुमार ने दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए रांची की टीम ने 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाकर मैच जीत लिया। वहीं वैभव संतोष को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्हें 5000 रुपये का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में जेएससीए के प्रतिनिधि राजेश कुमार झा और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर अंपायर राजेश्वर सिंह, संजय कुमार सिंह और स्कोरर सूरज कुमार, शुभम मेहता भी उपस्थित थे।

## जेएनवी में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में शामिल हुए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक





सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में उपायुक्त की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति का बैठक आयोजन किया गया। आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत के अलावा भवन निर्माण विभाग के अभियंता सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सक और दो अभिभावक प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे। वहीं बैठक के उपरांत उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त के द्वारा विद्यालय के सभगार में विद्यालय के बच्चे बच्चियों के साथ शिक्षा और विद्यालय में व्यवस्था से सम्बंधित चर्चा किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आपस मे रेगिंग नहीं करने का निर्देश देते हुए रैगिंग का परिणाम एवं सजा के बारे में बच्चों को जानकारी दी गयी। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा जिला के वरीय पदाधिकारियों से करियर के संबंध में अनेकों तरह का सवाल पूछा गया, जिसके विषय में जवाब जिला के अधिकारियों के द्वारा विस्तृत रूप से दी गयी। मौके पर बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य अवनीश चंद्र झा, सूरज पांडेय, धनंजय कुमार, अरुण नागलोट, मंजू कुमारी समेत सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# 'बस्ती चलो अभियान' के जरिए भाजपा नगर मंडल का डोर-टू-डोर संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा नगर मंडल द्वारा शनिवार को 'बस्ती चलो अभियान' का सशक्त शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आगाज सुबह 11 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख मोहल्लों तिवारी दुरा, लहरी मोहल्ला, धोबी मोहल्ला सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए और उन्हें केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर उनके अनुभव भी साझा किये गये। इस विशेष अभियान में अशोक कसकर, सत्यम कुमार, विजय चंद्रशेखर अग्रवाल, चंदन गोप, रवि सिंह, गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आर्ची अग्रवाल, भूमि गोयल, अंतरा कुमारी, काजल कुमारी, खुशी कुमारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कार्यकाल की उपलब्धियां भी लोगों के समक्ष रखीं। उन्होंने बताया कि किस तरह मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को जमीन पर उतारा है। स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं देश के कोने-कोने में लोगों के जीवन को बदल रही हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा, संगठन और समर्पण के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। कार्यक्रम के समापन पर नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा, 'बस्ती चलो अभियान भाजपा की जन-जन से सीधा जुड़ाव बनाने की एक पहल है, जो आगामी समय में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और जनविश्वास को और प्रबल करेगी।'

## इष्ट देवता हनुमान समस्त मानव जाति के रक्षक हैं : कुलदीप



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में चैत्र पूर्णिमा के अवसर में हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के तत्वाधान में छात्र छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिलामंत्री रंजीत साहू,प्रखंड मंत्री रामलगन महतो, बजरंग दल सेन्हा प्रखंड प्रमुख सुरेन्द्र साहू, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुदेश्वर साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर खेल का प्रारंभ किया गया। वहीं विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह ने कहा कि हनुमान समस्त मानव जाति के रक्षक हैं। वहीं इस अवसर पर विद्यालय में कबड्डी खेल प्रतियोगिता करायी गयी। कबड्डी खेल आयोजित करने के लिए चार टीम बनाया गया था, जिसमें बालकों का दो ग्रुप शिवाजी और संभाजी ग्रुप तथा बालिकाओं का दो ग्रुप दुर्गावती और लक्ष्मीबाई ग्रुप जिसमे शिवाजी ग्रुप 35 अंक एवं दुर्गावती ग्रुप 6 अंक के साथ कबड्डी प्रतियोगिता के बीच टीम विजेता रही। जिसमें विजेता और उप विजेता को विश्व हिंदू परिषद के तरफ से विशेष पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के खेल प्रमुख आचार्य सुधीर उरांव को बेहतर कोच की भूमिका के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार रविकांत कुमार को नगद पुरस्कार दे कर सम्मानित गया। मौके पर प्रतिभा देवी, मालती कुमारी, मीना देवी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, अंजनी देवी, सुभाषिनी देवी, अनुबाला देवी, सुधीर, जयप्रकाश सिंह समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

### पांकी में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए पलामू सांसद, कहा

# समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना ही भाजपा का उद्देश्य

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे सांसद विष्णु दयाल राम।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम शनिवार को पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भाजपा के कार्यों, उपलब्धियों एवं पार्टी के अनुशासनों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी आज कार्यकर्ताओं की बदौलत ही बन पायी है। उसी का परिणाम है कि हमारी सरकार आज देश हित में ऐतिहासिक फैसले दृढ़ता से ले पा रही है। उन्होंने कहा कि जिस धारा 370 को हटाने के लिए डॉ श्यामाप्रासाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया आज उसे केंद्र की मोदी सरकार ने हटाकर दिखा दिया है। वहीं राजनीति का अखाड़ा बन चुकी रामजन्म भूमि 500-600 साल बाद मोदी सरकार में ही बन पाया है। कहा कि देश में हमारी सरकार के कार्यकाल में 54 हजार करोड़ किमी की सड़क निर्माण का कार्य 14 लाख करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है। जबकि छूटे हुए सड़कों का भी जल्द ही निर्माण कार्य कराया जायेगा। सांसदों के अनुरोध पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 4 को स्वीकृति दी गई है जिसमें सांसदों के अनुशंसा पर सड़क निर्माण कार्य कराया जायेगा। सांसद ने कहा कि हमें गर्व है कि हम भाजपा के सक्रिय सदस्य है। कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना ही भाजपा का उद्देश्य है। अन्य पार्टियां जातिगत और परिवारवाद की राजनीति करती है, जबकि भाजपा विकास की राजनीति करती है। पार्टी सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। उधर, कार्यक्रम के बाद सांसद ने पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई भी की। साथ ही दूसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम मे सांसद ने पंचायत सचिवालय सगालिम में लाभार्थी चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण को लेकर बताया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम सिंह, युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष किसलय तिवारी, जिला महामंत्री विजय ठाकुर, अजय गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, साधु माझी, अरुण सिंह, अजय तिवारी, ईश्वरी पांडेय, भोला पाण्डेय, मनीष कुमार, सगालीम मुखिया सुनील प्रजापति, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, मनोरंजन दुबे आदि उपस्थित रहे।

## तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त विपक्ष लोगों को हर बार भड़काने का करता है प्रयास : विधायक

**विश्रामपुर में भाजपा के विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सेवा पखवाड़ा पर जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी सभागार में शनिवार को भाजपा का विधानसभा (विस) स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार उर्फ टिकैत चौबे, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव और सासंद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के स्थापना दिवस पर शुरू की गयी सेवा पखवाड़ा पर आयोजित सभी कार्यक्रमों को लेकर जमीनी स्तर तक जाने पर जोर दिया गया। वहीं, विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार राष्ट्रहित में कई ऐतिहासिक बिल सदन से पास करा रही है। जिले लेकर विपक्ष हर बार भ्रम फैला रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ सबका विकास के अपने संकल्प पर चलते हुए सभी धर्म के सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की भागीदारी तय कर रहे हैं। जिसे विपक्ष पचा नहीं पा रहा है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाला विपक्ष लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ता लोगों के पास जाये और उन्हें सही बात बतायें। वहीं, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर छह अप्रैल से शुरू किया गया सेवा पखवाड़ा 14 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान मंदिर-मठ के पुजारियों को सम्मानित किया जायेगा। क्षेत्र में स्थापित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जायेगा। वक्फ संशोधन बिल की सच्चाई से लोगों को अवगत कराया जायेगा। ताकि विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम दूर हो। वहीं, अनुज पांडेय ने कहा कि भाजपा का मिशन लोगों की सेवा करना एवं राष्ट्र को मजबूत करना है। मौके पर शिवबंश मिश्रा, विकास चौबे मिंटू, किरण शर्मा, रामलला दुबे, उपेन्द्र तिवारी, अर्चना देवी, किरण देवी, सत्यनारायण सोनी आदि मौजूद थे।

## धनबाद-बेरमो-बोकारो की खबरें

### सेल जीतपुर कोलियरी गेट के समीप उप महाप्रबंधक का पुतला फूंका गया




**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल जीतपुर कोलियरी को बंद करने के प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के जीतपुर कोलियरी शाखा सचिव रंजीत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को श्रमिकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान जीतपुर कोलियरी गेट के समक्ष उप महाप्रबंधक मनीष कुमार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जीतपुर खदान को बंद करने का निर्णय वापस लेने, श्रमिकों के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करना बंद करने जैसे लाने लगाये गये। शाखा सचिव रंजीत कुमार ने कहा कि वर्षों से उत्पादन एवं उत्पादकता में उत्कृष्ट कार्य और बेहतर प्रदर्शन कर रहे सेल जीतपुर कोलियरी को आनन-फानन में बंद करने का निर्णय लेना अप्रसांगिक और असंवैधानिक है। कोलियरी को बंद करना राष्ट्र, उद्योग और श्रमिक हित के विपरीत है। यह वित्तीय गड़बड़ी को छिपाने का एक सुनियोजित साजिश है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खदान के अंदर लगे मोटर पंप, कोयला फेस और सुरक्षा के सभी उपकरण ठीक है। प्रबंधन के इस तुगलकी फरमान से सैकड़ों ठेका श्रमिको के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो जायेगी। उनका अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने सेल जीतपुर खदान को बंद करने का निर्णय वापस लेने, श्रमिकों के भविष्य निधि, पेंशन एवं अन्य मद की राशि अप्रैल महीने तक का निष्पादन कराने, भविष्य निधि ऑनलाइन एवं पेंशन नियमित करने, खदान को चालू रखने के लिए माइनिंग विशेषज्ञ कुमार उपेन्द्र को वापस बुलाने और सिंफर एवं डीजीएमएस के कुशल नेतृत्व में खदान का भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित कर सुरक्षित संचालन करने आदि की मांग की गयी। कहा कि खदान को बंद करने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष संजय बहादुर, शिव कुमार तिवारी, माया देवी, वीरेंद्र शर्मा, लखन पासवान, सुनीता देवी, सुभाष शर्मा, दीपक थापा, विजय यादव, रवि गोप, दाऊद अंसारी आदि मौजूद थे।

### भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी का गठन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद धनबाद मुख्य शाखा की वर्ष 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को की गयी। संस्था के लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुसार वार्षिक चुनावों के माध्यम से यह चयन संपन्न हुआ। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष किसन गोयल, महासचिव सुदीप चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष पवित्र तुलसीयान शामिल हैं। वहीं, नव निर्वाचित अध्यक्ष किसन गोयल ने कहा कि परिषद की मूल भावना सेवा, संस्कार और समर्पण को आत्मसात करते हुए वे समाज के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और राष्ट्रभक्ति जैसे क्षेत्रों में ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता भी जताई। इस मौके पर शाखा के मुख्य सलाहकार योगेंद्र तुलसीयान, प्रांतीय पदाधिकारी संजय जैन (प्रभारी संपर्क), दीपक गुप्ता, अजय प्रसाद, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कतरास सालासर मंदिर पहुंचे रोहित यादव, पूजा-अर्चना की



**कतरास (आजाद सिपाही)।** हनुमान जन्मोत्सव पर कतरास नदी किनारे स्थित सालासर बालाजी मंदिर में पूजा करने शनिवार को समाजसेवी सह जनता मजदूर संघ के उपाध्यक्ष रोहित यादव पहुंचे थे। आचार्य राज बिहारी शर्मा एवं रास बिहारी शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करवाया। वहीं, रोहित यादव ने मंदिर की भव्यता और खूबसूरती की प्रशंसा की। बतातें चलें कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद पहली बार किसी कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्र की सुख शांति के लिए कामना की। मौके पर डॉ वीएन चौधरी, सुशील चौधरी, अमित कौशिक, विकास चौधरी, पप्पू दुबे, राजू सिंह, अनुराग राजगड़िया, रणधीर बर्मन, दिनेश जेठवा, दीपक सिंह, भोला आदि उपस्थित थे।

## संतुलित आहार सभी के लिए आवश्यक : प्रो. राहुल

**एनएसएस ने चलाया पोषण जागरूकता अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला एएके सिंह कॉलेज नएसएस इकाई की ओर से शनिवार को गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह में पोषण पखवाड़ा के तहत स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर माता और बहनों से संपर्क कर पोषण आहार के प्रति जागरूक किया गया। इसके पूर्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों, बच्चों एवं स्वयंसेवकों को पोषण आहार के प्रति शपथ दिलाई। वहीं, प्राणी विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह द्वारा पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद मेहता एवं कई माताओं ने पौष्टिक आहार पर चर्चा की। साथ ही बच्चों को जंक फूड खाने से परहेज करने और मोटे अनाज खाने पर बल दिया। स्वयंसेवकों में रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रिया कुमारी, नैंसी कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, गौरव कुमार, आलोक कुमार, बंटी कुमार, कुंदन कुमार शर्मा आदि ने घर-घर जाकर माता-बहनों एवं बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बाजार से अनावश्यक सामान बच्चों को ना खिलाने की अपील की। इस मौके पर प्रिंस कुमार सिंह, विवेक कुमार और मनीष कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर पूजन- भंडारा का हुआ आयोजन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री संकट हरण हनुमान मंदिर समिति छाताबाद में हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को भव्य पूजा एवं महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने भक्ति भाव से हनुमान जी की पूजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समाजसेवी डब्ल्यू हाड़ी, विकासचंद्र दास, राजेश केसरी, बिनोद साहु, सुजीत गुप्ता, अमर साव, विक्रम ठाकुर, मोहन हाड़ी, देवेंद्र शर्मा, जयबहादुर पासी, अवधेश वर्मा, जीतू रजक, बबलू साव, ओम हाड़ी, उत्तम हाड़ी, संजय केसरी, सरवन कुमार हाड़ी, इंद्रजीत सिंह, रिषभ रजक, विकास हाड़ी, सुनील दास, रेशम हाड़ी, पिंटू हाड़ी, गुटन दास, महाबीर हाड़ी आदि मौजूद रहे।

## कार्यालयों को वसूली का अड्डा बनने से रोकें: गोरखनाथ पांडेय



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने शनिवार को हल्ला बोल कार्यक्रम चलाया। इसके तहत उन्होंने ग्रामीणों के साथ बस स्टैंड से प्रदर्शन करते हुए विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर पहुंचे, जहां प्रदर्शन धरना में तब्दील हो गया। गोरखनाथ पांडेय ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय हो या प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सभी में भ्रष्टाचार चरम पर है। पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। बिना रिश्वत दिये आम लोगों का कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। कहा कि सरकारी कार्यालयों को वसूली का अड्डा बनने से रोका चाहिए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जायेगा। जरूरी पड़ी तो अनिश्चितकालीन आमरण अनशन भी शुरू किया जायेगा। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को शिष्टाचार में बदलने नहीं दिया जायेगा। धरना समाप्ति से पहले उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अलीनगर के युवाओं ने लिया शिक्षा देने का संकल्प

## ग्रामीण स्तर पर निःशुल्क शिक्षा देने का यह प्रयास मिल का पत्थर साबित होगा: एसडीएम

### शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान होता हैं : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पोलडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम अलीनगर के नवयुवकों ने एक बेहतर सोच के तहत जनकल्याण शिक्षा अभियान के बैनर तले कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षा अभियान का शुभारंभ किया। शनिवार को इसका विधिवत उद्घाटन एसडीएम गौरांग महतो, एसडीपीओ (आइपीएस) एस मोहम्मद याकूब, राजद के युवा नेता रवि यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, मुखिया पति अशोक यादव आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह की सोच विकसित होना काबिल-ए-तारीफ है। समाज में शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। यहां के युवाओं ने विभिन्न पदों पर नौकरी करते हुए आपस में धन संग्रह कर जो पुण्य काम कर रहे हैं यह सोच इस गांव को देश में अलग पहचान दिलायेगी। वहीं एसडीपीओ ने कहा कि इस पुण्य कार्य में मेरा हर स्तर पर सहयोग रहेगा। क्योंकि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान हैं। यह सराहनीय प्रयास हैं। वहीं, रवि यादव ने भी हर संभव मदद करने की बात कही। गौतम पटेल ने कहा कि रक्तदान, नेत्र दान, दान पत्र बहुत सुना था, लेकिन शिक्षा दान बड़ा पुण्य दान हैं। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र शर्मा किया। इस दौरान मुना चंदेल, शिक्षक रघुवेंद्र सर, प्रेम शंकर, लालबाबू आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, भाजपा नेता अजय गुप्ता, अलीनगर स्कूल के शिक्षक उदेश्वर राम, जयप्रकाश शर्मा सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## शिक्षक सकारात्मक सोच और लगन से विद्यार्थियों को पढ़ाए : अविनाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल प्रबंधन ने शनिवार को नए सत्र के मद्देनजर शिक्षकों के साथ संगोष्ठी का आयोजन रेड़मा स्थित जयश्री होटल में किया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन की पूरी टीम के साथ सभी शिक्षक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि सभी शिक्षक देश के कर्णधार है। शिक्षकों की मेहनत के बदौलत ही विद्यार्थी बेहतर करते है। अतः सभी विद्यालय के प्रति सदैव सकारात्मक सोच रखें। पूरी ऊर्जा और लगन के साथ विद्यार्थियों को बेहतर तथ्य देने का प्रयास करें। विभिन्न विद्याओं के पारंगत शिक्षक विद्यालय में मौजूद है। इनके साथ ही पलामू के छात्रों के उच्च प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में आने वाली पस्थितियों को समझते हुए संत मरियम स्कूल ने बेहतर शैक्षणिक संस्थान मेंटर्स एड्यूसर्व के साथ एसआईपी किया है, ताकि पलामू के छात्र भी नीट, जेईई जैसी कठिन परीक्षाओं में पलामू का परचम लहरा सके। अविनाश देव ने विद्यालय को प्रगति पथ पर अग्रसर करने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। वहीं, प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा, संत मरियम किड्स स्कूल चैनपुर के निदेशक आनंद कुमार आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में काम कर रहे श्रमिकों के लिये चलाया जा रहा अभियान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** श्रम अधीक्षक एतवारी महतो के नेतृत्व में जिले में राष्ट्रीय स्तरीय कंपनी में काम कर रहे श्रमिकों के लिए पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि संस्थाओं से जुड़े कर्मियों-डिलवरी बॉय का पंजीकरण किया गया। इस संबंध में एतवारी महतो ने बताया कि 17 अप्रैल तक जिले भर में राष्ट्रीय स्तरीय कंपनी एवं किसी प्लेटफार्म पर काम कर रहे श्रमिकों का पंजीकरण किया जायेगा। यह अभियान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वैसे श्रमिक जो गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिक की श्रेणी में आते हैं वे नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से खुद भी विभाग के लिंक के जरिये पंजीकरण करा सकते हैं। श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने बताया कि वैसे श्रमिक जो किसी कंपनी में डिलीवरी बॉय, कैब ड्राइवर, रसद एवं गोदाम कार्यकर्ता एवं जो फ्रीलांस सेवा देते हैं, वे गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं।

## मुख्यमंत्री से किसान विकास आयोग के गठन की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किसान हित में किसान विकास आयोग का गठन करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा उत्पादित गेहूं, सरसों, चना, अरहर और मसूर मुख्य रबी फसल को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर झारखंड सरकार को खरीद करनी चाहिए। किसान बहुत मेहनत और लागत लगाकर खेती करते हैं, लेकिन खुले बाजार में बेचने पर फसल का उचित दाम नहीं मिल पाता है। जिस कारण किसान की दशा और दिशा में सुधार नहीं हो पा रहा है। झारखंड के किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। किसानों को अन्नदाता कहा जाता है, फिर भी किसान को अच्छा भोजन, कपड़ा, अच्छा मकान, अच्छी चिकित्सा और शिक्षा नसीब नहीं हो पा रही है। यह सब किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने राज्य के कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मांग की कि किसान विकास आयोग गठन कर किसानों की दशा और दिशा को बेहतर किया जाय।

## सूर्य मंदिर में होगी भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेल बिगहा ग्राम पंचायत अंतर्गत काजरात, कररवार नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक श्री सूर्य मंदिर प्रांगण में इस वर्ष 17 से 22 अप्रैल तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। काजरात यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन एक बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव का रूप ले चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को भव्य जल यात्रा से होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। 18 अप्रैल को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं यज्ञ प्रारंभ की विधियां होंगी। 19 अप्रैल को पूजन-पाठ, 20 अप्रैल को नगर भ्रमण, 21 अप्रैल को आयोजन का सबसे प्रमुख दिन होगा, जब श्री भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत की जाएगी। जबकि समापन 22 अप्रैल को पूणार्हुति एवं महाभंडारा के साथ होगा।

## चैनपुर, डुमरी, जारी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर गुमला पहुंचे बंधु तिर्की ने किया प्रेस कांफ्रेंस

# 2025 कांग्रेस पार्टी के लिए संगठन सृजन का वर्ष : बंधु तिर्की

**संविधान हनन रोकने के लिए राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी : बंधु तिर्की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड कांग्रेस कमेटी की मजबूती को लेकर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की निमित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर किया। इसी निमित शनिवार को सर्किट हाउस गुमला में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। मौके पर श्री तिर्की ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 कांग्रेस पार्टी के लिए संगठन सृजन का वर्ष है। पार्टी के कार्यकर्ता नये विजन और नये जुनून के साथ पार्टी की मजबूती पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा की गुजरात वह धरती है, जहां के दो बड़े नेता महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उसी गुजरात की धरती से कांग्रेस ने संगठन सशक्तिकरण और सृजन के वर्ष में पार्टी को ग्रासरूट पर मजबूत करने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जिला में आगे की रूपरेखा तय हो चुकी है। प्रखंड के हमारे जुझारू और कर्मठ नेताओं-कार्यकर्ताओं का आकलन कर योग्य और संगठन के मापदंडों को पूरा करने वाले कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी और पद देना सुनिश्चित किया जायेगा। इस पर पार्टी द्वारा गंभीर विचार विमर्श सह चिंतन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी झारखंड के साथ और जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार नहीं है उनके साथ सौतेला रवैया अपना रही है। केंद्र सरकार द्वारा आदिवासी, मूलवासी और अल्पसंख्यक समुदायों के साथ भेदभाव की नीति अपनायी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले 2029 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से जीत दिलानी है और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे संविधान के हनन को बचाया जा सके। मौके पर राजनिल तिग्गा, तरुण गोप, आफताब आलम उर्फ लाडले सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आस्था और संस्कृति का प्रतीक मंडा मेला धूमधाम मना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** परंपरा, आस्था और संस्कृति का प्रतीक मंडा मेला हापामुनी गांव में धूमधाम से आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक शामिल हुए। परंपरागत ढोल-नगाड़ों की थाप पर 'फुलकुंदी' कार्यक्रम हुई, जिसमें भोक्ता भोलेनाथ के शिवलिंग पर फूल रखकर विशेष पूजा-अर्चना किया। वही फूल गिरने के उपरांत फूलकुंदी में जलते अंगारों पर भोक्ता और ग्रामीण चले। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम कभी आयोजन किया गया। जहां बनारस से कलाकारों द्वारा भव्य झांकी और सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा नागपुर, हिंदी, भोजपुरी जैसे कई गीतों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। मुख्य आकर्षण रहा 'भोक्ता' द्वारा अग्नि पर चलने की परंपरा हुई आधी रात के बाद जब जलते अंगारे बिछाये गये, तब भोक्ता समेत कई ग्रामीणों ने उस पर नंगे पांव चलकर मां दुर्गा भगवान भोलेनाथ और ग्राम देवी-देवताओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। मौके पर मंडा मेला के संरक्षक सह अध्यक्ष प्रोफेसर अवध मनी पाठक ने कहा कि मंडा मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था और सामुदायिक एकता का पर्व है, जिसे पीढ़ियों से निभाया जा रहा है। वही समाजसेवी शिवकुमार भगत पुट टुनटुन ने कहा कि कार्यक्रम यह कार्यक्रम गांव में एकता और आस्था का प्रतीक है। इसे हम सभी को मिलजुल कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर अध्यक्ष सह संरक्षक प्रोफेसर अवध मनी पाठक, समाजसेवी शिवकुमार भगत टुनटुन, डॉक्टर भारत भूषण पाठक, कृष्ण जीवन पाठक, सुधाकर पाठक, डॉ. अमिताभ पांडे, डॉ अर्चना पाठक, डॉ गौरव मणि पाठक, निष्ठा पाठक, मुकेश मनी पाठक, राजिंद्र साहू सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मवेशी लदा पिकअप जब्त, तस्कर फरार, बरामद पशु ग्रामीणों में वितरित

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के बंझर गांव में सदान टोली के पास पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे वहां पर डायवर्सन बना हुआ है। शुक्रवार की रात मवेशी तस्कर द्वारा 12 मवेशियों को पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर वध के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन बीते दिनों हुए बरसात के कारण वाहन डायवर्सन के कीचड़ में फंस गया। तस्करों ने पिकअप वाहन को निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद तस्कर वाहन को छोड़कर फरार हो गए। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने लावारिस हालत में वाहन को देखा। घटना की जानकारी जारी थाना की पुलिस को दी गयी। जारी थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से सभी 12 मवेशियों को वाहन से बाहर निकाला गया। जिसके बाद जिम्मेनामा पर ग्रामीणों के बीच सभी पशुओं का वितरण कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा हर दो-तीन दिन में यहां से मवेशी की तस्करी की जाती है। बता दे की इससे पूर्व भी दो बार पिक अप वाहन से ग्रामीणों ने मवेशी बरामद किया था।

## जिले के नागरिकों के हित में प्रशासन की पहली प्राथमिकता : उपायुक्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उचित लाभ अब ग्रामीण क्षेत्रों की जनता में भी दिखने लगा है। शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा आहूत साप्ताहिक इ-जनशिकायत कार्यक्रम में डुमरी एवं जारी प्रखंड के लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। जिसमें सबसे ज्यादा सड़क निर्माण, पेंशन योजना, नाली निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पीएम किसान, जलमिनार मरम्मती, आवास निर्माण संबंधित सहित अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही उपरोक्त प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिये। जिले के नागरिकों का हित प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों को उपरोक्त तिथि पर अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय में जाकर इ-जन शिकायत निवारण दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं को ऑनलाइन माध्यम से साझा कर सकते हैं।

## प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव धूमधाम से मना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुग्गु पंचायत का सरहुल महोत्सव शनिवार की अपराह्न चार बजे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पाहन पुजार महतो, सुसार आदि के द्वारा चाला टोंका में पूजा की गयी। इस अवसर पर पाहन द्वारा सभी के सुख समृद्धि, शांति एवं स्वस्थ जीवन, अच्छी वर्षा के लिए कामना की गयी। इस अवसर पर बुदू टोप्पो के द्वारा सभी अतिथियों, नृत्य समुहों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। कहा कि यह पर्व सभी के लिए सुख समृद्धि, खुशहाली जीवन प्रदान करें। कार्तिक उरांव महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ तेतरू उरांव बताया कि सरहुल के एक पहले दिन को 'ठडुपास' कहते हैं। सरहुल के एक दिन पहले धरती पर किसी प्रकार का कार्य शक्त मना है। इस अवसर पर सभी नृत्य समूह को झंडा देकर सम्मानित किया गया। अवसर पर सोनी उरांव, बिरसई उरांव ने भी सरहुल महोत्सव को संबोधित किया।

# हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



गुमला। गुमला के खोरा पतरा टोली गांव स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। नौ बजे सैकड़ो महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर खोरा नदी से वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ जल लेकर मंदिर पहुंची इसके बाद जलाभिषेक किया। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस बीच महिलाएं और भक्तजन नंगे पांव नदी से जल उठाकर कलश यात्रा निकाली और हनुमान जी के विग्रह का जलाभिषेक किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष करमचंद उरांव ने बताया शनिवार को हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और तीन दिवसीय रामायण कथा का आयोजन किया गया है। वहीं रविवार को वेदी पूजन और महा स्नान का कार्यक्रम होगा। सोमवार को हनुमान जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूणार्हुति साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में खोरा और आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों में दिखा उत्साह, उमड़ा आस्था का सैलाब



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि इस वर्ष गुमला जिले के लिए विशेष रूप से आध्यात्मिक और धार्मिक उल्लास का अवसर लेकर आयी। पूरे जिले में इस दिन को लेकर श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का माहौल रहा। एक ओर यह दिन महाबली हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया, वहीं दूसरी ओर यह शुभ तिथि मंगलवार को पड़ने के कारण श्रद्धालुओं के उत्साह में और अधिक वृद्धि देखने को मिली। इस अवसर पर आंजन धाम सेवा समिति द्वारा महाभंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में पूजन करने आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर आंजन धाम विकास समिति के देव सिंह, राजेश चीक बड़ाइक, अमन आनंद, जीतवाहन चीक बड़ाइक, सुशील कुमार तिवारी, मुकेश कुमार सोनी, आलोक त्रिपाठी, रमेश विश्वकर्मा, अमित श्रीवास्तव, किशोर कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### राम केवल पूजन योग्य नहीं, अनुसरण योग्य: मुकेश

गुमला (आजाद सिपाही)। सुबह से ही जिले के प्रमुख मंदिरों, विशेषकर हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गयी। जय श्री राम और बजरंग बली की जयकारों से गूंजता वातावरण श्रद्धा का सजीव प्रमाण बन गया। जगह-जगह हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ, भंडारा एवं पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। वहीं विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति द्वारा रायडीह प्रखंड के हनुमान मंदिर परिसर में रामोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मौके पर विभाग संयोजक मुकेश सिंह और जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि राम का पूजन जितना आवश्यक है उससे ज्यादा जीवन में राम का अनुसरण मायने रखता है। यह उत्सव भगवान राम के जन्मस्थान के महत्वपूर्ण अनुष्ठानों का एक हिस्सा है, जो लाखों भक्तों व पर्यटकों को एक अद्वितीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक अनुभव प्रदान करता है। मौके पर अमन राणा, अरुण पांडा, छोटू प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पर्यटक भवन में आज सत्संग का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। संत निरंकारी मंडल गुमला के तत्वाधान में आज जशपुर रोड स्थित पर्यटक भवन के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया जायेगा। जिसमें उच्च कोटि के ब्रह्मज्ञानी सन्तों की उपस्थिति में दिन के 11 बजे से अपराह्न एक भव्य सत्संग का आयोजन किया गया है। आशय की जानकारी आयोजन समिति के सदस्य नागेंद्र कुमार महतो ने दी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, धर्म, प्रेमियों, सज्जनों , माताओं एवं बहनों से निवेदन करते हुए समय पर उपस्थित हो कर सत्संग सहित भंडारे का लाभ उठाने की अपील की है।

## ऑटो के धक्के से बाइक सवार घायल

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हाई स्कूल मोड़ के समीप एक अगयात ओटो ने करम टोली गांव के बाइक सवार प्रेम उरांव 25 को धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार का दाहिना पैर टूट गया। प्रेम उरांव अपना ससुराल करम टोली आया हुआ था, जहां से जतरा टाना भगत विद्या मंदिर में पढ़ रहे बच्चे को छुट्टी उपरांत अपने बाइक से लेकर घर आ रहा था तभी अज्ञात ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया।

# फ्लाइंग फलकांस, मॉर्निंग स्टार्स और 7 इलेवन की टीम ने अपने-अपने मैच जीते

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आइपीएल की तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर सीजन पांच क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को तीन मुकाबले हुए। पहला मुकाबला फ्लाइंग फलकांस और सरंगो सुपर स्टार्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्लाइंग फलकॉन्स की टीम ने 8 ओवर में दो विकेट खोकर 145 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसमें कमल कुमार ने 60 और सचिन के तूफानी 58 रनों की परी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी दी सरंगो सुपर स्टार्स की टीम ने आठ ओवर में नौ विकेट खोकर मात्र 55 रन ही बना सकी। सरंगो सुपर स्टार्स की ओर से अभिषेक ने 14 बोल में 20रनों की पारी खेली। वही दूसरा मुकाबला मॉर्निंग स्टार्स और पावर हिटर्स के बीच खेला गया । मॉर्निंग स्टार्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 95 रन बनाये। जिसमें केतन शेखर ने 36 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी पावर हियटर्स की टीम ने 7.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 56 रन ही बना सके। तीसरा मुकाबला 7 इलेवन और फ्लाइंग फलकॉन्स टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 इलेवन की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 119 रन बनाये, जिसमें कुंदन उरांव ने 29 और संतोष ने 25 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी फ्लाइंग फलकॉन्स की टीम निर्धारित आठ ओवर में 110 रन ही बना सकी। जिसमें शादाब खान ने 41 रनों की पारी खेली। आयोजन समिति के जितेंद्र सिंह, ओमशंकर सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, लाल शेखरनाथ शाहदेव, सिद्धेश्वर सिंह, सौरभ कुमार अंकित, शुभम सिंह, आनंद भारती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**रविवार को होंगे 4 मुकाबले**

प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को कुल तीन मुकाबले खेले जायेंगे।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**

**प्रपत्र VI**

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक झुमरा पथ ल0 9.30 कि0मी0 चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण निर्माण ग्राम–मेडकुरीकला, थाना–दारू, थाना–सं0–117, जिला–हजारीबाग में कुल 1.436 एकड़ यानि 0.5813 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पयुक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल 1.436 एकड़ यानि 0.5813 हेक्टेयर है और जो ग्राम–मुडकुरीकला, थाना–दारू, थाना–सं0–117, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भुखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 03 | 429 | नीज | टांड–I | 0.120 | बलराम सिंह वो राम सिंह पिता____ जाति राजपूत नि0 मेडकुरीकला | सीमाना | प्लॉट 432 | रास्ता | नीज |
| 2 | 03 | 432 | नीज | टांड–I | 0.012 | खेसरा सं0–432 का रैयत | प्लॉट 429 | प्लॉट 433 | रास्ता | नीज |
| 3 | 09 | 433 | नीज | टांड–I | 0.039 | खेसरा सं0–433 का रैयत | प्लॉट 432 | प्लॉट 434 | रास्ता | नीज |
| 4 | 09 | 434 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेसरा सं0–434 का रैयत | प्लॉट 433 | प्लॉट 435 | रास्ता | नीज |
| 5 | | 435 | नीज | टांड–I | 0.004 | खेसरा सं0–435 का रैयत | प्लॉट 434 | प्लॉट 440 | रास्ता | नीज |
| 6 | 04 | 440 | नीज | टांड–I | 0.038 | खेसरा सं0–440 का रैयत | प्लॉट 435 | प्लॉट 443 | रास्ता | नीज |
| 7 | 22 | 443 | नीज | टांड–I | 0.014 | खेसरा सं0–443 का रैयत | प्लॉट 440 | प्लॉट 444 | रास्ता | नीज |
| 8 | 23 | 444 | नीज | टांड–I | 0.010 | यदु कुमार खेसरा सं0–444 का रैयत | प्लॉट 443 | प्लॉट 453 | रास्ता | नीज |
| 9 | 7 | 453 | नीज | टांड–I | 0.020 | कैला यादव पिता बदन गोप जाति ग्वाला नि0 सा0 देह | प्लॉट 444 | प्लॉट 454 | रास्ता | नीज |
| 10 | | 454 | नीज | टांड–I | 0.015 | खेसरा सं0–454 का रैयत | प्लॉट 453 | प्लॉट 458 | रास्ता | नीज |
| 11 | 05 | 458 | नीज | टांड–I | 0.016 | तुलेश्वर पाण्डेय खेसरा सं0–458 का रैयत | प्लॉट 454 | प्लॉट 459 | रास्ता | नीज |
| 12 | | 459 | नीज | टांड–I | 0.011 | खेसरा सं0–459 का रैयत | प्लॉट 458 | प्लॉट 460/1 | रास्ता | नीज |
| 13 | 04 | 460/1 | नीज | टांड–I | 0.010 | उदय तिवारी पिता जगनाथ तिवारी जाति पंडित नि0 सा0 देह | प्लॉट 459 | प्लॉट 460/2 | रास्ता | नीज |
| 14 | 04 | 460/2 | नीज | टांड–I | 0.009 | तितली साव पिता धनु साव जाति तेली नि0सा0 देह | प्लॉट 460/1 | प्लॉट 461 | रास्ता | नीज |
| 15 | | 461 | नीज | टांड–I | 0.010 | खेसरा सं0–161 का रैयत | प्लॉट 460/2 | प्लॉट 462 | रास्ता | नीज |
| 16 | | 462 | नीज | टांड–I | 0.009 | खेसरा–462 का रैयत | प्लॉट 461 | प्लॉट 463 | रास्ता | नीज |
| 17 | 23 | 463 | नीज | टांड–I | 0.013 | मुन्नी देवी पति हेमलाल साव, सबिया देवी पति गोपाल साव जाति तेली नि0सा0 देह | प्लॉट 462 | प्लॉट 829 | रास्ता | नीज |
| 18 | 04 | 465 | नीज | टांड–I | 0.100 | यदु कुमार वो गोवर्धन कुमार, रूदन कुमार वो श्रीकान्त प्रजापति खेसरा सं0–465 का रैयत | प्लॉट 466 | प्लॉट 467 | नीज | रास्ता |
| 19 | | 466 | नीज | टांड–I | 0.015 | खेसरा सं0–466 का रैयत | प्लॉट 467 | प्लॉट 465 | नीज | रास्ता |
| 20 | 21 | 467 | नीज | टांड–I | 0.021 | खेसरा सं0–467 का रैयत, टेकनारायण प्रजापति वो उमेश प्रजापति | प्लॉट 468 | प्लॉट 466 | नीज | रास्ता |
| 23 | | 468 | नीज | टांड–I | 0.023 | खेसरा सं0 –468 का रैयत | प्लॉट 469 | प्लॉट 467 | नीज | रास्ता |
| 24 | 19 | 469 | नीज | टांड–I | 0.020 | खेसरा सं0–469 का रैयत | प्लॉट 471 | प्लॉट 468 | नीज | रास्ता |
| 25 | 23 | 471 | नीज | टांड–I | 0.031 | खेसरा सं0–471 का रैयत, विन्देयर पाण्डेय | प्लॉट 472 | प्लॉट 469 | नीज | रास्ता |
| 26 | | 472 | नीज | टांड–I | 0.027 | खेसरा सं0–472 का रैयत | प्लॉट 473 | प्लॉट 471 | नीज | रास्ता |
| 27 | 17 | 493 | नीज | टांड–I | 0.020 | खेसरा सं0–493 का रैयत | प्लॉट 497 | प्लॉट 472 | नीज | रास्ता |
| 28 | | 497 | नीज | टांड–I | 0.017 | खेसरा सं0–497 का रैयत | प्लॉट 498 | प्लॉट 493 | नीज | रास्ता |
| 29 | 14 | 498 | नीज | टांड–I | 0.019 | खेसरा सं0–498 का रैयत, खेमलाल साव | प्लॉट 522 | प्लॉट 497 | नीज | रास्ता |
| 30 | 14 | 522 | नीज | टांड–I | 0.030 | खेसरा सं0–522 का रैयत, खेमलाल साव | प्लॉट 523 | प्लॉट 498 | नीज | रास्ता |
| 31 | 14 | 523 | नीज | टांड–I | 0.028 | खेसरा सं0–523 का रैयत, खेमलाल साव | प्लॉट 531 | प्लॉट 522 | नीज | रास्ता |
| 32 | | 531 | नीज | टांड–I | 0.120 | खेसरा सं0–531 का रैयत, | सीमाना | प्लॉट 523 | नीज | रास्ता |
| 33 | | 782 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–782 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 781 | प्लॉट 783 |
| 34 | | 783 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेसरा सं0–783 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 782 | प्लॉट 784 |
| 35 | 12 | 784 | नीज | टांड–I | 0.014 | विजय प्रसाद पिता जगर्नाथ व अन्य | नीज | रास्ता | प्लॉट 783 | प्लॉट 785 |
| 36 | | 785 | नीज | टांड–I | 0.011 | खेसरा सं0–785 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 784 | प्लॉट 786 |
| 37 | 12 | 786 | नीज | टांड–I | 0.011 | खेसरा सं0–786 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 785 | प्लॉट 787 |
| 38 | 21 | 787 | नीज | टांड–I | 0.036 | खेसरा सं0–787 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 786 | रास्ता |
| 39 | 38 | 789 | नीज | टांड–I | 0.031 | झंडु ठाकुर पिता विदेशी हजमा व अन्य | प्लॉट 711 | प्लॉट 1267 | रास्ता | नीज |
| 40 | | 811 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–811 का रैयत, | प्लॉट 812 | प्लॉट 789 | रास्ता | नीज |
| 41 | | 812 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–812 का रैयत, | प्लॉट 813 | प्लॉट 811 | रास्ता | नीज |
| 42 | | 813 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–813 का रैयत, | प्लॉट 814 | प्लॉट 812 | रास्ता | नीज |
| 43 | | 814 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–814 का रैयत, | प्लॉट 815 | प्लॉट 813 | रास्ता | नीज |
| 44 | | 815 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–815 का रैयत, | प्लॉट 816 | प्लॉट 814 | रास्ता | नीज |
| 45 | 17 | 816 | नीज | टांड–I | 0.003 | विजय प्रसाद व अन्य | प्लॉट 817 | प्लॉट 815 | रास्ता | नीज |
| 46 | 17 | 817 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–817 का रैयत, | प्लॉट 818 | प्लॉट 816 | रास्ता | नीज |
| 47 | 14 | 818 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेमलाला साव व अन्य | प्लॉट 819 | प्लॉट 817 | रास्ता | नीज |
| 48 | | 819 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–819 का रैयत, | प्लॉट 820 | प्लॉट 818 | रास्ता | नीज |
| 49 | | 820 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–820 का रैयत, | प्लॉट 821 | प्लॉट 819 | रास्ता | नीज |
| 50 | | 821 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–821 का रैयत, | प्लॉट 822 | प्लॉट 820 | रास्ता | नीज |
| 51 | | 822 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–822 का रैयत, | प्लॉट 823 | प्लॉट 821 | रास्ता | नीज |
| 52 | 15 | 823 | नीज | टांड–I | 0.003 | यदु कुमार व अन्य | प्लॉट 824 | प्लॉट 822 | रास्ता | नीज |
| 53 | | 824 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–824 का रैयत, | प्लॉट 825 | प्लॉट 823 | रास्ता | नीज |
| 54 | 33 | 825 | नीज | टांड–I | 0.002 | दुखन साव वो चिन्तामन साव | प्लॉट 826 | प्लॉट 824 | रास्ता | नीज |
| 55 | | 826 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–826 का रैयत, | प्लॉट 827 | प्लॉट 825 | रास्ता | नीज |
| 56 | | 827 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–827 का रैयत, | प्लॉट 828 | प्लॉट 826 | रास्ता | नीज |
| 57 | 12 | 828 | नीज | टांड–I | 0.004 | गुलाब साव वो भुनेश्वर साव जाति तेली नि0 शा0 देह | पवन ठाकुर | प्लॉट 827 | रास्ता | नीज |
| 58 | 25 | 829 | नीज | टांड–I | 0.002 | पोखन ठाकुर पिता शिवम ठाकुर जाति हजाम नि0 शा0 देह। | गुलाब साव | प्लॉट 828 | रास्ता | नीज |
| 59 | | 1267 | नीज | टांड–I | 0.004 | खेसरा सं0–1267 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1268 | प्लॉट 1266 |
| 60 | | 1268 | नीज | टांड–I | 0.001 | खेसरा सं0–1268 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1269 | प्लॉट 1267 |
| 61 | 23 | 1269 | नीज | टांड–I | 0.005 | खेसरा सं0–1269 का रैयत विन्देश्वर पाण्डेय | रास्ता | नीज | प्लॉट 1270 | प्लॉट 1268 |
| 62 | 36 | 1270 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–1270 का रैयत विन्देश्वर पाण्डेय | रास्ता | नीज | प्लॉट 1271 | प्लॉट 1269 |
| 63 | 12 | 1271 | नीज | टांड–I | 0.006 | सहदेव साव वो गुलाब साव वो भुनेश्वर साव | रास्ता | नीज | प्लॉट 1272 | प्लॉट 1270 |
| 64 | | 1272 | नीज | टांड–I | 0.009 | खेसरा सं0–1272 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1273 | प्लॉट 1271 |
| 65 | | 1273 | नीज | टांड–I | 0.009 | खेसरा सं0–1273 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1274 | प्लॉट 1272 |
| 66 | | 1274 | नीज | टांड–I | 0.004 | खेसरा सं0–1274 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1275 | प्लॉट 1273 |
| 67 | | 1275 | नीज | टांड–I | 0.003 | खेसरा सं0–1275 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1276 | प्लॉट 1274 |
| 68 | | 1276 | नीज | टांड–I | 0.004 | खेसरा सं0–1276 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1277 | प्लॉट 1275 |
| 69 | 23 | 1277 | नीज | टांड–I | 0.011 | सहदेव ठाकुर पिता स्व0 जीवन ठाकुर जाति हजाम नि0 शा0 देह | रास्ता | नीज | महादेव ठाकुर | प्लॉट 1276 |
| 70 | 24 | 1278 | नीज | टांड–I | 0.008 | महादेव ठाकुर पिता स्व0 जीवन ठाकुर जाति हजाम नि0 शा0 देह | रास्ता | नीज | प्लॉट 1269 | सहदेव ठाकुर |
| 71 | | 1279 | नीज | टांड–I | 0.007 | खेसरा सं0–1279 का रैयत, | रास्ता | नीज | भुनेश्वर साव | महादेव ठाकुर |
| 72 | 22 | 1280 | नीज | टांड–I | 0.01 | भुनेश्वर साव व अन्य | रास्ता | नीज | हेमा साव | प्लॉट 1279 |
| 73 | 17 | 1281 | नीज | टांड–I | 0.013 | हेमा साव वो गोपाल साव वो बासुदेव साव पिता बुटा साव जाति तेली नि0 शा0 देह | रास्ता | नीज | रिझो साव | भुनेश्वर साव |
| 74 | 17 | 1282 | नीज | टांड–I | 0.015 | रिझो साव व अन्य | रास्ता | नीज | खेमलाल साव | हेमा साव |
| 75 | 14 | 1283 | नीज | टांड–I | 0.012 | खेसरा सं0–1283 का रैयत खेमलाल साव व अन्य | रास्ता | नीज | टेकनारायण प्रजापति | रिझो साव |
| 76 | 21 | 1284 | नीज | टांड–I | 0.016 | खेसरा सं0–1285 का रैयत टेकनारायण प्रजापति वो उमेश प्रजापति | रास्ता | नीज | जुगल गोप | खेमलाल साव |
| 77 | 07 | 1285 | नीज | टांड–I | 0.013 | जुगल गोप व अन्य | रास्ता | नीज | प्लॉट 1286 | टेकनारायण प्रजापति |
| 78 | 24 | 1286 | नीज | टांड–I | 0.011 | खेसरा सं0–1286 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1287 | प्लॉट 1285 |
| 79 | | 1287 | नीज | टांड–I | 0.009 | खेसरा सं0–1287 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1288 | प्लॉट 1286 |
| 80 | | 1288 | नीज | टांड–I | 0.008 | पोखन ठाकुर पिता स्व0 शिवम ठाकुर | रास्ता | नीज | प्लॉट 1289 | प्लॉट 1287 |
| 81 | | 1289 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेसरा सं0–1289 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1290 | प्लॉट 1288 |
| 82 | | 1290 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेसरा सं0–1290 का रैयत खेमलाल साव व अन्य | रास्ता | नीज | प्लॉट 1291 | प्लॉट 1289 |
| 83 | | 1291 | नीज | टांड–I | 0.028 | खेसरा सं0–1291 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1292 | प्लॉट 1290 |
| 84 | | 1292 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–1292 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1293 | प्लॉट 1291 |
| 85 | | 1293 | नीज | टांड–I | 0.002 | खेसरा सं0–1293 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1295 | प्लॉट 1292 |
| 86 | | 1295 | नीज | टांड–I | 0.003 | खेसरा सं0–1295 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1296 | प्लॉट 1293 |
| 87 | | 1296 | नीज | टांड–I | 0.004 | खेसरा सं0–1296 का रैयत, | रास्ता | नीज | प्लॉट 1297 | प्लॉट 1295 |
| 88 | 25 | 1297 | नीज | टांड–I | 0.001 | पोखन ठाकुर पिता स्व0 शिवम ठाकुर व अन्य | रास्ता | नीज | प्लॉट 1298 | प्लॉट 1296 |
| 89 | 24 | 1298 | नीज | टांड–I | 0.002 | पोखन ठाकुर पिता स्व0 शिवम ठाकुर व अन्य | रास्ता | नीज | सीमाना | प्लॉट 1296 |
| 90 | | 1301 | नीज | टांड–I | 0.01 | खेसरा सं0–1301 का रैयत, | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 91 | | 1302 | नीज | टांड–I | 0.011 | खेसरा सं0–1302 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1303 | प्लॉट 1301 |
| 92 | | 1303 | नीज | टांड–I | 0.018 | खेसरा सं0–1303 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1304 | प्लॉट 1302 |
| 93 | | 1304 | नीज | टांड–I | 0.02 | खेसरा सं0–1304 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1305 | प्लॉट 1303 |
| 94 | | 1305 | नीज | टांड–I | 0.022 | खेसरा सं0–1305 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1306 | प्लॉट 1304 |
| 95 | | 1306 | नीज | टांड–I | 0.009 | खेसरा सं0–1306 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1307 | प्लॉट 1305 |
| 96 | | 1307 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेसरा सं0–1307 का रैयत, | नीज | रास्ता | भुनेश्वर साव | प्लॉट 1306 |
| 97 | 22 | 1308 | नीज | टांड–I | 0.011 | भुनेश्वर साव व अन्य | नीज | रास्ता | गोपाल साव | प्लॉट 1307 |
| 98 | 17 | 1309 | नीज | टांड–I | 0.012 | गोपाल साव पिता लुटा साव | नीज | रास्ता | रामेरूवर साव | भुनश्वर साव |
| 99 | 17 | 1310 | नीज | टांड–I | 0.014 | रामेश्वर साव व अन्य | नीज | रास्ता | प्लॉट 1311 | गोपाल साव |
| 100 | 14 | 1311 | नीज | टांड–I | 0.012 | खेसरा सं0–1311 का रैयत, | नीज | रास्ता | टेकनारायण प्रजापति | रामेश्वर साव |
| 101 | 21 | 1312 | नीज | टांड–I | 0.016 | टेकनारायण प्रजापति वो उमेश प्रजापति व अन्य | नीज | रास्ता | प्लॉट 1313 | प्लॉट 1311 |
| 102 | 7 | 1313 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेसरा सं0–1313 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1314 | टेकनारायण प्रजापति |
| 103 | 13 | 1314 | नीज | टांड–I | 0.007 | खेसरा सं0–1314 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1315 | प्लॉट 1313 |
| 104 | | 1315 | नीज | टांड–I | 0.006 | खेसरा सं0–1315 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1316 | प्लॉट 1314 |
| 105 | 24 | 1316 | नीज | टांड–I | 0.004 | खेमलाल ठाकुर पिता डाटु ठाकर | नीज | रास्ता | प्लॉट 1317 | प्लॉट 1315 |
| 106 | 15 | 1317 | नीज | टांड–I | 0.006 | खेसरा सं0–1317 का रैयत, | नीज | रास्ता | प्लॉट 1318 | प्लॉट 1316 |
| 107 | 14 | 1318 | नीज | टांड–I | 0.008 | खेमलाल साव व अन्य | नीज | रास्ता | प्लॉट 1319 | प्लॉट 1317 |
| 108 | 38 | 1319 | नीज | टांड–I | 0.02 | मुनीया देवी पति हेमलाल साव व अन्य | नीज | रास्ता | सीमाना | प्लॉट 1318 |
| कुल | | | | | 1.436 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय / विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 350170 Land Reforms(25-26)#D

## बाबा साहेब की प्रतिमास्थल के पास शेड निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

# ग्रामीण विकास के लिए ओएनजीसी वर्षों से अग्रणी भूमिका में : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरचट्टी ग्राम पंचायत अंतर्गथ हरिजन टोला में बोकारो ओएनजीस सीबीएम परिसंपति के सीएसआर मद से स्वयंसेवी संस्था गोमिया जीवन ज्योति जन कल्याण केंद्र की ओर से स्थापित बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और निर्मित शेड का उद्घाटन राज्य के पेयजल स्वच्छता,उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए बोकारो ओएनजीसी को दिल से धन्यवाद है। इस सुदूरवर्ती क्षेत्र मे यहां के ग्रामीणों के लिए बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण कार्य और 80 फिट लंबा और 40 फीट चौड़ा शेड निर्माण कार्य के साथ पैवर ब्लॉक लगवाने का जो कार्य करवाया गया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी बोकारो गोमिया प्रखंड के विकास में अग्रसर भूमिका वर्षो से निभा रहा है। वहीं ओएनजीसी बोकारो के पदाधिकारी आरबी सिंह ने कहा कि यह सुंदरीकरण और निर्मित शेड से यहां के सैकड़ो ग्रामीण परिवारों को लाभ होगा और इस निर्मित शेड का उपयोग अनेको कार्यक्रमों के लिए कर सकते है। इस मौके पर पांडेय रविदास, सूरज अंबेडकर, सुंदर रविदास, देव रविदास, दिनेश यादव, शैलेन्द्र कुमार, मंटू यादव, विजय रविदास ,चेतलाल रविदास, चरका रविदास, बिनोद साव आदि उपस्थित थे।



बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और निर्मित शेड का उद्घाटन करते राज्य के पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया पथ के राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य का शिलान्यास

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत स्थित पुराना सिनेमा हॉल चौक में पथ निर्माण विभाग, बोकारो पथ प्रमंडल अंतर्गत चंद्रपुरा से गोमिया (36.296 किमी लंबे) पथ के राईडींग क्वालिटी में सुधार कार्य का शिलान्यास राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जनहित में कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। कहा कि राज्य सरकार गुणवतापूर्ण सड़कों का जाल बिछाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग से कहा कि इस सड़क के सुधार कार्य में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। मौके पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, गणेश यादव, घनश्याम कुमार, ललन केवट, उमेश महतो,अशरफ अली, राजेश भारती, मो मंजूर अंसारी आदि थे।

## हनुमान जयंती पर चोरों ने दो मंदिरों को बनाया निशाना, दानपात्र से चोरी किये हजारों रुपये



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालु भक्ति में लीन हैं। दूसरी ओर, चोरों ने इस शुभ दिन का लाभ उठाते हुए धनबाद की हिल कॉलोनी में शुक्रवार की रात दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए दानपात्र से हजारों रुपये चोरी कर ली। हिल कॉलोनी में बीते दो दिनों में मंदिरों में चोरी की यह तीसरी घटना है। पहली घटना कॉलोनी के धर्मपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर में हुई। मंदिर के पुजारी अशोक द्विवेदी ने बताया कि रात में वह मंदिर बंद कर गेट में ताला लगाकर घर चले गए। शनिवार की सुबह जब मंदिर पहुंचे तो खिड़की टूटी थी और दानपात्र गायब था। पुजारी की मानें तो दानपेटी को तीन महीने से नहीं खोला गया था, जिसमें करीब 5 से 7 हजार रुपये थे। उक्त राशि हनुमान जी के जन्मोत्सव पर मंदिर की सजावट और पूजा सामग्री के लिए जोड़ी जा रही थी। वहीं, दूसरी घटना कॉलोनी के शिव मंदिर में घटी। यहां के पुजारी दयानंद मिश्रा ने बताया कि चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी में रखे करीब छह हजार रुपये चोरी कर लिये। मंदिर में स्थापित शिव नग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों ने नग को चुराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। दोनों पुजारियों ने चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ना केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल है, बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है। इसकी जानकारी शनिवार सुबह पुलिस को दी गई। जिसके बाद धनबाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इससे पहले रेलवे अस्पताल के समीप स्थित शिव मंदिर से भी दानपेटी की चोरी हो चुकी है।

## 22 अप्रैल से पांच जून तक निकाला जायेगा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड किसान विकास संघ की ओर से सरायढेला में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें दामोदर की सहायक नदियों को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी सहमति जताते हुए कहा कि दामोदर की जितनी भी छोटी-छोटी सहायक नदियां हैं, उन पर 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के मौके से लेकर पांच जून पर्यावरण दिवस तक पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरूआत कतरास के कतरी नदी से की जाएगी। जिसमें नदियों के किनारे बसर करने वाले लोगों से जागरूक करते हुए यात्रा की जाएगी। इस यात्रा में संगछन के कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने को लेकर हमारा साथ दें। मौके पर संगठन के अध्यक्ष रामचंद्र रवानी, रामरतन राम, मगधेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा, फैयाज अहमद, शिवनाथ विश्वकर्मा, उमेश ऋषि, सुनीता कुमारी, शिबू मुर्मू, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सोनी इंडिया की ओर से धनबाद के संबोधि रिट्रीट में शनिवार को फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उमेश गोगना द्वारा फोटोग्राफी की नई तकनीकी एवं बारीकियों के बारे में समझाया गया। साथ ही वर्तमान समय में किस तरह से आउटडोर एवं इनडोर फोटोग्राफी करनी चाहिए उसके बारे में अवगत कराया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सुभाष सरावगी ने सरफराज अहमद एवं उमेश गोगना को पुष्पगुच्छ देकर किया। इसमें धनबाद के 125 फोटोग्राफरो ने हिस्सा लिया। इसे सफल बनाने में सुनील सिंह, रंजीत गुप्ता, बृजेश झा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## विकास योजनाओं को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड कार्यालय में शनिवार को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ मुकेश कुमार ने की। जिसमें बेरमो के बीपीएम जेएसएलपीएस ने बताया कि आम बागवानी से संबधित छह एकड़ का प्रस्ताव दिया गया है। 25 एकड़ भूमि चिन्हित करने को कहा गया है। साथ ही बैंकों से समन्वय स्थापित कर सभी बैंक में मुद्रा आवेदन जल्द से जल्द शुरू करवाने को कहा गया है। जिन क्षेत्रों में बिरसा हरित आम बागवानी के लिए स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करने को कहा गया।

## डीएवी में शिक्षा के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी दिया जाता है ध्यानः प्राचार्य





### कोयलानगर डीएवी पब्लिक स्कूल के स्थापना का मना रजत जयंती समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयलानगर में विद्यालय के स्थापना दिवस का रजत जयंती समोराह मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एनएन श्रीवास्तव ने विद्यालय के विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के अलावा कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। वहीं, वर्ग 3 से 5 तक के बच्चों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। अपने अभिभाषण में प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने बताया कि यह विद्यालय हमारी शिक्षा और संस्कृति का केंद्र है। जहां हम ज्ञान और मूल्यों को संजोते हैं। यह विद्यालय ना केवल एक शिक्षा का स्थान है, बल्कि यह छात्रों के विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार भी है। यहां, उनके ज्ञान, कौशल और चरित्र का निर्माण करते हैं। आज, हम इस विद्यालय की जयंती मना रहे हैं, जो हमारे इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की ओर एक कदम है। कहा कि आज ही के दिन 12 अप्रैल वर्ष 2000 को इस विद्यालय की स्थापना हुई थी। यह विद्यालय कोल इंडिया के सहयोग से एवम कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर कोयला नगरी में स्थापित किया गया। बताया कि शुरूआत में विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या कम थी। पर बाद में हमारे शिक्षकों और छात्रों की लगन-मेहनत के चलते आज हम एक आधुनिक और प्रतिष्ठित विद्यालय के रूप में उभरे हैं स्थिति यह है कि आज हमारे विद्यालय में लगभग 6500 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हमारे विद्यालय ने हमेशा से ही शिक्षा के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया है। उन्होंने विद्यालय की भविष्य की योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। कहा कि हमारा विद्यालय आधुनिक सुविधाओं को शामिल करते हुए अपने छात्रों को और बेहतर शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने विशेष रूप से अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने विद्यालय पर विश्वास किया और अपने बच्चों को यहां शिक्षा के लिए भेजा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हम सब मिलकर इस विद्यालय को और भी आगे ले जाएंगे और एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।

## सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता बन रही महिलाएं

# प्रशिक्षण पूरी करने के बाद अपने घरों से ही सिलाई का कार्य शुरू करें महिलाएं : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/बेरमो।** झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण आयुक्त के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से आय वृद्धि एवं परिसंपत्ति योजनांतर्गत अनुसूचित जाति की महिलाओं को दिए जा रहे छह मासिक सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण का शनिवार को नावाडीह के बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने बताया कि इस प्रशिक्षण से पहले वे घर पर खाली समय व्यतीत कर रही थीं। लेकिन अब वे विभिन्न प्रकार के वस्त्र जैसे ब्लाउज, नाइटी, पेटीकोट, सूट, स्कर्ट, सलवार कमीज, कुर्ती, पजामा, फ्रॉक, शर्ट, साथ ही तकिये, टीवी, फ्रीज, अलमारी सोफा आदि के कवर की सिलाई करना, कपड़े का डिजाइन तय करना और उसी हिसाब से पैटर्न बनाना, सही तरीके से नाप लेना, कपड़े की कटिंग जैसे कार्यो में सक्षम हो चुकी हैं। उन्होंने झारखंड सरकार और आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति को ऐसा अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं, बीडीओ ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सभी महिलाएं अपने-अपने घरों से सिलाई का कार्य शुरू करें, ताकि सरकार और संस्था का महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य पूर्ण हो सके। उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि वे स्थानीय बाजार में जाकर बड़े व्यापारियों से संपर्क करें, जिससे वे कपड़ों की सिलाई का कार्य प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुझाव दिया कि महिलाएं विद्यालयों के छात्रों के यूनिफॉर्म की सिलाई कर उचित मूल्य पर बाजार में बेच सकती हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। वहीं, आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बसुदेव शर्मा ने बताया कि नावाडीह में 15 अनुसूचित जाति की महिलाओं को छह महीने का सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिसका अब समापन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी महिलाओं को सिलाई मशीन और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी, ताकि वे अपने घर पर रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस पहल से ना केवल महिलाओं को स्वरोजगार का मार्ग मिला है, बल्कि यह समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। मौके पर जेई नवीन कुल्लू, अनवर अंसारी, असगर हुसैन, राजू कुमार, अजय कुमार, अरुण कुमार, मदन महतो, अशोक कुमार, प्रियंका कुमारी, तमन्ना कुमारी, आशा देवी, शांति देवी, मनु देवी, रीना देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, सुमन कुमारी, मालती देवी आदि उपस्थित थीं।



## अंबेडकर जयंती पर रैली निकालने को लेकर चलाया गया जनजागरण अभियान

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भीम आर्मी बोकारो जिला की ओर से अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को धम्म यात्रा सह रैली निकालने का निर्णय लिया है। इसे लेकर भीम आर्मी के बैनर तले फुसरो नगर क्षेत्र में जन जागरण सह आमंत्रण अभियान चलाया गया। भीम आर्मी एकता मिशन के बोकारो जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास उर्फ छोटू ने बताया कि इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगें।


सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा।
(भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VI
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)
याउपायुक्त या समुचित सरकार

प्रारम्भिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .................... दिनांक ....................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम – कोचेडेगा, थाना नं0– 49, थाना – सिमडेगा, अंचल –सिमडेगा, जिला – सिमडेगा** में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना – कोचेडेगा से रामरेखा धाम छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम – कोचेडेगा, थाना नं0 – 49, थाना – सिमडेगा, अंचल – सिमडेगा, जिला – सिमडेगा** में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोवेश 5.51 एकड़** यानि **2.22981 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 463 | 4234 | गै0म0 | रास्ता | 0.015 | गैरमजरूआ आम | | | | | | | | |
| 2 | 403 | 4235 | रैयती | मकान | 0.03 | गजाधर कुम्हार वगै0 | | | | | | | | |
| 3 | 403 | 4235 | रैयती | टांड़ | 0.0125 | रामरतन सिंह पिता – माधु सिंह | | | | | | | | |
| 4 | 403 | 4235 | रैयती | टांड़ | 0.0125 | राजेन्द्र सिंह | | | | | | | मकान 2 | |
| 5 | 403 | 4233 | रैयती | टांड़ | 0.03 | मोगल रौतिया पिता – पुरन रौतिया | | | | | | | | |
| 6 | 403 | 4240 | रैयती | मकान/सहन | 0.005 | गजाधर कुम्हार वगै0 | | | | | | | मकान | |
| 7 | 2 | 5552 | रैयती | – | 0.02 | मीना देवी पति – गोवर्धन सिंह | | | | | | | | |
| 8 | 1 | 4247 | रैयती | टांड़ | 0.01 | नन्दलाल कुम्हार | | | | | | | | |
| 9 | 1 | 4245 | रैयती | टांड़ | 0.05 | नवचन्द्र सिंह पिता – कृपाल सिंह | | | | | | | | |
| 10 | 203 | 4242 | रैयती | टांड़ | 0.03 | निर्मल उरांव पिता – गोईन्दा उरांव | | | | | | | मकान 2 | |
| 11 | 1 | 4265 | रैयती | टांड़ | 0.01 | दुपा तेली पिता – मंगरु तेली | | | | | | | मंदिर का घेरा | |
| 12 | 215 | 4213 | रैयती | टांड़ | 0.015 | मोगल सिंह वगै0 | | | | | | | मकान | |
| 13 | 224 | 4223 | रैयती | टांड़ | 0.005 | जरमन रौतिया पिता – कंचन रौतिया | | | | | | | खपरैल मकान | |
| 14 | 215 | 4224 | रैयती | – | 0.01 | मोगल सिंह वगै0 | | | | | | | खपरैल मकान | |
| 15 | 215 | 4225 | रैयती | मकान/सहन | 0.015 | मोगल सिंह वगै0 | | | | | | | | |
| 16 | 204 | 4218 | रैयती | मकान/सहन | 0.025 | जरमन रौतिया वगै0 | | | | | | | खपरैल मकान | |
| 17 | 204 | 4217 | रैयती | टांड़ | 0.005 | जरमन रौतिया वगै0 | | | | | | | | |
| 18 | 371 | 4267 | रैयती | टांड़ | 0.03 | रामप्रताप सिंह पिता – भोकरा सिंह | | | | | | | | |
| 19 | 204 | 4219 | रैयती | टांड़ | 0.03 | जरमन रौतिया पिता – कंचन रौतिया | | | | | | | | |
| 20 | 258 | 4276 | रैयती | टांड़ | 0.03 | दलु भोगता वगै0 | | | | | | | खपरैल मकान | |
| 21 | 7 | 4277 | रैयती | मकान | 0.03 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | G.I सीट का मकान | |
| 22 | 225 | 4170 | रैयती | टांड़ | 0.01 | लोंदी देवी जौजे सोमारु | | | | | | | | |
| 23 | 225 | 4168 | रैयती | टांड़ | 0.02 | फिरु लोहार वगै0 | | | | | | | | |
| 24 | 225 | 4167 | रैयती | टांड़ | 0.02 | फिरु लोहार वगै0 | | | | | | | | |
| 25 | 225 | 4164 | रैयती | टांड | 0.01 | जगन्नाथ रौतिया पिता – सीटु रौतिया | | | | | | | | |
| 26 | 225 | 4163 | रैयती | टांड | 0.012 | जगन्नाथ रौतिया पिता – सीटु रौतिया | | | | | | | | |
| 27 | 225 | 4163 | रैयती | टांड़ | 0.008 | ललिता देवी | | | | | | | एस्बेस्टस मकान | |
| 28 | 225 | 4161 | रैयती | टांड़ | 0.005 | जगन्नाथ रौतिया पिता – सीटु रौतिया | | | | | | | | |
| 29 | 3 | 4160 | रैयती | टांड़ | 0.03 | कोन्दा सिंह पिता – मोहर सिंह | | | | | | | | |
| 30 | 289 | 4159 | रैयती | टांड़ | 0.03 | भोकरो रौतिया | | | | | | | | |
| 31 | 225 | 4155 | रैयती | टांड़ | 0.09 | फिरु लोहार वगै0 | | | | | | | मकान + छज्जा | |
| 32 | 3 | 4150 | रैयती | टांड़ | 0.0650 | मनबोधना साहु पिता – मनी साहु | | | | | | | खपरैल मकान | |
| 33 | 3 | 4150 | रैयती | टांड़ | 0.0250 | दुपा तेली पिता – मंगरु तेली | | | | | | | | |
| 34 | 7 | 4286 | रैयती | टांड़ | 0.03 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 35 | 274 | 4287 | रैयती | टांड़ | 0.03 | बहुरा चीक वगै0 | | | | | | | घेरा + मकान | |
| 36 | 132 | 4291 | रैयती | टांड़ | 0.02 | बहुरा चीक वगै0 | | | | | | | | |
| 37 | 132 | 4292 | रैयती | टांड | 0.06 | बहुरा चीक वगै0 | | | | | | | | |
| 38 | 3 | 4293 | रैयती | टांड़ | 0.02 | जतरु साहु पिता – जीतु साहु | | | | | | | | |
| 39 | 132 | 4314 | रैयती | टांड़ | 0.045 | बहुरा चीक वगै0 | | | | | | | | |
| 40 | 360 | 4315 | रैयती | टांड़ | 0.06 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 41 | 378 | 4316 | रैयती | टांड़ | 0.065 | लाखो उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 42 | 314 | 4317 | रैयती | टांड़ | 0.02 | पतरस उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 43 | 314 | 4318 | रैयती | टांड़ | 0.025 | पतरस उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 44 | 7 | 4319 | रैयती | टांड़ | 0.03 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 45 | 1 | 4133 | रैयती | टांड़ | 0.15 | मालती देवी पति – कलिन्द्र साहु | | | | | | | | |
| 46 | 1 | 4133 | रैयती | टांड़ | 0.015 | त्रिभुवन साहु | | | | | | | | |
| 47 | 1 | 4133 | रैयती | टांड़ | 0.025 | लक्ष्मण साहु | | | | | | | | |
| 48 | 1 | 4132 | रैयती | टांड़ | 0.08 | बालमुकुन्द सिंह पिता – देवधारी सिंह | | | | | | | | |
| 49 | 1 | 4131 | रैयती | टांड़ | 0.085 | बालमुकुन्द सिंह पिता – देवधारी सिंह | | | | | | | | |
| 50 | 7 | 1190 | रैयती | टांड़ | 0.04 | भूपनाथ भोगता | | | | | | | | |
| 51 | 258 | 1189 | रैयती | टांड़ | 0.005 | विजय सोरेंग पिता – वृष सोरेंग | | | | | | | | |
| 52 | 258 | 1189 | रैयती | टांड़ | 0.10 | दलू भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 53 | 98 | 1188 | रैयती | टांड़ | 0.08 | चुन्दा उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 54 | 397 | 1186 | रैयती | टांड़ | 0.07 | दयाल उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 55 | 313 | 1167 | रैयती | टांड़ | 0.05 | पतरस उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 56 | 376 | 1166 | रैयती | टांड़ | 0.04 | मनसिद्ध उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 57 | 376 | 1165 | रैयती | टांड़ | 0.075 | मनसिद्ध उरांव वगै0 | | | | | | | ईट जोड़ाई + एस्बेस्टस मकान | |
| 58 | 360 | 1164 | रैयती | टांड़ | 0.03 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 59 | 360 | 1163 | रैयती | टांड़ | 0.02 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 60 | 462 | 1162 | गैरमजरुआ | परती पत्थर | 0.01 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| 61 | 7 | 953 | रैयती | दोन | 0.04 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 62 | 7 | 954 | रैयती | दोन | 0.01 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 63 | 335 | 812/9393 | रैयती | टांड़ | 0.06 | मेघनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 64 | 98 | 811 | रैयती | टांड़ | 0.12 | चुन्दा उरांव वगै0 वल्द पडरु उरांव | | | | | | | | |
| 65 | 98 | 810 | रैयती | टांड़ | 0.21 | चुन्दा उरांव वगै0 वल्द पडरु उरांव | | | | | | | | |
| 66 | 335 | 809 | रैयती | टांड़ | 0.24 | मेघनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 67 | 462 | 808 | रैयती | परती पत्थल | 0.095 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| 68 | 267 | 800 | रैयती | टांड़ | 0.22 | बैजनाथ गोंड़ वगै0 | | | | | | | | |
| 69 | 335 | 812 | रैयती | टांड़ | 0.26 | मेघनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 70 | 360 | 847 | रैयती | टांड़ | 0.05 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 71 | 7 | 956 | रैयती | दोन | 0.03 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 72 | 376 | 1019 | रैयती | टांड़ | 0.03 | मनसिद्ध उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 73 | 376 | 1021 | रैयती | दोन | 0.03 | मनसिद्ध उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 74 | 376 | 1023 | रैयती | दोन | 0.005 | मनसिद्ध उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 75 | 463 | 1025 | गैरमजरुआ | गैरमजरुआ मालिक | 0.03 | | | | | | | | | |
| 76 | 360 | 1024 | रैयती | टांड़ | 0.005 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 77 | 360 | 1068 | रैयती | टांड़ | 0.07 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 78 | 360 | 1067 | रैयती | टांड़ | 0.02 | जुनास उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 79 | 397 | 1066 | रैयती | टांड़ | 0.03 | दयाल उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 80 | 177 | 1069 | रैयती | टांड़ | 0.07 | रामदेव अहीर | | | | | | | | |
| 81 | 177 | 1160 | गै0म0 | – | 0.055 | गैरमजरुआ | | | | | | | | |
| 82 | 177 | 1159 | रैयती | टांड़ | 0.02 | दुखधारी चीक वगैरह पे0 माकड़ चीक | | | | | | | | |
| 83 | 177 | 1158 | रैयती | टांड़ | 0.045 | दुखधारी चीक वगैरह पे0 माकड़ चीक | | | | | | | | |
| 84 | 177 | 1157 | रैयती | टांड़ | 0.03 | दुखधारी चीक वगैरह पे0 माकड़ चीक | | | | | | | | |
| 85 | 177 | 1156 | रैयती | टांड़ | 0.09 | दुखधारी चीक वगैरह पे0 माकड़ चीक | | | | | | | | |
| 86 | 462 | 1152 | गै0म0 | – | 0.01 | गैरमजरुआ | | | | | | | | |
| 87 | 7 | 1151 | रैयती | टांड़ | 0.07 | अघनु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| 88 | 462 | 845 | गैरमजरुआ खास | गैरमजरुआ खास | 0.46 | गैरमजरुआ | | | | | | | | |
| 89 | 462 | 955 | गैरमजरुआ खास | गैरमजरुआ खास | 1.01 | गैरमजरुआ | | | | | | | | |
| 90 | 215 | 4227 | रैयती | टांड़ | 0.03 | मंगल रौतिया | | | | | | | | |
| 91 | 362 | 4269 | रैयती | टांड़ | 0.03 | बहुरा चीक वगै0 | | | | | | | | |
| 92 | 258 | 4276/9409 | रैयती | मकान/सहन | 0.01 | दलु भोगता वगै0 | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 5.51 | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा – 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अनेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपतियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 350220 (Simdega) 25-26 (D)

उपायुक्त
सिमडेगा।

# 14 लाख रुपये की ठगी के आरोप में गुजरात से दो साइबर ठग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर पुलिस ने गुजरात से दो साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने डिजिटल अरेस्ट की आड़ में ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गीतांजलि दाश से 14 लाख रुपये की ठगी की थी। वे गुजरात के भावनगर जिले के बी जेनिल जयसुखभाई (23) और विश्वजीत सिंह गोहिल (21) हैं। पुलिस ने दोनों के पास से साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किये गये मोबाइल फोन और कई सिम कार्ड जब्त किये हैं।

गौरतलब है कि 14 फरवरी को ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गीतांजलि दाश को एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआइ अधिकारी बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट भी भेजा, जिसमें कुलपति को सूचित किया गया कि आपका नाम 6 करोड़ रुपये के अवैध वित्तीय लेनदेन में शामिल है।

साइबर अपराधियों ने ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गीतांजलि दाश को 8 दिनों के लिए डिजिटल अरेस्ट बना लिया था। डर के मारे कुलपति ने साइबर जालसाज को 14 लाख रुपये भेज दिये।

इस संबंध में ब्रह्मपुर साइबर एवं आर्थिक अपराध थाने में मामला दर्ज किया गया था। ब्रह्मपुर के एसपी डॉ सर्वणा विवेक एम ने बताया कि जांच के बाद पता चला कि उपरोक्त दो साइबर ठगों ने खुद को सीबीआइ अधिकारी बताकर कुलपति को धोखाधड़ी की है। पुलिस की एक टीम गुजरात गयी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# भुवनेश्वर में 18 अप्रैल तक काल बैसाखी बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** काल बैसाखी के प्रभाव में हुई बारिश ने गर्मी से राहत मिली है। राज्य के विभिन्न भागों में दिन के तापमान में गिरावट आई है। शनिवार को काल बैसाखी के दौरान भुवनेश्वर में ओलावृष्टि हुई। काल बैसाखी की बारिश के कारण अधिकांश स्थानों पर तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट आयी है। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 3 दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट का अनुमान लगाया है। अगले 24 घंटों में उत्तर तटीय ओडिशा के सात जिलों और अन्य जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम धरण के वर्षा होने की संभावना है। 4 जिलों भद्रक, जाजपुर, केंद्रापड़ा और जगतसिंहपुर के लिए गरज के साथ बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र ने 8 जिलों के लिए आंधी-तूफान के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। कल भी राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। आठ जिलों में आंधी-तूफान और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की पीली चेतावनी जारी की गयी है। यह स्थिति 18 तारीख तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने 18 तक काल बैसाखी के प्रभाव के कारण बारिश के साथ तापमान में गिरावट की संभावना जतायी है।




































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**